सूर्योदय 6:29 सूर्यास्त 6:30

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 16.0 अधि |
| धर्मशाला | 6.5 न्यू | 25.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73828.91 |
| निफ्टी | 22397.20 |
| सोना 87,980 | चांदी 1,02,268 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



सचिन का 13 साल बाद भी नहीं टूट पाया शतकों के शतक का रिकॉर्ड

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 17 मार्च 2025 | 4 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 77, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल की जमानत पर ईडी की याचिका पर सुनवाई आज



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट आबकारी नीति से जुड़े कथित धनशोधन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। यह याचिका न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। इससे पहले जांच एजेंसी के वकील की ओर से अनुरोध किए जाने पर अदालत ने सुनवाई स्थगित कर दी थी।

### आधार और वोटर आईडी लिंक मुद्दे पर बैठक कल

**नई दिल्ली।** वोटर आईडी डाटा में गड़बड़ी के आरोप के चलते चुनाव आयोग ने 18 मार्च को अहम बैठक बुलाई है। इसमें वोटर आईडी को आधार से लिंक करने पर चर्चा की जाएगी। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, यूआईडीएआई के सीईओ और लेजिसलेटिव सेक्रेटरी शामिल होंगे। वर्तमान में वोटर आईडी और आधार लिंक करना ऑप्शनल (वैकल्पिक) है। सरकार ने संसद में स्पष्ट किया है कि अगर कोई मतदाता अपने वोटर कार्ड को आधार से लिंक नहीं करता है, तो भी उसका नाम मतदाता सूची से नहीं हटेगा। दिसंबर, 2021 में लोकसभा ने चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक पारित किया था, जिसमें वोटर आईडी को आधार से जोड़ने की सिफारिश की थी।

### जालंधर में यूट्यूबर के घर पर ग्रेनेड से हमला

**चंडीगढ़।** अमृतसर के मंदिर में ग्रेनेड हमले के दूसरे दिन रविवार को जालंधर में यूट्यूबर के घर पर ग्रेनेड हमला हुआ है। पाकिस्तानी डॉन के गैंग के नाम से एक वीडियो संदेश में इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले की वजह मुस्लिम समुदाय पर अपमानजनक टिप्पणी करना बताया है। जालंधर के रायपुर रसूलपुर में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले एक यूट्यूबर के घर पर रविवार सुबह करीब 4 बजे ग्रेनेड से हमला हुआ। ग्रेनेड की पिन निकली हुई थी, लेकिन ग्रेनेड नहीं फटा है।

### सुप्रीम कोर्ट में लोकपाल के आदेश पर सुनवाई कल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 18 मार्च को लोकपाल के उस आदेश पर सुनवाई करेगा, जिसमें मौजूदा हाईकोर्ट जजों के खिलाफ शिकायतों को स्वीकार करने की बात कही थी। इससे पहले, 20 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगा दी थी। इसे न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया था। यह मामला तीन जजों की बेंच न्यायमूर्ति बीआर गवई, सूर्यकांत और अभय एस. ओका के समक्ष रखा जाएगा। यह मामला एक मौजूदा हाईकोर्ट के अतिरिक्त जज के खिलाफ दो शिकायतों से जुड़ा है।

# सुक्खू आज पेश करेंगे बजट खुलेगा नौकरियों का पिटारा

## शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर रहेगा फोकस

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू बतौर वित्त मंत्री सोमवार को तीसरा बजट पेश करेंगे। वह 60 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश कर सकते हैं। बजट में नौकरियों का पिटारा खुल सकता है, क्योंकि बेरोजगारी का आंकड़ा बढ़ रहा है, करीब 8 लाख से ज्यादा बेरोजगार सरकारी दफ्तर में पंजीकृत हैं। 10 से 12 लाख के बीच युवा नौकरी की तलाश में हैं।

युवा वर्ग की नाराजगी से बचने के लिए बजट में 25 से 30 हजार नौकरियां की घोषणा हो सकती है। कांग्रेस पार्टी ने चुनाव से पूर्व अपनी गारंटी में रोजगार देने की बात कही थी, कमजोर आर्थिक अर्थव्यवस्था से रोजगार देने में दिक्कतें आई हैं। युवा वर्ग का विरोध और विपक्षी पार्टी के भारी दबाव से इस बजट में युवाओं के लिए कई घोषणाएं हो सकती हैं। वहीं, पशुपालकों के लिए नई घोषणाओं के तौर पर सब्सिडी पर ऐलान हो सकता है। पशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए कदम उठाए जा सकते हैं। वहीं, दूध खरीद या बिक्री पर भी बड़ी घोषणा हो सकती है, जो कांग्रेस सरकार की गारंटी में शामिल है। (अनंत ज्ञान)



बजट प्रस्तावों को अंतिम रूप देते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### कर्मचारियों को मिल सकता है बड़ा तोहफा

**सीएम** सुक्खू बजट में कर्मचारियों के लिए बड़ा तोहफा दे सकते हैं। महंगाई भत्ते में चार फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है। ओपीएस पहले लागू हो चुकी है, अब इस पर कुछ अन्य घोषणाएं होने की संभावना है। कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने पर विचार हो सकता है। वेतन आयोग की सिफारिशें लागू हो सकती हैं। रिटायरमेंट की उम्र में बदलाव हो सकता है, जो कर्मचारियों के लिए बड़ी सौगात होगी। वहीं, खेल क्षेत्र में खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की जा सकती है। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधा प्रदान करने के लिए भी बजट में प्रावधान किए जाने की संभावना है। कुल मिलाकर सोमवार को पेश होने वाला बजट सुक्खू सरकार के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। यह बजट सुक्खू सरकार के लिए अग्निपरीक्षा है, जो कांग्रेस सरकार के ढाई साल के कार्यकाल की दशा व दिशा तय करेगा।

### बागवानी क्षेत्र के लिए हो सकती है बड़ी घोषणा

**बजट** में शिक्षा क्षेत्र पर फोकस रहेगा। बजट में लगभग 9.5560 करोड़ रुपए की घोषणा हो सकती है। वहीं, बागवानी क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर भी फोकस रहेगा। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी आसान हो सकती है। सेब बागवानी के कायाकल्प को 500 करोड़ की समर्पित परियोजना तैयार करने पर विचार हो सकता है। यह परियोजना अगले कुछ साल तक जारी रहेगी, जो किसानों की आय को बढ़ाएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगी। वहीं, कृषि क्षेत्र के विस्तार को प्राकृतिक खेती पर भी काम हो रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी हो सकती है, किसानों को प्रशिक्षण और नई तकनीक सहायता प्रदान करने की योजना बन सकती है। किसानों को अपनी उपज के लिए बेहतर बाजार पहुंच प्रदान करने के लिए नए-नए कदम उठाए जा सकते हैं। आधुनिक कृषि तकनीक और उपकरणों के लिए सब्सिडी प्रदान की जा सकती है। सिंचाई सुविधाओं में सुधार के साथ कृषि भंडारण सुविधाओं और कृषि क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा सकता है।

## बोर्ड एग्जाम सिस्टम में परिवर्तन, परीक्षार्थियों को मेरिट में मिलेगा फायदा

# आंसर शीट्स जांचने में पहली मर्तबा 'स्टेप वाइज मार्किंग'

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**हिमाचल** स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षार्थियों के लिए इस बार से पहली मर्तबा 'स्टेप वाइज मार्किंग' की सुविधा की व्यवस्था की है। इसमें पेपर मार्किंग के दौरान परीक्षार्थी का सवाल जहां तक ठीक होगा, उसके मार्क्स एग्जामिनर की ओर से दिए जाएंगे। उत्तर चाहे अंत में गलत हो, लेकिन जहां तक ठीक होगा, उसके भी नंबर दिए जाएंगे।

स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव विशाल शर्मा ने 'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत में कई चीजें बताईं। उन्होंने बताया कि एमसीसी के 20 मार्क्स तो मिलेंगे ही, लेकिन मुख्य रूप से मैथ के पेपर में परीक्षार्थियों को स्टेप वाइज मार्किंग का अच्छा खासा फायदा होने वाला है। इसकी डिमांड लंबे समय से की जा रही थी।

अब किसी प्रश्न को हल करते-करते अंत में यदि परीक्षार्थी सफल नहीं हुआ, तो जितना प्रश्न उसने अलग-अलग स्टेजों में ठीक हल किया है, उसके मार्क्स एग्जामिनर की ओर से दिए जाएंगे। इसकी व्यवस्था कर दी गई है। पहले ऐसा नहीं था। सवाल का उत्तर गलत निकला, तो सारे नंबर कट जाते थे, लेकिन मगर इस बार ऐसा नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### 10,000 अध्यापकों को दी है ट्रेनिंग

**प्रदेश** में करीब 10,000 अध्यापकों को ट्रेनिंग दी गई है। पेपर मार्किंग ही नहीं, परीक्षा से जुड़े हुए कई मामलों पर ट्रेंड करके इस बार उसका फायदा एग्जाम सिस्टम में लिया जा रहा है। परीक्षार्थी को हर एक प्रश्न में हरेक स्टेप के मार्क्स दिए जाएंगे। ओवरऑल रिजल्ट भी बढ़िया आने की उम्मीद है।

### ई-सैलरी, ई-पेंशन की सुविधा लागू करने वाला पहला बोर्ड

**सचिव** विशाल का कहना है कि प्रदेश में जितने भी बोर्ड या निगम हैं, उनमें शिक्षा बोर्ड ऐसा पहला बोर्ड है, जिसने ई-सैलरी और ई-पेंशन की सुविधा लागू की है। इसका फायदा पेंशनर्स को भी मिल रहा है और मौजूदा कर्मचारियों को भी। हर चीज आसानी से उन्हें उपलब्ध हो रही है। कोशिश है कि इस बोर्ड को सीबीएसई और आईसीएसई स्तर पर खड़ा करने में अब ज्यादा वक्त नहीं लगेगा।

### डिजिलॉकर की सुविधा

डिजिलॉकर ऐप पर एग्जाम आउट होते ही अपलोड की रिजल्ट शीट

**सचिव** विशाल शर्मा ने बताया कि बोर्ड ने ऐसी व्यवस्था कर दी है, जिसमें जिस दिन रिजल्ट निकलेगा, अब उसी दिन से परीक्षार्थी के रिजल्ट के साथ 'डिजिलॉकर ऐप' पर उसकी मार्क्स शीट भी अपलोड कर दी जाएगी और वह उसे डाउनलोड कर लेगा।

### एग्जाम सेंटर्स के लिए भी कई बदलाव

**एग्जाम** सेंटर्स के लिए कई तरह के बदलाव किए हैं, जिसमें नकल और उससे जुड़ी हुई किसी भी तरह की कोई गुंजाइश नहीं है। चंबा में पेपर लीक का जो मामला पकड़ा गया, यह उसी का नतीजा है। जिस ऐप को इस बार परीक्षाओं के दौरान शुरू किया है, उसमें बहुत सारी बातें क्लेरिटी के साथ हैं। पेपर खोलने से लेकर, उसे अंतिम समय तक आंसर शीट्स के साथ बंद करने तक, कई चीजें इसी ऐप के माध्यम से की जा रही हैं। सेंटर के को-ऑर्डिनेटर और सुपरिंटेंडेंट ने यदि कोई गलती कर दी, तो वह ऐप पर स्पष्ट तौर पर आ जाएगी, उसे छिपाया नहीं जा सकता। एनवेलप पर भी सीरियल नंबर 'होलोग्राम' बोर्ड ने लगा रखे हैं, ताकि किसी तरह की कोई गड़बड़ी न हो पाए।

## स्पेस स्टेशन पहुंचा नासा का क्रू-10

### धरती से आए साथियों को देख झूम उठे सुनीता व बुच विल्मोर



**वॉशिंगटन।** नासा और स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गया है। फैल्कन 9 रॉकेट में गए इस मिशन के चारों सदस्य अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच गए हैं। डॉकिंग और हैच खुलने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों ने क्रू-9 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों से मुलाकात की। धरती से आए अपने साथियों को देखकर सुनीता और बुच विल्मोर खुशी से झूम उठे। नासा के मुताबिक, बुधवार को नौ महीने से अंतरिक्ष में फंसे सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर धरती के लिए रवाना होंगे।

## पाक ने शांति के हर प्रयास का जवाब शत्रुता व विश्वासघात से दिया : मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत की तरफ से शांति के हर प्रयास का जवाब पाकिस्तान ने शत्रुता और विश्वासघात से दिया है। पीएम ने उम्मीद जताई कि पाकिस्तान को सद्बुद्धि आएगी और वह शांति का मार्ग अपनाएगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय वैदिक संतों और स्वामी विवेकानंद ने जो कुछ भी सिखाया है, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी वही सिखाता है। मैंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान को आमंत्रित किया था। पीएम ने कहा कि उनका मानना है कि पाकिस्तान के लोग भी शांति चाहते हैं, क्योंकि वे भी संघर्ष, अशांति और निरंतर आतंक में रहते हुए थक गए होंगे, जहां मासूम बच्चे भी मारे जाते हैं और अनगिनत जिंदगियां बर्बाद हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने का उनका पहला प्रयास सद्भावना का संकेत था। उन्होंने कहा कि यह कूटनीतिक कदम था, जो दशकों में नहीं देखा गया, जिन लोगों ने कभी विदेश नीति के प्रति मेरे दृष्टिकोण पर सवाल उठाया था, वे उस समय अचंभित रह गए, जब उन्हें पता चला कि मैंने दक्षेस देशों के सभी राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित किया और हमारे तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने अपने संस्मरण में उस ऐतिहासिक भाव को खूबसूरती से कैद किया है।

### अमृतपाल के सात साथी डिब्रूगढ़ जेल से लाए जाएंगे पंजाब

**चंडीगढ़।** देशद्रोह के आरोप में असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तानी कट्टरपंथी अमृतपाल के सात साथियों पर लगा राष्ट्रीय सुरक्षा कानून हटाया जाएगा और इन्हें सामान्य कैदी की तरह पंजाब की जेल में शिफ्ट किया जाएगा। सोमवार से पंजाब सरकार इन कट्टरपंथियों को पंजाब वापस लाने की प्रक्रिया शुरू करेगी। कट्टरपंथी संगठन 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख और खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह के सात साथियों पर पंजाब सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून जारी रखने से इनकार कर दिया है। अमृतपाल सिंह अभी डिब्रूगढ़ जेल में ही रहेंगे, क्योंकि 22 मार्च को सुनवाई होनी है।

## हिमाचल की चोटियों पर बर्फबारी, बढ़ी ठंड

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** की चोटियों पर रविवार को भी बर्फबारी का दौर जारी रहा। बर्फबारी से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। राज्य में येलो अलर्ट के बीच लाहौल-स्पीति, कुल्लू, किन्नौर, चंबा, सिरमौर में पहाड़ों पर बर्फबारी और कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई है।

जलोड़ी जोत पर बर्फबारी से एनएच 305 आनी-कुल्लू बंद हो गया है। वहीं, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, चंबा, किन्नौर में हिमखंड गिरने का अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र ने सोमवार से मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान जताया है। लाहौल में 104 से अधिक सड़कें व 32 ट्रांसफार्मर बंद हैं। किन्नौर जिले के ऊपरी इलाकों में हल्का हिमपात और निचले इलाके में बारिश का क्रम जारी है। छितुकल, रक्षम, नेसंग, हांगो, चुलिंग, रोपा, सुमरा, शलखर में 10 सेंटीमीटर तक हिमपात हुआ है। जनजातीय क्षेत्र लाहौल-स्पीति में शनिवार देर रात बर्फबारी हुई है, जबकि कुल्लू में झमाझम बारिश हुई है। लाहौल-स्पीति में दो फुट से अधिक हिमपात हुआ है।




## फिर दहला पाकिस्तान: सेना के काफिले पर हमला, 5 की मौत

### बलूच लिबरेशन आर्मी ने किया 90 पाक सैनिकों की मौत का दावा

एजेंसी, क्वेटा



**पाकिस्तान** में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के विद्रोहियों ने एक बार फिर आतंकी हमले को अंजाम दिया है। क्वेटा के ताफ्तान जा रहे सेना के काफिले पर आतंकी हमला हुआ। इस हमले में पांच सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 12 से अधिक घायल हुए हैं।

बीएलए ने 90 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत का दावा किया है। बलूच लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। यह हमला क्वेटा से दूर नोशकी में हुआ। वहीं, चार आतंकवादी भी मारे गए हैं। वहीं, सेना ने इलाके में हेलिकॉप्टर और ड्रोन तैनात कर दिए हैं। सेना का काफिला ताफ्तान जा रहा था। काफिले में सेना की सात बसें और दो अन्य वाहन थे। आईईडी से लदे वाहन को काफिले की एक बस से टक्कर मार दी। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुग्ती ने हमले की निंदा की है।

## लश्कर-ए-तैयबा के मोस्टवांटेड आतंकी अबू कताल की हत्या

### जेएंडके में तीर्थयात्रियों की बस पर करवाया था हमला

एजेंसी, इस्लामाबाद



आतंकी हाफिज सईद का था करीबी

**पाकिस्तान** लश्कर-ए-तैयबा का मोस्टवांटेड आतंकी अबू कताल शनिवार रात पाकिस्तान में मारा गया। पंजाब जिले में अज्ञात हमलावरों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी।

अबू कताल 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का करीबी था। कताल लश्कर-ए-तैयबा का अहम सदस्य था और जम्मू-कश्मीर में कई हमलों की साजिश रचने के लिए जाना जाता था। पिछले साल 9 जून को जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिवखोड़ी मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों की बस पर हमले में भी कताल का हाथ था, जिसमें 10 लोगों की जान गई थी।

सोशल मीडिया यूजर्स ने लिखा कि कताल अपनी कार से झेलम इलाके से गुजर रहा था, तो बाइकसवारों ने कार पर फायर किए, जिसमें उसकी मौत हो गई। कार में मौजूद हाफिज सईद घायल हुआ था, बाद में उसकी भी जान चली गई। हालांकि, इन दावों का खंडन कर दिया गया है।

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- दियोटसिद्ध में 67 लाख चढ़ा चढ़ावा, 60 हजार भक्तों ने किए दर्शन -पेज 2
- नशे की लत से जूझ रहे लोगों का होगा इलाज -पेज 3
- दुविधा और संकट के दौर से गुजर रहा हिमाचल: जयराम -पेज 9
- ड्रग माफियाओं पर कोई रहम नहीं : अमित शाह -पेज 13
- न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में पाकिस्तान को नौ विकेट से हराया -पेज 14

गुड न्यूज | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट निर्माण की कंपनी ने अधिकतर औपचारिकताएं की पूरीं, 2.4 किलोमीटर तक बनेगा रोपवे

# बिजली महादेव रोपवे का सपना जल्द होगा साकार

कमलेश वर्मा, कुल्लू



अनंत ज्ञान स्पैशल

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का बिजली महादेव रोपवे निर्माण का सपना (ड्रीम प्रोजेक्ट) जल्द ही साकार होने जा रहा है। इस रोपवे के बनने से पर्यटक कुछ मिनटों में ही बिजली महादेव मंदिर पहुंच जाएंगे। रोपवे के बनने से रोजगार और पर्यटन कारोबार को पंख लगेंगे। इस रोपवे पर लगभग 283 करोड़ खर्च होंगे। रोपवे बनाने वाली कंपनी ने अधिकतर औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं और कुछ औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है।

रोपवे निर्माण एजेंसी ने एफसीए क्लीयरेंस लेने के साथ-साथ अब प्रोजेक्ट निर्माण की जद में आने वाले पेड़-पौधों की कीमत सहित अन्य देय राशि भी सरकार के पास जमा करवा दी है। अब फाइनल अप्रूवल मिलते ही काम शुरू हो जाएगा। रोपवे निर्माण एजेंसी नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड ने पेड़-पौधों सहित अन्य देय 5 करोड़ रुपए की राशि जमा करवाई है। पेड़-पौधों की ही कीमत 4 करोड़ 10 लाख 15 हजार रुपए है। इसके अलावा एनपीबी की वेल्यू के धन को भी ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर दी है। लिहाजा, बिजली महादेव रोपवे निर्माण का रास्ता अब साफ हो गया है। (अनंत ज्ञान)

### कंपनी ने कुल्लू में डाला डेरा

**बिजली** महादेव रोपवे का निर्माण करने वाली कंपनी ने कुल्लू में डेरा डाल दिया है। रोपवे निर्माण एजेंसी ने ब्यास नदी के तट मौहल में निर्माण से संबंधित मशीनरी भी पहुंचा दी है। अब कार्य शुरू करने की तैयारी चल रही है। इस रोपवे का बेस मौहल के पास होगा और यहां से बिजली महादेव की पहाड़ी के लिए रोपवे लगेगा।

### वर्ष 2000 में बिजली महादेव आए थे मोदी




**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने पहली बार बिजली महादेव का दौरा तब किया था, जब वह प्रदेश भाजपा के प्रभारी थे। उन्होंने चार जून, 2000 को बिजली महादेव मंदिर में माथा टेका था। पांच नवंबर, 2017 को वह कुल्लू आए थे। इस दौरान जनसभा में बिजली महादेव रोपवे निर्माण का जिक्र किया था। 283 करोड़ की बिजली महादेव रोपवे परियोजना का केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पांच मार्च, 2024 को वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया था। लिहाजा, बिजली महादेव मंदिर के लिए रोपवे बनाने का मोदी का सपना जल्द पूरा होने वाला है।

**बिजली** महादेव रोपवे निर्माण करने वाली कंपनी ने रोपवे की जद में आने वाले पेड़-पौधों सहित अन्य देय 4 करोड़ 75 लाख रुपए के करीब धनराशि सरकार के पास जमा करवा दी है। कुछ औपचारिकताएं शेष बची हैं, उन्हें भी कंपनी पूरी कर रही है। फाइनल अप्रूवल मिलते ही कंपनी निर्माण कार्य शुरू करेगी।

**एंजल चौहान, डीएफओ कुल्लू वन मंडल**

**बिजली** महादेव रोपवे के निर्माण से पर्यटन कारोबार बढ़ेगा। स्थानीय लोगों की भी आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। राज्य सरकार प्रदेश में विश्व स्तरीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हमेशा से प्रयासरत है।

**- सुंदर सिंह ठाकुर, विधायक कुल्लू विधानसभा क्षेत्र।**



## न्यूज ब्रीफ

### गौर पूर्णिमा व पुष्प होली महोत्सव का भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) भक्तों द्वारा गौर पूर्णिमा एवं पुष्प होली का भव्य उत्सव यहां अणु शिव मंदिर में बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 300 से अधिक भक्तों ने अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया और श्री चैतन्य महाप्रभु के दिव्य प्राकट्य उत्सव को हर्षोल्लास से मनाया। इस आयोजन का नेतृत्व एचजी सनातन गौर चंद्र प्रभुजी इस्कॉन हमीरपुर के वरिष्ठ भक्त ने किया, जिनकी प्रेरणा और भक्ति ने सभी भक्तों को उत्साहित किया। इस उत्सव में चैतन्य महाप्रभु के भव्य अभिषेक, श्रीकृष्ण कथा और संकीर्तन, नृत्य, एवं भगवान के पावन नामों का सामूहिक जाप आयोजित किया गया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिरस की अद्भुत लहरें गूंज उठीं। एनआईटी हमीरपुर के कई छात्र स्वयंसेवक के रूप में जुड़े और विभिन्न सेवाओं में योगदान दिया।

### हमीरपुर में शराब के ठेकों की नीलामी कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आबकारी दुकानों और यूनिटों को आवंटित करने हेतु 18 मार्च को हमीरपुर के बचत भवन में सुबह साढे ग्यारह बजे नीलामी प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। राज्य कर एवं आबकारी विभाग के उप आयुक्त ने इच्छुक व्यक्तियों से इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। नीलामी के संबंध में अधिक जानकारी के लिए राज्य कर एवं आबकारी विभाग के उप आयुक्त कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### लदरौर सहकारी सभा समिति के चुनाव 16 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत दी लदरौर कृषि सेवा सहकारी सभा समिति डाकघर लदरौर की प्रबंधक कमेटी का चुनाव दिनांक 16 अप्रैल को सभा कार्यालय से होना निश्चित हुआ है। उम्मीदवार 21 मार्च को अपना नमांकन कर सकता है। जगत ठाकुर ने बताया कि उम्मीदवार व ग्रामीण चुनाव संबंधी विस्तृत सूचना सभा कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

### चौरी कृषि सेवा सहकारी सभा का अधिवेशन 20 को

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** सुजानपुर ब्लॉक की द चौरी कृषि सेवा सहकारी सभा का वार्षिक अधिवेशन 20 मार्च को सुबह 11 बजे सभा के कार्यालय परिसर में होगा। इस संबंध में सभा के सचिव कुलदीप चौहान ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन में सभा के पड़ताल पत्र वर्ष 2023-24 पर चर्चा, आय व्यय, लाभांश वितरण और आगामी वर्ष के कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### मैकेनिकल इंजी. के 22 छात्र नामी कंपनियों में चयनित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** प्रदेश के विभिन्न सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के 22 छात्रों का देश की तीन नामी कंपनियों मारुति सुजुकी इंडिया लि., ब्लू स्टार और टीवीएस मोटर्स में चयन हुआ। गत दिनों इन तीनों कंपनियों ने प्रदेश के विभिन्न सरकारी संस्थानों में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के अंतिम वर्ष के छात्रों का साक्षात्कार लिया और अलग अलग पैकेज पर रोजगार की पेशकश की। मारुति सुजुकी ने 4.75 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर 11 छात्रों को, ब्लू स्टार ने 4 लाख के पैकेज पर 4 छात्रों को और टीवीएस मोटरर्स ने 3.8 लाख के पैकेज पर 7 छात्रों को जॉब ऑफर की। ट्रेनिंग और प्लेसमेंट अधिकारी अरविंद कटोच ने बताया कि प्रदेश के सभी सात राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, जहां मैकेनिकल इंजीनियरिंग का कोर्स चल रहा है, के पात्र छात्रों को अपनी प्रतिभा और रुचि के अनुसार नौकरी पाने का मौका मिलता है।

### नेटबॉल प्रतियोगिता की चार टीमों के हुए ट्रॉयल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ द्वारा रविवार को लड़के व लड़कियों को सब जूनियर व सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए प्रदेश की टीम के लिए सिडलिंग स्कूल देहरा (जाहू ) में ट्रॉयल लिया। इसमें आठ जिलों के करीब 150 खिलाड़ियों ने ट्रॉयल में भाग लिया। हिमाचल प्रदेश नेटबॉल संघ के महासचिव अशोक आनंद ने बताया कि यह ट्रॉयल अखिल भारतीय नेटबॉल संघ के पर्यवेक्षक भावना की देखरेख में लिए गया है। इसमें सब जूनियर लड़कियों और लड़कों की टीम का चयन किया गया है। इसी तरह सीनियर वर्ग में लड़कियों और लड़कों की टीम का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि चारों टीमों को 10 दिवसीय प्रशिक्षण कैंप भी सिडलिंग पब्लिक स्कूल देहरा जाहू में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि सब जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता हरियाणा राज्य के श्री बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कलिंगा भिवानी में 27 से 29 मार्च को होगी, जबकि सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में 30 मार्च के 2 अप्रैल को होगी। इस अवसर पर चयन कमेटी के चेयरमैन भूपेंद्र सिंह, सुनील कुमार, राकेश कुमार, दिनेश वर्मा, वंशिका भी उपस्थित रहे।

# दियोटसिद्ध में 67 लाख चढ़ा चढ़ावा

## 13.5 ग्राम गोल्ड, 500 ग्राम चांदी और 6 लाख विदेशी मुद्रा हुई प्राप्त



बाबा बालक नाथ मंदिर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ, (दाएं) मंदिर में चढ़ावे की गिनती किए जाने का दृश्य।

**एसके ठाकुर, बड़सर**



राजेंद्र गौतम



संदीप कुमार

**रविवार को 60 हजार श्रद्धालुओं ने किए गुफा के दर्शन**

उत्तर भारत के विश्व-प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध चैत्र माह के फर्स्ट रविवार को लगभग 60 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके बाबाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। शनिवार को ही श्रद्धालु मंदिर में पहुंचना शुरू हो गए थे। रविवार को श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थीं। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु बड़े ही आदर भाव से गुफा के दर्शन कर रहे थे।

मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा हुआ था। चारों ओर श्रद्धालु बाबा जी के उद्घोष के साथ आगे बढ़ रहे थे। दोपहर 12 बजे तक लगभग 40 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन कर लिए थे। मंदिर प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर वक्त अलर्ट दिखाई दे रहा था।

मंदिर अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम तथा टेंपल ऑफिसर संदीप कुमार खुद श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सके, इसके लिए 24 हॉर्स खुद मॉनिटरिंग कर रहे थे। कंट्रोल रूम में एसडीएम बड़सर एवं मंदिर अध्यक्ष गौतम 31 सीसी फुटेज कैमरों पर पैनी नजर रख रहे थे। खासकर जहां पर मंदिर के चढ़ावे की गिनती होती है, वहां पर लगे सीसी फुटेज पर विशेष ध्यान दे रहे थे।

मंदिर अध्यक्ष राजेंद्र गौतम ने बताया कि रविवार को लगभग 60 हजार के करीब श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन करके बाबा जी का आशीर्वाद लिया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लंगर 24 घंटे खुला रहता है। बुजुर्ग, अपंग, असहाय श्रद्धालुओं के लिए बस अड्डा से लेकर अपर बाजार तक निशुल्क टैक्सी सेवा शुरू की गई है ताकि ऐसे श्रद्धालु बड़े ही आदर भाव से गुफा के दर्शन कर सकें।

# राष्ट्र स्तरीय होली मेले में उमड़ी लोगों की भीड़, लगा 3 किमी लंबा जाम

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**चौगान में एक माह तक चलेगा होली मेला, खरीददारी करने के लिए पहुंच रहे लोग**

राष्ट्र स्तरीय सुजानपुर का होली उत्सव भले ही समाप्त हो गया है, लेकिन मेले में लोगों का आना बदस्तूर जारी है। चार दिनों का होली उत्सव आधिकारिक रूप से समाप्त हो गया है। 12 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित होने वाला राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले में पहाड़ी व बालीवुड के कलाकारों ने लोगों का मनोरंजन किया। इस होली मेले का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने किया था, जबकि इसका समापन प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया।

मेले के समापन के अंतिम दिन बारिश के चलते लोगों का मेला ग्राउंड में आना कम रहा, परंतु रविवार को दिन साफ होने के चलते तथा रविवार की छुट्टी होने के चलते मेला ग्राउंड में भारी भीड़ देखी गई। लोग दूर-दूर से मेले का आनंद लेने के लिए पहुंचे। लोगों ने मेले में खूब खरीददारी की। खाने पीने के स्टॉलों में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। इसके अलावा लगने वाले झूलों का आनंद भी लोगों ने लिया। यहां नहीं सुजानपुर बस स्टैंड से लेकर आलमपुर तक 3 किलोमीटर तक लंबा जाम भी देखने को मिला। सीडीपीओ सुजानपुर कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि मेला के दौरान महिलाओं बच्चों और बुजुर्गों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला झमाकड़ा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नगर परिषद ईओ अजमेर सिंह ठाकुर ने बताया कि सुजानपुर को होली मेला के लिए विशेष रूप से सजाया गया है। जगह-जगह पर सेल्फी प्वाइंट बनाए गए हैं। अटियालों का जीर्णोद्वार किया गया है। शहर में जगह-जगह सुंदर लाइटिंग की गई है। पथ प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त किया गया है।

सुजानपुर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने बताया कि होली मेला सुजानपुर की शान है। इस वर्ष मेला को आकर्षक बनाने के लिए कई नए प्रयोग किए गए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मेला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाए जाने की घोषणा की है, जिसके चलते सुजानपुर शहर की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान होगी।

### सुक्खी और ऋतु पाठक के नाम रही आखिरी सांस्कृतिक संध्या

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर-2025 की आखिरी सांस्कृतिक संध्या पंजाबी गायक सुक्खी और बॉलीवुड गायिका ऋतु पाठक के नाम रही। इस संध्या में विशेषकर सुक्खी का जादू सर चढ़कर बोला और लोगों ने इनके पंजाबी गानों का खूब मजा लिया। सुक्खी ने सांस्कृतिक संध्या में बड़ी संख्या में पहुंचे युवाओं को खूब नचाया। ऋतु पाठक ने भी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। इन स्टार कलाकारों के अलावा विभिन्न जिलों के लोक कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से खूबसूरत रंग भरे।



# हमीरपुर जिले का विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट रविवार से शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**प्रथम स्थान पर रहने वाली टीम को एक लाख रुपए की दी जाएगी राशि**

हमीरपुर जिले की विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरूआत रविवार को एनआईटी हमीरपुर के मैदान और बहुतकनीकी संस्थान बड़ू के मैदान से की गई। इस टूर्नामेंट में सभी विभागों की लगभग 16 टीमें भाग ले रही हैं। एनआईटी में निदेशक एचएम सूर्यवंशी व बहुतकनीकी संस्थान में पूर्व जिला परिषद के सदस्य सुशील सोनी ने क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

एनआईटी हमीरपुर में एसबीआई और पीएनबी बैंक की टीमों के बीच पहला मैच खेला गया, वहीं बहुतकनीकी संस्थान के खेल मैदान में राजस्व विभाग और जल शक्ति विभाग की टीम के बीच खेला गया। एनआईटी में एसबीआई और बहुतकनीकी खेल मैदान में जलशक्ति विभाग की टीम ने यह मैच जीता। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं क्रिकेट टूर्नामेंट के मीडिया प्रभारी सुरेश ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का यह तीसरा सीजन है।

इस प्रतियोगिता में एनआईटी हमीरपुर, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, बिजली बोर्ड, राजस्व विभाग, एडवोकेट, एलआईसी, एसबीआई बैंक, पीएनबी बैंक, स्वास्थ्य विभाग की टीमें भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट को करवाने में एनआईटी के प्रो सुरेंद्र सोनी व व्यवसायी गौरव सोनी का विशेष योगदान है। उन्होंने बताया कि जीतने वाली टीम को एक लाख रुपए और रनरअप टीम को 50 हजार रुपए व तीसरे नंबर पर दो टीमों को 25-25 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

# डिसेंट ड्रेस को लागू करने में जबरदस्ती न की जाए : संघ

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



**शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए आकलन करे विभाग**

हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ जिला हमीरपुर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर में मीटिंग आयोजित की, जिसमें सरकार द्वारा डीसेंट ड्रेस को स्कूल तथा प्रबंधन कमेटी की सहमति से लगाए जाने तथा इसे बिना किसी जबरदस्ती के लागू किए जाने वाले शिक्षा मंत्री के बयान का स्वागत किया तथा शिक्षा क्षेत्र में किए जाने वाले महत्वपूर्ण बदलावों के लिए सरकार को बधाई दी।

संघ का मानना है कि डीसेंट ड्रेस एक अलग बात है तथा ड्रेस कोड एक अलग बात। डीसेंट ड्रेस शब्द को ड्रेस कोड के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है जिससे समूचे प्रदेश में अध्यापक गुमराह हो रहे हैं। बुद्धिजीवियों का मानना है कि ड्रेस कोड लगाने से क्वालिटी एजुकेशन का आपस में दूर दूर तक कोई संबंध नहीं है। बता दें कि हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए प्रपत्र में कहा गया है कि स्कूल मुखिया अपने स्तर पर आपसी सहमति से अध्यापकों के लिए ड्रेस कोड लगवाएं जिससे क्वालिटी एजुकेशन में खासा इजाफा देखने को मिलेगा परंतु किसी के पहनावे का शिक्षा की गुणवत्ता में कैसे कोई संबंध हो सकता है।

विभाग शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए जमीनी स्तर पर एक आकलन करे तथा परीक्षाओं के दौरान जो होता है उस पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जाए तब जाकर गुणवत्ता लाई जा सकती है। संघ का यह भी कहना है कि शिक्षक एक स्कूल में जिस ड्रेस को अपनाएगा कुछ समय के बाद स्थानांतरित होने के पश्चात उसे दूसरे स्कूल में दूसरी ड्रेस बनवानी होगी। यदि वह अध्यापक 20 साल नौकरी करता है तो उसे कितनी बार अपनी ड्रेस बदलनी होगी। अधिकतर स्कूलों के मुखिया ड्रेस कोड के बहाने इसे जबरदस्ती लागू करने की कोशिश कर रहे हैं जो की कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

संघ प्रदेश सरकार से यह आग्रह करता है कि यदि शिक्षकों को डीसेंट ड्रेस की जगह पर यदि ड्रेस कोड लगवाना है तो समूचे प्रदेश में एक ही ड्रेस कोड लगवाया जाए ताकि स्थानांतरण होने पर यह ड्रेस दूसरे स्कूल में भी उसके काम आ सके और ड्रेस एलाउंस भी दिया जाए। संघ शिक्षा विभाग से मांग करता है कि ड्रेस कोड जोकि केवल डिसेंट ड्रेस है, पर पुन: विचार करें और जारी किए गए प्रपत्र को वापस लें।

संघ अध्यक्ष जिला हमीरपुर विकेश कौशल, महासचिव रविंद्र कुमार, वित्त सचिव विपन कुमार, मीडिया सचिव राजेश गौतम, सीनियर वाइस प्रेजिडेंट सुशील चौहान, राकेश चौहान, लक्ष्मीकांत, संजीव बंसल, रजनीश शर्मा तथा गलोड ब्लॉक अध्यक्ष अतुल शर्मा, भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष अनिल बरवाल, हमीरपुर ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार, नादौन ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत कुमार, सुजानपुर ब्लॉक अध्यक्ष मनजीत सिंह व बिझड़ी ब्लॉक अध्यक्ष हंसराज, मुकेश, सुभाष ने मुख्यमंत्री सुक्खू से आग्रह किया है कि कमचारियों की भावनाओं के बारे में सोचें निर्देश जारी करें कि डीसेंट ड्रेस पर किसी प्रकार की जबरदस्ती न की जाए जिससे कर्मचारियों के हितों की रक्षा हो सके। (अनंत ज्ञान)

# संगठित रहने में ही है सबका फायदा : सुरेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिमाचल राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ जिला हमीरपुर की बैठक में मौजूद गणमान्य।

हिमाचल राजकीय सी एंड वी अध्यापक संघ हमीरपुर जिला हमीरपुर की नियमित त्रैमासिक बैठक जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में तथा सभी खंड प्रधान तथा जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई। इसमें रमेश चंद्र भूतपूर्व वरिष्ठ उपप्रधान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान जिला प्रधान सुरेंद्र कुमार ने मुख्यातिथि सहित सभी नऐ सदस्यों को संगठन की पट्टिका गले में डालकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि महोदय ने सभी को एकजुटता का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि संगठित रहने में ही फायदा रहता है।

इस अवसर पर शिक्षा तथा शिक्षार्थी और शिक्षकों से जुड़े अनेक पहलुओं पर चर्चा की गई। जिला प्रधान ने सभी से आह्वान किया कि सी एण्ड वी अध्यापक संघ में किसी भी प्रकार का वर्गवाद नहीं होना चाहिए, क्योंकि अपने अपने विषय के अनुसार सभी की अपनी अपनी समस्याएं हैं तथा अपने अपने विषय की अपनी अपनी महत्ता है, इसलिए सभी का एक समान सम्मान होना चाहिए। संगठन को कमजोर करने वाली किसी भी विचारधारा का डटकर विरोध होना चाहिए। इसलिए हम सभी शिक्षकों को एकजुट रहना चाहिए।

संगठन के पदाधिकारियों ने सरकार व शिक्षा विभाग के शिक्षा में गुणवत्ता को लेकर उठाए जा रहे कदमों की सराहना की तथा विश्वास व्यक्त किया कि इससे बच्चों के शैक्षणिक स्तर में सुधार आएगा तथा इसके साथ निवेदन किया कि प्रारंभिक स्तर से ही बच्चों को विषय बार शिक्षा उपलब्ध करवानी चाहिए ताकि बच्चे प्रारम्भिक काल से ही विषय की जटिलता को समझ सकें।

इसके साथ संगठन ने सरकार व विभाग से अभी हाल ही में शास्त्री / टीजीटी संस्कृत शिक्षकों को लेकर बनाए गए नए आर 0 एण्ड पी0 रूल्ज में संशोधन की मांग करते हुए कहा कि संस्कृत विषय में स्नातक की जगह संस्कृत महाविद्यालयों से शास्त्री की उपाधि लेने वाले अभ्यर्थियों को ही शास्त्री/ टीजी टी संस्कृत के पद पर लगाया जाए। इसके अलावा भी उन्होंने कई अन्य मांगें रखीं।

# विधायक आशीष को कांग्रेस के किसी नेता को कोई प्रमाण देने की जरूरत नहीं : त्रिलोक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**कांग्रेस नेता विवेक कटोच की टिप्पणी पर दिया जवाब**

भाजपा मंडल शहरी प्रवक्ता त्रिलोक डडवाल ने कांग्रेस के नेता विवेक कटोच की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने विधायक आशीष शर्मा पर टिप्पणी की है। त्रिलोक ने कहा कि विवेक कटोच बाकी सब प्रश्न छोड़ें और यह बताएं कि देहरा चुनावों में महिला मंडलों के खातों में कैश फॉर वोट के लिए पैसे डाले हैं या नहीं, क्योंकि सरकार ने तो इस प्रश्न का उत्तर देने में असमर्थता दिखा दी है।

त्रिलोक ने कहा कि कटोच को यह पूछने की जरूरत नहीं है कि विधायक ने निर्दलीय विधायक का पद क्यों छोड़ा, इसका जवाब जनता उपचुनावों में विधायक आशीष शर्मा को दोबारा विधानसभा में पहुंचाकर दे चुकी है। कटोच यह बताएं कि ढाई साल में प्रदेश सरकार ने हमीरपुर के कितने युवाओं को नौकरी दी। नादौन से जिस व्यक्ति को विधानसभा में नौकरी दी, वह कौन है। अपने करीबियों और दोस्तों को यह सरकार पूरा सुख दे रही है और प्रदेश की भोली भाली जनता से सरकार को कोई लेना-देना नहीं है।

विधायक सदर आशीष शर्मा ने अगर विधानसभा में कैश फॉर वोट का मुद्दा अगर उठाया है तो सरकार उस पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे। उन्होंने विवेक कटोच को नसीहत दी है कि अगर उन्हें इतनी ही फिक्र है तो सरकार से कैश फॉर वोट पर उत्तर दिलवाए। डडवाल ने कहा कि युवा और जनता के विधायक आशीष शर्मा हमेशा से अपने लोगों के साथ दिन-रात खड़े रहते हैं। वह जनता के आशीर्वाद से राजनीति में आए हैं और उन्हें कांग्रेस के किसी नेता को कोई प्रमाण देने की जरूरत नहीं है।

जनता के प्रति उनकी जवाबदेही है जिसे वह पूरा कर रहे हैं। उन्होंने विधायक आशीष शर्मा को कैश फॉर वोट जैसे संगीन मुद्दे को विधानसभा में बिना डर के उठाने पर साधुवाद दिया है।

# बेलग-भरेड़ी सड़क को शीघ्र पक्का करने की मांग

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



बेलग-भरेड़ी सड़क बारिश के बाद पानी से लबालब हो गई।

**जरा सी बारिश से भरेड़ी के पास सड़क बनी तालाब**

उपमंडल भोरंज के तहत बेलग से तताहर सड़क का विस्तारीकरण का कार्य एफडीआर मशीन से भरेड़ी तक पूरा हो गया है, लेकिन अब ग्रामीण पहले उसे पक्का करने की मांग कर रहे हैं। जनवरी माह से सड़क का कार्य चला हुआ है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बताते चलें कि यह कार्य दो फेस में किया जाना था। पहले बस्सी से भरेड़ी, फिर भरेड़ी से तताहर सड़क के विस्तारीकरण व पक्का करने का कार्य किया जाना था, लेकिन अभी तक सड़क को पक्का नहीं किया है। भरेड़ी के पास शनिवार को हुई बारिश से सड़क पर तालाब बन गया, जिससे सड़क के कार्य पर भी लोगों ने सवाल उठाए है। हालांकि सड़क निर्माणधीन है, लेकिन सड़क के किनारे नालियां व पानी निकासी की भी उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके बाद भरेड़ी से तताहर तक सड़क का कार्य उसी विधि से किया जाएगा। हालांकि बस्सी से तताहर सड़क का कार्य उच्च गुणवत्ता से किया जा रहा है, ताकि लोगों को अच्छी सड़कों की सुविधा मिल सके। नई तकनीक से बनने वाली इस सड़क का शुभारंभ भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने अगस्त, 2024 में किया था।

भरेड़ी में नई तकनीक एफडीआर से बनने वाली बस्सी को तताहर सड़क वाया चंदरूही सड़क के निर्माण का होना है। बताते चलें कि तकनीक से बनने वाली सड़कें 15 से 20 साल तक खराब नहीं होती हैं। अकसर देखने में आता कि सड़कें पक्का होने के बाद उखड़ना शुरू हो जाती हैं, लेकिन इन सड़कों के निर्माण से लोगों को अच्छी सुविधा मिलेगी। सड़कों के उखड़ने वाली सामग्री को फेंका नहीं जाएगा, बल्कि सड़क की उखाडी सामग्री, सीमेंट व केमिकल का कंप्यूटराइज मिश्रण से सडक का निर्माण होगा। इसके बाद 28 दिन सड़क वाहनों के लिए खुली रहेगी और उसके बाद एक पतली लेअर बिछाई जाएगी, जिससे ग्रामीणों को शीघ्र ही सड़क सुविधा मिलेगी।

ग्रामीणों में विधि चंद, मनोहर लाल, संजीव, राजीव, अनिल, राजेश, मनोज शर्मा, मनोहर शर्मा, राज कुमार, संजय कुमार, सुनील, महेश, दिनेश, राकेश, सुरेंद्र, रमित इत्यादि ने शीघ्र बेलग से भरेड़ी सड़क को पक्का करने की मांग की है।

# विधायक सुरेश ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को बांटे 22 लाख

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

महिला एवं बाल विकास विभाग ने रविवार को गांव भटेड़ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता विधायक सुरेश कुमार ने की। उन्होंने प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के अंतर्गत 18-27 वर्ष के 45 अनाथ युवाओं को पात्रता प्रमाण पत्र जारी किए गए। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह योजना की 3 लाभार्थियों को 4.65 लाख रुपए की एफडीआर, मुख्यमंत्री शगुन योजना की 39 लाभार्थियों के लिए 12.09 लाख रुपए के राशि हस्तांतरण पत्र, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की 19 लाभार्थियों के लिए 9.69 लाख रुपए की राशि के हस्तांतरण पत्र और बेटी है अनमोल योजना के अंतर्गत 25 लाभार्थियों को 5.25 लाख रुपए की एफडीआर वितरित कीं।

इस अवसर पर सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए सुरेश कुमार ने कहा कि महिला हमारे समाज और परिवार की धुरी हैं। इसलिए, महिला का शिक्षित एवं स्वावलंबी होना बहुत जरूरी है। क्योंकि, एक सशक्त महिला ही सशक्त समाज का निर्माण कर सकती है।

प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए सुरेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना बेसहारा बच्चों, परित्यक्त महिलाओं और निराश्रित बुजुर्गों के लिए वरदान साबित होगी।

कार्यक्रम में एसडीएम शशिपाल शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, मीडिया प्रभारी चंदन ठाकुर, पंचायत सधरियान की प्रधान बबीता देवी, उपप्रधान रवि बन्याल, सीडीपीओ रवि दत्त, सांख्यिकी सहायक सुनील कुमार, कनिष्ठ सहायक सुनीता देवी, अक्षय महाजन, पर्यवेक्षक कुंता राणा, आशा रानी, सरोजां देवी, अंजना शर्मा, अभिषेक, रवि कुमार, सुनील नड्डा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक संजीव कतना और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

**प्रशिक्षण** क्वालिटी एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए एससीईआरटी सोलन और शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर की पहल

# प्रौद्योगिकी संवर्धन पर शिक्षकों ने सीखी नई तकनीकें

**अनंत ज्ञान, नादौन**



कार्यशाला के समापन पर उपप्रभारी संदीप कुमार के साथ प्रमाण पत्रों सहित अध्यापक।

एससीईआरटी सोलन और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर द्वारा नादौन के गौना-करौर में स्थित डाइट में उच्च प्राथमिक शिक्षकों के लिए आयोजित पांच दिवसीय तकनीकी क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का समापन हो गया, जिसमें प्रशिक्षण उपप्रभारी संदीप कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना और उन्हें डिजिटल उपकरणों के प्रभावी उपयोग के लिए तैयार करना है। उन्होंने बताया कि इन पांच दिनों में लगभग 40 उच्च प्राथमिक शिक्षकों के द्वारा माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस के अंतर्गत एमएस वर्ड, एक्सेल और पावर प्वाइंट, इंटरैक्टिव ग्राफिक्स, कैनवा आदि का उपयोग, गूगल सूट के अंतर्गत गूगल ड्राइव, गूगल डॉक, गूगल मीट, गूगल ट्रांजिशन, गूगल स्लाइड, गूगल लेंस, गूगल फॉर्म व गूगल शीट का व्यावहारिक अभ्यास, महत्वपूर्ण कार्यालय उपकरण रूपांतरण, छवि और वीडियो संपादन में फिल्मोरा, यूकट आदि का उपयोग, इंटरेक्टिव सामग्री का निर्माण, लोकप्रिय पोल व क्विज प्लेटफॉर्म मेंटीमीटर और कहूट का उपयोग, मुक्त शैक्षिक संसाधन व लाइसेंस, साइबर सुरक्षा व संरक्षा, यू-डाइस के माध्यम से डेटा प्रबंधन और निगरानी, आईसीटी का अवलोकन, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म के रूप में दीक्षा और पीएम विद्या की संक्षिप्त जानकारी, वीएसके (विद्या समिति केन्द्र) के कार्यान्वयन का अवलोकन तथा केयान डिवाइस के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण आदि विषयों कोसीखा व समझा।

इसके लिए रिसोर्स पर्सन आचार्य नरेश मलोटिया, डॉ. अमित शर्मा, राकेश कुमार, लवलेश, रविन्द्र कुमार और परमजीत डोगरा ने शिक्षकों को महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

इस अवसर पर प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण को बेहद लाभकारी बताया और कहा कि वे सभी सीखे गए सभी डिजिटल उपकरणों और सॉफ्टवेयर का बेहतर उपयोग कर सकेंगे। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी पुनीत कुमार ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशाला पूरे जिले में छह अलग-अलग स्थानों पर चलाई गई थी, जिसमें लगभग 260 अध्यापकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में उपप्रभारी संदीप कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि शिक्षक इन तकनीकों को अपनी कक्षाओं में इसे लागू करके बच्चों को अधिक प्रभावी ढंग से पढ़ा सकेंगे।

# छात्रों को इग्नू के माध्यम से उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, नादौन**

**इग्नू अध्ययन केंद्र में इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम का किया आयोजन**

सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू अध्ययन केंद्र 1179 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र जुलाई 2024 में फ्रेश एडमिशन के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समन्वयक प्रो. रविकांत गर्ग ने विद्यार्थियों को इग्नू से संबंधित जानकारी प्रदान की गई, ताकि भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े ।

प्रो. रविकांत गर्ग ने विद्यार्थियों को इग्नू के संबंधित विषयों के असाइनमेंट बनाने तथा एग्जामिनेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने छात्रों को इग्नू के असाइनमेंट बनाने और परीक्षा पास करवाने से संबंधित साइबर ठगी से सचेत रहने के लिए आगाह किया, साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को इग्नू के संबंधित विभिन्न कोर्सेज के बारे में जानकारी दी और आग्रह किया कि आप अपने आसपास के क्षेत्रों में उच्च शिक्षा से वंचित इच्छुक विद्यार्थियों को इग्नू के माध्यम से उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार गौतम ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर विद्यार्थियों को इग्नू के माध्यम से उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस उपलक्ष पर लगभग 30 विद्यार्थियों ने इंडक्शन प्रोग्राम में भाग लिया। इस दौरान कुछ अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया जिनमें से अधिकतर का मौके पर ही निपटारा किया गया। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र के असिस्टेंट गुलशन तथा अटेंडेंट रवि शंकर और गुरबचन एवं मनीष उपस्थित रहे।

# संघर्ष की राह पर हिमाचल, आकर्षित नहीं कर पा रहा विदेशी पर्यटकों को

## फॉरेन टूरिस्ट वीजा में गोवा, उत्तराखंड व सिक्किम जैसे छोटे राज्यों से पीछे

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



फाइल फोटो

आशा के अनुकूल हिमाचल प्रदेश में विदेशी पर्यटकों का रुख न होने से पर्यटन उद्योग लगातार रिता जा रहा है। विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में प्रदेश संघर्ष की राह पर है। बावजूद उसके हिमाचल प्रदेश फॉरेन टूरिस्ट वीजा (एफटीवी) के मुकाबले गोवा, उत्तराखंड व सिक्किम जैसे छोटे राज्यों से पीछे चला गया है। लंबे समय से विदेशी पर्यटकों की संख्या में भारी गिराबट दर्ज की जा रही है।

पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, हिमाचल प्रदेश गोवा (4,52,692 एफटीवी), उत्तराखंड (1,43,027) और सिक्किम जैसे छोटे राज्यों से पीछे है। इसके विपरीत, महाराष्ट्र 33.87 लाख विदेशी पर्यटकों के साथ रैंकिंग में सबसे आगे है, उसके बाद गुजरात 28.06 लाख पर्यटकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

साल 2021 में 4,932 तथा 2022 में 29,333 से मामूली सुधार के बावजूद, यह संख्या महामारी से पहले के स्तर से बहुत कम है, जब राज्य में सालाना 3.5 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक आते थे। और 2022 में 29,333 आगंतुकों से अधिक रही। 2023 में यहां केवल 62,806 विदेशी पर्यटक आए, जो भारत में कुल 1.92 करोड़ विदेशी पर्यटकों का एफटीवी अनुपात मात्र 0.33 है। प्रदेश में स्वदेश दर्शन, इको-टूरिज्म और प्रसाद जैसी पहलों के तहत सीमित वित्तीय सहायता चिंता का विषय बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल को स्वदेश दर्शन के तहत केवल 64.54 करोड़ रुपए मिले, जबकि दूसरे प्रदेशों को 2,000 करोड़ रुपए तक मिले। इसके अलावा, देखो अपना देश और भारत पर्व जैसे प्रचार अभियानों में हिमाचल को अनदेखी कासामना करना पड़ा है।

> **महाराष्ट्र 33.87 लाख विदेशी पर्यटकों के साथ रैंकिंग में सबसे आगे**

**अनंत ज्ञान विशेष**

साल 2023 में 1.5 करोड़ आगंतुकों के साथ घरेलू पर्यटन में मजबूत सुधार देख गया था। विदेशी आगमन कोविड-पूर्व स्तर का सिर्फ 20 प्रतिशत ही है। विशेषज्ञ हिमाचल के अंतरराष्ट्रीय पर्यटन क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए मजबूत मार्केटिंग प्रयासों और बेहतर बुनियादी ढांचे के समर्थन का आग्रह कर रहे हैं। कोविड प्रभाव के दौरान वर्ष 2021 में हिमाचल में विदेशी पर्यटकों की संख्या 2012, 2013 और 2014 की तुलना में काफी कम रही। तब 5 लाख, 4.1 लाख और 3.9 लाख विदेशी पर्यटक प्रदेश में पहुंचे थे। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 2020 से विदेशी पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट देखी गई। कोविड के भारत में आने से एक साल पहले, हिमाचल प्रदेश में 3.83 लाख विदेशी पर्यटक आए थे, जिनमें कुल्लू, शिमला और कांगड़ा में सबसे अधिक पर्यटक आए थे। (अनंत ज्ञान)

## सेंट लुक्स स्कूल परिसर में पेड़ पर गिरी आसमानी बिजली



**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन स्थित सेंट लुक्स स्कूल परिसर में बीती रात पेड़ पर आसमानी बिजली गिरने के कारण स्कूल बिल्डिंग की खिड़कियों के शीशे टूट गए। गनीमत रही कि यह हादसा रात के समय हुआ। अन्यथा स्कूली बच्चों को खतरा हो जाता। यह आसमानी बिजली स्कूल परिसर के अंदर एक पेड़ पर गिरी। आसमानी बिजली रात को 1 बजकर 58 मिनट पर गिरी। इस घटना के बाद स्कूल प्रशासन और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। घटना से किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन स्कूल बिल्डिंग को काफी नुकसान पहुंचा है। स्कूल प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। स्कूल प्रबंधक पी साहयाराज ने बताया कि रात को करीब 2 बजे जोर से धमाके की आवाज हुई और सुबह स्कूल की सिक्योरिटी ने उन्हें अवगत करवाया कि स्कूल परिसर में आसमानी बिजली गिरने की वजह से बिल्डिंग को काफी नुकसान पहुंचा है।

## कांगड़ा में सर्वाधिक और लाहौल-स्पीति में सबसे कम सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2023-24 के दौरान 2,683 किलोमीटर लम्बी सड़कों और 22 पुलों की 254 सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

डॉ. भारद्वाज द्वारा ससंद में पूछे गए प्रश्न में केंद्रीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि इस अवधि के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला में सर्वाधिक जबकि लाहौल-स्पीति में सबसे कम सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि प्रदेश के बिलासपुर जिला में 185 किलोमीटर लंबी सड़कों की 19 सड़क परियोजनाएं, चंबा जिला में 167 किलोमीटर लंबी सड़कों और एक पुलों की 17 सड़क परियोजनाएं, हमीरपुर जिला में 178 किलोमीटर लंबी सड़कों की 21 सड़क परियोजनाएं, कांगड़ा जिला में 502 किलोमीटर लंबी सड़कों और 5 पुलों की 55 सड़क परियोजनाएं, कुल्लू जिला में 103 किलोमीटर लंबी सड़कों और एक पुल की 10 सड़क परियोजनाएं, लाहौल-स्पीति जिला में 64 किलोमीटर लंबी सड़कों की 7 सड़क परियोजनाएं, मंडी जिला में 322 किलोमीटर लंबी सड़कों की 23 सड़क परियोजनाएं, शिमला जिला में 549 किलोमीटर लंबी सड़कों की 46 सड़क परियोजनाएं, सिरमौर जिला में 163 किलोमीटर लंबी सड़कों की 12 सड़क परियोजनाएं, सोलन जिला में 291 किलोमीटर लंबी सड़कों और 4 पुलों की 25 सड़क परियोजनाएं और ऊना जिला में 159 किलोमीटर लंबी सड़कों और 11 पुलों की 19 सड़क परियोजनाएं, स्वीकृत की गई। उन्होंने बताया की नाबार्ड ने ग्रामीण ढांचागत विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 के दौरान प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत किसी भी परियोजना को वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की है।

> **प्रदेश में 2,683 किमी लंबी सड़कों, 22 पुलों की 254 सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति**

# हिमाचल प्रदेश बना जंगलराज का पर्याय!

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है और प्रदेश अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। कांग्रेस सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए भाजपा नेताओं पर झूठे आरोप लगा रही है, जबकि असलियत यह है कि सरकार के संरक्षण में अपराधियों के हौसले बुलंद हो चुके हैं।

बिलासपुर में पूर्व कांग्रेस विधायक बंबर ठाकुर पर हुआ गोलीकांड इस बात का सबसे बड़ा सबूत है कि प्रदेश में न कोई नेता, न पुलिसकर्मी, न व्यापारी और न ही आम जनता सुरक्षित है। प्रदेश में पिछले डेढ़ साल में 138 हत्याएं, 498 बलात्कार, 1,643 चोरी और 4 डकैती जैसी घटनाएं दर्ज की गई हैं। 2025 के शुरुआती 50 दिनों में ही 16 हत्याएं होना इस बात का प्रमाण है कि हिमाचल अब अपराधियों के कब्जे में है और कांग्रेस सरकार नेत्रहीन, मूक और बधिर बन चुकी है।

बंबर ठाकुर पर यह पहला हमला नहीं है। इससे पहले 23 फरवरी 2024 को भी उन पर हमला हुआ था, फिर 20 जून 2024 को हमले के मुख्य आरोपी पर कोर्ट परिसर के बाहर गोली चलाई गई थी। सवाल यह उठता है कि एक ही व्यक्ति पर बार-बार हमले क्यों हो रहे हैं? इसके पीछे कौन लोग हैं? क्या कांग्रेस सरकार के कुछ बड़े नेता अपराधियों को शरण और संरक्षण दे रहे हैं?

> **राकेश जम्वाल ने लगाए आरोप, बोले-अपराधियों का हो रहा संरक्षण, तेजी से बढ़ रहा अपराधों का ग्राफ**



### भ्रष्टाचार व वोट बैंक की राजनीति की जा रही

**प्रदेश** में अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। चंबा में हिंदू युवक की हत्या कर शव के टुकड़े किए गए, बद्दी में कबाड़ माफिया ने खुलेआम गोलीबारी की, ऊना में पिता-पुत्र की सरेआम हत्या हुई और नालागढ़ में दिनदहाड़े कारोबारी पर गोलियां चलाई गईं। यह घटनाएं साबित करती हैं कि कांग्रेस सरकार केवल भ्रष्टाचार और वोट बैंक की राजनीति में लगी हुई है, कानून व्यवस्था बनाए रखना उसकी प्राथमिकता नहीं है।

### हमदर्दी बटोरने को भाजपा पर लगाए जा रहे आरोप

अब कांग्रेस सरकार इस मामले में हमदर्दी बटोरने और अपने विरोधी भाजपा विधायक पर झूठे आरोप लगाने की साजिश रच रही है। लेकिन जनता अब कांग्रेस की गुंडा राज वाली राजनीति को भली-भांति समझ चुकी है। भाजपा इस जंगलराज के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक कांग्रेस को बेनकाब करेगी और अपराधियों को बचाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।





# हर गांव कुछ कहता है

कहानी-39

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702, 8091450407 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

## गिरिपार का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक गांव शिलाई









ठाकुर हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक सिरमौर

'हर गांव कुछ कहता है' सीरीज की इस कड़ी में आज बात सिरमौर जिले के गिरिपार के सबसे अधिक जनसंख्या वाले प्रतिष्ठित एवं ऐतिहासिक गांव शिलाई की। गांव में 350 से अधिक घर हैं, तो वहीं शिलाई गांव से दशकों से अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व भी देखने एवं सुनने को मिलते हैं। इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि इस गांव की प्रतिष्ठित हस्तियों ने हिमाचल की राजनीति में अलग पहचान स्थापित की।

### माता ठारी और गुग्गा महाराज में अटूट आस्था

**इस** गांव में माता ठारी और गुग्गा महाराज का भव्य और सुंदर शैली में मंदिर बना हुआ है जो श्रद्धालुओं के लिए अटूट आस्था और विश्वास का केंद्र बिंदु माना जाता है। तो इसी गांव से अभी तक भारतीय सेना में लगभग चालीस सैनिकों ने समय-समय सेवाएं प्रदान की, जिसमें कुछ पूर्व और कुछ वर्तमान में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### जालम सिंह और धर्म सिंह तोमर ने बढ़ाई प्रतिष्ठा



पूर्व विधायक
स्व. जालम सिंह



पूर्व जैलदार व विधायक
स्व. धर्म सिंह तोमर

**सर्वप्रथम** जिक्र करना चाहेंगे शिलाई गांव से ही पूर्व विधायक रहे स्व. जालम सिंह का। जिस समय शिलाई और पच्छाद विधानसभा क्षेत्र एक हुआ करता था, उस दशक में इतनी बड़ी जनसंख्या के विधानसभा का नेतृत्व जालम सिंह ने किया। तत्पश्चात इस गांव के पूर्व में जैलदार रहे स्व. धर्म सिंह तोमर ने हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक नया इतिहास रचा। उस दशक में भी शिलाई और पच्छाद विधानसभा क्षेत्र एक हुआ करता था, उस दौर में पूर्व जैलदार व धर्म सिंह तोमर ने विधानसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश के निर्माता स्व. डॉ. यशवंत सिंह परमार को शिकस्त दी थी, जिससे विधानसभा चुनाव के परिणामों ने हिमाचल की राजनीति में एक नया अध्याय और इतिहास स्थापित किया था।

### बलदेव सिंह तोमर में गजब नेतृत्व क्षमता



बलदेव सिंह तोमर

**शिलाई** विधानसभा क्षेत्र से पूर्व में रहे विधायक बलदेव सिंह तोमर भी इस गांव की प्रतिष्ठित हस्तियों में एक माने जाते हैं जिन्होंने पूर्व भाजपा सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ घनिष्ठ मित्रता और मधुर संबंधों के बदौलत शिलाई विधानसभा क्षेत्र को विकास की दृष्टि से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। जिस दौर में शिलाई विधानसभा क्षेत्र में अनेक संस्थानों के खुलवाने और अन्य विकासात्मक कार्यों को गति मिली, तो वहीं गिरिपार की सबसे चिरकाल और उचित मांग गिरिपार को जनजातीय क्षेत्र घोषित करना जिस महत्वपूर्ण विषय पर पूर्व विधायक बलदेव सिंह तोमर ने तत्कालीन मुख्यमंत्री के माध्यम से निर्णायक भूमिका निभाने का प्रयास किया और परिणामस्वरूप केंद्र सरकार ने नियमों के अनुरूप गिरिपार को जनजातीय क्षेत्र घोषित किया।

### प्रमोद नेगी ने पीया शहादत का जाम



शहीद प्रमोद नेगी

**इसी** गांव से देश के लिए शहादत का जाम पीने वाले शहीद प्रमोद नेगी को कौन नहीं जानता। उनके अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान के चर्चे आज भी खूब होते हैं। शहीद प्रमोद नेगी ने देश के लिए शहादत देकर क्षेत्र, समाज और देश के युवाओं को राष्ट्र के बलिदान की परिभाषा को चरितार्थ किया।

### प्रधान शीला नेगी कर रही सराहनीय काम

**साथ** ही पांच वर्ष पहले गांव के बुद्धिजीवियों और जागरूक युवाओं ने पंचायत प्रधान को निर्विरोध चुनकर एकता और भाईचारे का परिचय दिया जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान में शिलाई पंचायत में सराहनीय कार्य वर्तमान प्रधान शीला नेगी के अगुवाई में हो रहे हैं

### प्रतिष्ठित हस्तियों में शुमार प्रताप सिंह तोमर व डॉ. जगत सिंह तोमर



जैलदार प्रताप सिंह तोमर



डॉ. जगत सिंह तोमर

**साथ** ही इसी गांव से एक और प्रतिष्ठित हस्ति जैलदार प्रताप सिंह तोमर जो शिलाई विधानसभा क्षेत्र के 52 गांवों के जैलदार माने जाते हैं और क्षेत्र के प्रतिष्ठित हस्तियों में शुमार हैं, ने गिरिपार को जनजातीय क्षेत्र घोषित करवाने के संदर्भ में शुरुआती प्रक्रिया में जनता और बुद्धिजीवियों को एक मंच पर लाने का कार्य किया। यह पूर्व में जिला परिषद सदस्य भी रहे हैं। उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से अध्यक्ष पद के रूप में अहम भूमिका निभाई। इसी गांव से संबंध रखने वाले आयुर्वेदा जिला स्वास्थ्य अधिकारी के उच्च पद से सेवानिवृत्त हुए डॉ. जगत सिंह तोमर की स्वास्थ्य क्षेत्र में सराहनीय सेवाएं रही हैं।

### सुरेंद्र हिंदुस्तानी व अतर सिंह तोमर ने भी बनाई पहचान



सुरेंद्र हिंदुस्तानी
अधिवक्ता एवं समाजसेवी



अतर सिंह तोमर
पूर्व जीएम

**सुरेंद्र हिंदुस्तानी** एक ऐसा सम्मानित चेहरा माना जाता है जो अपनी बेबाकी और सामाजिक कार्यों के लिए जिला सिरमौर में प्रतिष्ठित शख्सियत मानी जाती हैं। इन्होंने हाटी आंदोलन के शुरुआती दशक से अहम भूमिका निभाई, तो वहीं क्षेत्र समाज के जरूरतमंद छात्रों को आर्थिक मदद के साथ-साथ निजी क्षेत्र में रोजगार देने में भी अग्रणी भूमिका में नजर आते हैं। वह अपनी संस्कृति सभ्यता और बिखरते संयुक्त परिवार की अहमियत से रू-ब-रू करवाने का प्रयास करते भी नजर आते हैं। सुरेंद्र हिंदुस्तानी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर किसी भी राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों को जबावदेही बनाने से भी गुरेज नहीं करते हैं जिसका उदाहरण शिलाई में हाटी आंदोलन के समय जनता को देखने को मिला। इसी गांव से अतर सिंह तोमर जो पूर्व में हिमाचल प्रदेश खाद आपूर्ति विभाग के जीएम के प्रतिष्ठित उच्च पद से सेवानिवृत्त हुए, जिनकी साफ छवि सेवाकाल में ईमानदारी और निष्पक्षता की रही हैं।

### प्रियंका नेगी और अरुणा तोमर गांव की शान



प्रियंका नेगी



अरुणा तोमर

**वहीं,** खेल के क्षेत्र में इसी गांव से पूर्व अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी प्रियंका नेगी और पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी अरुणा तोमर जैसी खेल के क्षेत्र में खास शख्सियतें मौजूद हैं जो आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत मानी जाती हैं।

### गिरिपार का केंद्र बिंदु है शिलाई गांव

**इस** प्रकार गिरिपार का शिलाई गांव अपने आप में खास और शिलाई विधानसभा क्षेत्र का केंद्र बिंदु माना जाता है। क्षेत्र में प्रत्येक स्थानीय कार्यालय उपलब्ध हैं तो वहीं लोगों की खेती-बाड़ी, बागवानी और निजी व्यवसाय इत्यादि आय के मुख्य स्रोत हैं, तो वहीं इस गांव से अनेक शिक्षाविद्, सम्मानित व्यक्तित्व और बुद्धिजीवी व्यक्तित्व देखने को मिलते हैं। इसी गांव से संबंध रखते हैं पूर्व जिला परिषद सदस्य रहे रंजीत सिंह नेगी।

# नशे की लत से जूझ रहे लोगों का होगा इलाज

## राज्य एड्स नियंत्रण समिति की बैठक में लिया फैसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति की मासिक बैठक परियोजना निदेशक राजीव कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में समिति के अंतर्गत कार्य कर रहे गैर-सरकारी संगठनों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर चर्चा करने के साथ-साथ राज्य में इंजेक्टिंग ड्रग के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि गैर-सरकारी संगठनों द्वारा इंजेक्टिंग ड्रग यूजर्स को साकियाट्रिक विभाग में नियमित रूप से रेफर करना एक सकारात्मक कदम हो सकता है। उन्होंने कहा कि हर जिले में साकियाट्रिक विभाग हैं जहां नशे की लत से जूझ रहे लोगों का उपचार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि नियमित जांच और ड्रग्स की लत को छोड़ने में मदद करने के लिए काउंसलिंग और थैरेपी बहुत मददगार साबित हो रहे हैं। वहीं, मनोवैज्ञानिक परामर्श से इंजेक्टिंग ड्रग यूजर्स की सोच में सकारात्मक बदलाव आता है और धीरे-धीरे ड्रग्स पर निर्भरता को कम किया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वह समान्य जीवन की ओर लौट सकते हैं।

> **गैर-सरकारी संगठनों को सप्ताह में न्यूनतम पांच इंजेक्टिंग ड्रग**
>
> **यूजर्स को साकियाट्रिक विभाग में रेफर करने के निर्देश**

### गैर-सरकारी संगठनों व साकियाट्रिक विभाग का परस्पर तालमेल जरूरी

**राजीव** कुमार ने कहा कि गैर-सरकारी संगठनों और साकियाट्रिक विभाग का आपसी समन्वय और सहयोग इंजेक्टिंग ड्रग यूजर्स के जीवन में परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने सभी गैर-सरकारी संगठनों को निर्देश दिए कि सप्ताह में न्यूनतम पांच इंजेक्टिंग ड्रग यूजर्स को साकियाट्रिक विभाग में रेफर करें। इस दौरान गैर-सरकारी संगठनों का स्टाफ साथ में रहे और उनके स्वास्थ्य पर निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए।



## गद्दी विकास समिति दिल्ली ने करवाया वार्षिक एवं सांस्कृतिक समारोह

**अनंत ज्ञान, चंबा/नई दिल्ली।** नई दिल्ली में रह रहे गद्दी समुदाय के लोगों द्वारा गठित गद्दी विकास समिति (प.) दिल्ली ने अपने वार्षिक एवं सांस्कृतिक समारोह का भव्य आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद सुश्री इंदु गोस्वामी ने की, जबकि लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज (कांगड़ा-चंबा) विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर गद्दी समुदाय के उत्थान से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया गया। इनमें भरमौर से कांगड़ा के लिए प्रस्तावित होली-उतराला मार्ग, चंबा-कांगड़ा में एक जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना तथा जो गद्दी समुदाय के लोग जनजातीय दर्जा प्राप्त करने से वंचित रह गए हैं, उनके लिए अनुसूचित जनजाति का दर्जा सुनिश्चित करना शामिल रहा। समुदाय के प्रतिनिधियों ने इन विषयों पर दोनों सांसदों से सहयोग की मांग की और इनके शीघ्र समाधान हेतु अनुरोध किया। कार्यक्रम में दिल्ली एवं अन्य स्थानों से आए गद्दी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस मौके पर सांसदों ने समुदाय की सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति के लिए हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**चिंता** | बिलासपुर में चली गोलियां दुर्भाग्यपूर्ण, सांसद सुरेश कश्यप ने जताई चिंता

# हिमाचल में बना गैंगवार का भयानक वातावरण

**अनंत ज्ञान, शिमला**



भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश में गैंगवार का एक भयानक वातावरण खड़ा हो गया है, जिसकी वजह से हिमाचल की जनता भयभीत है। हिमाचल की कानून व्यवस्था पूरी तरह अनियंत्रित एवं ध्वस्त हो चुकी है, जिला बिलासपुर में जिस प्रकार से गोलियां चली है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है और इस घटना को लेकर हम सभी चिंतित है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है और देवभूमि में इस तरह के प्रचलन कि हम निंदा करते हैं। आज से पूर्व प्रदेश में कॉन्ट्रैक्ट शूटर की वारदात सुनने को नहीं मिलती थी, पर अब यह लगातार देखने को मिल रही है, इससे हिमाचल की जनता पर अच्छा प्रभाव नहीं पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में तरह-तरह के माफिया सक्रिय है और अंत में गैंगवार के माध्यम से इस प्रकार की घटनाओं को बल मिल रहा है। सवाल तो सरकार पर यह खड़ा होता है कि अगर सरकार के नेता स्वयं ही सुरक्षित नहीं है तो हिमाचल प्रदेश में कौन सुरक्षित है? प्रदेश में सरकारी अधिकारी लापता है, पुलिस कर्मियों पर गोली चलाई जाती है, सरकारी अधिकारियों से मात पीट की जाता है, सरकारी आवास पर गोलियां बरसाई जाती है, चलती गाड़ियों पर भी गोलियां चलाई जाती है, ट्रैकों को रोक कर बंदूक की नोक पर धमकाया जाता है और अगर हम इस प्रकार की घटनाओं को गिनते रहेंगे तो यह खत्म नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता को गोली लगी, उसके बावजूद वह राजनीति से प्रेरित टिप्पणियां कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने इस मामले को लेकर एसआईटी का गठन कर लिया और इंक्वारी भी चल रही है, पर जिस प्रकार से घायल कांग्रेस के नेता व्यक्तिगत टिप्पणियां कर रहे हैं, वह अशोभनीय है।


### गोली लगने के बावजूद हो रही बेतुकी टिप्पणियां

**अगर** वह टिप्पणी कर रही है कि किसी के इशारे पर गोली चली है, तो गोली चलने वाला व्यक्ति तो कमरे में कैद हो गया है, उसको देखकर तो उसकी पहचान की जा सकती है। पर पहचान करने के बजाय कांग्रेस नेता और उनके बेटा सीधा आरोप लगाने का प्रयास कर रहे हैं जो की राजनीति से प्रेरित है। हिमाचल में तो वैसे भी कांग्रेस पार्टी के नेता झूठ बोलने के लिए जाने जाते हैं, और अगर कांग्रेस के घायल नेता झूठ बोल रहे हैं तो वह भी जनता को पता है। उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस पार्टी के नेताओं से निवेदन करते हैं कि किसी भी व्यक्ति पर व्यक्तिगत झूठे आरोप ना लगे, क्योंकि किसी भी व्यक्ति पर आप झूठे आरोप लगाकर उसकी छवि बिगाड़ नहीं सकते अपितु आपकी छवि बिगाड़ जरूर सकती है।




# हर गांठ कैंसर नहीं होती

## अधिकांश गांठें जीवन के लिए खतरा नहीं



**किसी** भी व्यक्ति के लिए शरीर में गांठ महसूस होना चिंताजनक हो सकता है। अधिकांश लोगों की पहली चिंता यही होती है कि कहीं यह कैंसर तो नहीं? हालांकि, कई गांठें बेनाइन होती हैं और किसी गंभीर खतरे का संकेत नहीं देतीं। अधिकतर बेनाइन गांठें जीवन के लिए कोई तात्कालिक जोखिम नहीं होतीं। सतर्क रहना और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से सलाह लेना महत्वपूर्ण है, लेकिन अधूरी जानकारी के आधार पर घबराना अनावश्यक तनाव पैदा कर सकता है। नॉन कैंसरस गांठों के कुछ कारण हैं। शरीर में गांठें विभिन्न कारणों से बन सकती हैं, जिनमें से अधिकांश जीवन के लिए खतरा नहीं होतीं। इसके कुछ सामान्य कारण हैं। सिस्ट में ऑइल ग्लैंड्स के अवरोध, संक्रमण या चोट के कारण त्वचा के नीचे फ्लूइड से भरी थैलियां बन सकती हैं। इन सामान्य हानिरहित सिस्टों के उदाहरण सेबेशियस सिस्ट और गैंगलियन सिस्ट हैं। फाइब्रोएडेनोमा में ये महिलाओं में ब्रेस्ट की सबसे आम बेनाइन गांठें होती हैं, खासकर युवा उम्र में। ये आमतौर पर ठोस और चिकनी होती हैं तथा हाथ से छूने पर हिलती-डुलती महसूस होती हैं।

सूजी हुई लिम्फ नोड्स मामले में संक्रमण या सूजन के कारण लिम्फ नोड्स सूज सकती हैं। सामान्य सर्दी, फ्लू या गले में खराश जैसी बीमारियों के दौरान यह हो सकता है और संक्रमण खत्म होते ही यह सामान्य हो जाती हैं। फोड़े-फुंसी के दौरान बैक्टीरियल संक्रमण के कारण ये सूजन भरी गांठें होती हैं, जो दर्दनाक और लाल हो सकती हैं।


डॉ. राजेश शर्मा, एमडी (पीजीआई) प्रबंध निदेशक, श्री बाला जी अस्पताल

हालांकि ये कैंसरकारी नहीं होतीं और सही इलाज से ठीक हो जाती हैं। हार्मोनल बदलाव तथा हार्मोन में उतार-चढ़ाव के कारण महिलाओं की छाती में गांठें बन सकती हैं, जो मासिक धर्म चक्र के अनुसार घटती-बढ़ती रहती हैं। फाइब्रोसिस्टिक ब्रेस्ट परिवर्तन भी बेनाइन गांठों का एक सामान्य कारण है। अधिकांश गांठें कैंसरकारी नहीं होतीं, लेकिन कुछ विशेष लक्षण डॉक्टर से परामर्श की आवश्यकता दर्शाते हैं। त्वचा में अधिकतर बेनाइन गांठें मुलायम और चिकनी होती हैं तथा आसानी से हिल जाती हैं, जबकि कैंसरकारी गांठें सख्त और त्वचा से चिपकी हुई महसूस हो सकती हैं। तेजी से बढ़ने वाली गांठें जांच करवाने योग्य होती हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे कैंसरकारी ही हों। संक्रमण या सूजन के कारण होने वाली गांठों में दर्द हो सकता है, जबकि कैंसरकारी गांठें आमतौर पर दर्दरहित होती हैं।

### घबराएं नहीं... डॉक्टर से लें परामर्श

**गांठों** के कई प्रकार होते हैं। मरीज के लिए यह पहचानना मुश्किल हो सकता है कि कौन-सी गांठ खतरनाक हो सकती है। यदि कोई गांठ बनी रहती है या आकार में बढ़ती है, तो डॉक्टर से सलाह लेना उचित होगा। हालांकि अधिकतर गांठें बेनाइन होती हैं, फिर भी कुछ मामलों में चिकित्सा जांच आवश्यक होती है। अगर गांठ सख्त हो और दबाने पर हिले नहीं, तो इसे गंभीरता से लेना चाहिए और डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। इसके अलावा, यदि गांठ के साथ अचानक वजन कम होना, बुखार आना या लगातार थकान महसूस हो, तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी है, क्योंकि ये किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या के संकेत हो सकते हैं। हालांकि, आत्म-जांच और सही समय पर डॉक्टर से परामर्श लेना आवश्यक है, ताकि किसी भी गंभीर स्थिति को रोका जा सके। घबराने के बजाय सही चिकित्सकीय सलाह लेना हमेशा बेहतर होता है। शरीर में गांठ महसूस होना अक्सर चिंता का कारण बनता है, लेकिन अधिकांश गांठें बेनाइन (नॉन-कैंसरस) होती हैं और जीवन के लिए खतरा नहीं होतीं। इनमें से कई गांठें उपचार के बिना ही ठीक हो जाती हैं, जबकि कुछ मामलों में चिकित्सा हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है।

प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला

# सर्द-गर्म मौसम में वायरल से बचाव जरूरी

**सर्दियों का मौसम समाप्ति के साथ गर्मियों का आगाज होते ही लोग फिर से वायरल की चपेट में आने लगे हैं। इसमें खासकर स्कूल जाने वाले बच्चे अधिक संक्रमित हो रहे हैं। इससे बच्चों में बुखार, गला खराब, उल्टी दस्त की शिकायत आम बात हो जाती है। यदि छोटी-छोटी सावधानियां बढ़ती जाए तो इन बीमारियों से बचा जा सकता है। बच्चा स्वस्थ रहे इससे संबंधित परामर्श हेतु अनंत ज्ञान ने सेवानिवृत्ति चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर एनके गुप्ता से बात की। डॉ.गुप्ता ने बताया कि यदि बदलते मौसम में कुछ सावधानियां बढ़ती जाए तो वायरल से बचा जा सकता है। कोरोना काल के बाद वायरस का स्पेल पहले से बढ़ गया है यानी दो या तीन दिन तक होने वाला वायरस अब 5 से 6 दिन या 7 दिन तक ठहरता है। ऐसे में रोगी को खांसी बुखार और गला खराब की शिकायत रहती है। बच्चों को तो उल्टी और दस्त भी हो जाते हैं। रोगियों की जीभ का टेस्ट भी गायब हो जाता है।**

## छोटी-छोटी गलतियां बच्चे को कर सकती हैं बीमार



### वायरल के लक्षण

मौसम के सर्द गर्म होने से पर्यावरण में कीटाणु पैदा होने शुरू हो जाते हैं जो वायरल का कारण बनते हैं। आमतौर स्कूली बच्चे क्लास के संक्रमित बच्चे के संपर्क में जाते हैं। वायरल की जकड़ वे बच्चे अधिक आते हैं जो सुबह नहाने के तुरंत बाद स्कूल के लिए निकलते हैं। ऐसे में अधिक संक्रमण की संभावना रहती है।

### वायरल से बचाव के तरीके

**वायरल** से बचाव का सबसे बेहतरीन तरीका गर्म पानी का सेवन है। इसके अलावा संक्रमित बच्चों को स्कूल न भेज कर घर में ही रखें। हो सके तो बच्चों को स्टीम दें। इसी तरह बच्चों को स्कूल भेजने से तुरंत पहले न नहलाये। इसे बीमार होने की संभावना अधिक रहती है। बेहतर यह होगा कि बच्चों को शाम के समय या सुबह जल्दी उठकर नहला दे। यदि इन उपायों पर भी आराम ना मिले तो तुरंत चिकित्सा की सेवाएं ले।


डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट

प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन

### बुजुर्ग भी सावधानी बरतें

**बदलते** मौसम में बच्चों के साथ बड़ों भी वायरल बुखार की चपेट में आ जाते हैं। इसलिए इस मौसम में बच्चों तथा बुजुर्गों को ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। कभी सर्द और कभी गर्म मौसम होने के कारण सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, गले में दर्द, थकान जैसी बीमारियां लोगों को परेशान कर रही है। सबसे पहले बच्चे इनकी चपेट में आते हैं। बीमारियों से बचने के लिए बच्चों के कपड़ों को साफ रखना चाहिए तथा साफ-सफाई पर पूरा ध्यान रखना चाहिए। बच्चों और वयस्कों में वायरल बुखार आमतौर पर चिंता की बात नहीं है। अधिकांश वायरल बुखार कुछ दिनों में अपने आप कम हो जाते हैं, लेकिन अगर आपका तापमान 103 डिग्री या उससे अधिक हो जाता है, तो आपको डॉक्टर से मिलना चाहिए। खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। पौष्टिक आहार लेना चाहिए, इससे प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। पर्याप्त पानी पीना चाहिए। मौसमी फलों एवं सब्जियों का खाने में प्रयोग करना चाहिए। विटामिन सी वाले फल जैसे संतरा, नींबू ज्यादा लेना चाहिए। क्योंकि यह शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है।

# बहुत ही फायदेमंद है पपीते के पत्तों का जूस

पपीता खाने के बहुत फायदे हैं। पपीता कब्ज के लिए भी बेहतर माना जाता है। इसके साथ ही पपीता आपकी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। रोजाना पपीता खाने वाले लोगों का इम्यून सिस्टम काफी मजबूत रहता है। ऐसे लोग वायरल बुखार से भी काफी दूर रहते हैं। लेकिन आज हम आपको पपीते के साथ इसके पत्ते के भी फायदे बताने जा रहे हैं। पपीते के पत्ते आपकी सेहत के लिए काफी फायदेमंद है। पपीते के पत्ते का जूस पीने से आपका शरीर कई बीमारियों से दूर रहता है। इसलिए इसके पत्ते के जूस के फायदे आपको पता होने चाहिए।

### डायबिटीज को करता है कंट्रोल

**पपीते** के पत्तों का जूस डायबिटीज के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद होता है। पपीते के पत्ते का जूस ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने में काफी मददगार है। इस जूस में मौजूद तत्व इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ावा देते हैं, जिससे डायबिटीज को कंट्रोल करने में काफी आसानी रहती है।

### पेट भी होता है साफ

**पपीते** के पत्ते का जूस पीने से आपका पेट साफ रहेगा। पपीते के पत्तों में मौजूद तत्व पेट को साफ करने में काफी लाभकारी है। पेट साफ होने से आप कब्ज, एसिडिटी और पेट फूलने जैसी समस्याओं से दूर रहते हैं। हफ्ते में एक बार अगर आप इस जूस को पी लें तो आपको काफी राहत मिलेगी।



### प्लेटलेट्स की संख्या बढ़ाए

पपीते के पत्ते का जूस प्लेटलेट्स की संख्या बढ़ाने में मदद करता है, जो डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों में उपयोगी होता है। कई लोग जो डेंगू और मलेरिया की चपेट में आ जाते हैं। ऐसे लोगों के लिए पपीते के पत्ते का जूस काफी उपयोगी है। यह जूस उनकी कम हुई प्लेटलेट्स को बढ़ाने में काफी मदद करता है। इसके नियमित सेवन से प्लेटलेट्स की संख्या में बढ़ोतरी होती है।

### इम्यून सिस्टम करे मजबूत

पपीते के पत्ते का जूस हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करता है, जिससे शरीर बीमारियों से लड़ने में सक्षम होता है। अगर आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है तो आप पपीते का जूस पीना शुरू कर दें। यह जूस आपके इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में काफी मदद करता है। इसके नियमित सेवन से शरीर कुछ ही दिनों में बीमारियों से लड़ने में सक्षम बनेगा।

*हर साल मार्च महीने में वर्ल्ड किडनी डे मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य किडनी से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है।*

# किडनी स्वस्थ तो जीवन भी स्वस्थ



### किडनी का महत्व

**किडनी** हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। ये रक्त को फिल्टर करने, टॉक्सिन्स को बाहर निकालने, पानी और मिनरल्स का संतुलन बनाए रखने, और ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने का काम करती हैं। लेकिन आजकल की अनियमित जीवनशैली और अस्वस्थ खान-पान के कारण किडनी रोगों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

### किडनी रोगों के मुख्य कारण

**डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर :** ये दोनों किडनी फेलियर के सबसे बड़े कारण हैं।

**पानी की कमी :** कम पानी पीने से किडनी पर अधिक दबाव पड़ता है और पथरी (स्टोन) बनने का खतरा बढ़ जाता है।

***ज्यादा नमक और प्रोसेस्ड फूडः ज्यादा नमक खाने से किडनी पर असर पड़ता है और हाई ब्लड प्रेशर की संभावना बढ़ती है।***

**अनियंत्रित दवाओं का सेवन :** दर्द निवारक दवाओं (पेन किलर्स) का अधिक उपयोग किडनी को नुकसान पहुंचा सकता है।

**धूम्रपान और शराब :** ये दोनों किडनी की कार्यक्षमता को कमजोर कर सकते हैं।

### किडनी को स्वस्थ रखने के आसान टिप्स

**पर्याप्त पानी पिएं :** दिन में 10 -12 गिलास पानी पिएं।

**संतुलित आहार लें :** फलों, सब्जियों और कम नमक वाले भोजन का सेवन करें।

**ब्लड प्रेशर और शुगर को कंट्रोल करें :** नियमित जांच कराएं, दवाएं समय पर लें।

**नियमित व्यायाम करें :** रोजाना कम से कम 30 मिनट टहलें या हल्का व्यायाम करें।


**धूम्रपान और शराब से बचें :** ये दोनों आदतें किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती हैं।

**ज्यादा दवाइयों का सेवन न करें :** डॉक्टर की सलाह के बिना पेन किलर्स और एंटीबायोटिक्स लेने से बचें।

***किडनी स्वास्थ्य की अनदेखी करने से गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। सही खान-पान, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर हम अपनी किडनी को सुरक्षित रख सकते हैं। इस वर्ल्ड किडनी डे पर खुद के साथ दूसरों को भी किडनी से जुड़ी बीमारियों के बारे में जागरूक करें और एक स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं।***


डॉ. उमाकांत दत्त
सहायक प्रोफेसर यूरोलॉजी
एम्स, बिलासपुर

# क्यों होती है कब्ज की समस्या



***कब्ज एक ऐसी समस्या है, जिसमें मल त्याग करने में कठिनाई होती है। आमतौर पर कब्ज का मतलब होता है कि सप्ताह में तीन से कम बार मल त्याग करना या मल त्याग करने में परेशानी होना। कब्ज एक सामान्य समस्या है। आहार में फाइबर (रेशा) की कमी, पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ न लेना और शारीरिक गतिविधियों की कमी इसके कारण हो सकते हैं। हालांकि, कुछ अन्य चिकित्सीय स्थितियां या विशेष दवाइयां भी कब्ज का कारण बन सकती हैं। कब्ज का उपचार आमतौर पर आहार और व्यायाम में बदलाव या बिना डॉक्टर के पर्चे वाली दवाओं से किया जाता है। कुछ मामलों में कब्ज के लिए दवाइयां, दवाओं में बदलाव या स्वास्थ्य देखभाल विशेषज्ञ द्वारा सुझाए गए अन्य उपचारों की आवश्यकता हो सकती है। दीर्घकालिक कब्ज, जिसे क्रोनिक कब्ज भी कहा जाता है, के लिए उस बीमारी या स्थिति का इलाज करना आवश्यक हो सकता है जो कब्ज का कारण बन रही हो या उसे और खराब कर रही हो।***

**लक्षणः** सप्ताह में तीन से कम बार मल त्याग होना। ● कठोर, सूखा या गांठदार मल। ● मल त्याग के दौरान जोर लगाना या दर्द होना। ● ऐसा महसूस होना कि सारा मल बाहर नहीं निकला है। ● मलाशय (रेक्टम) में रुकावट जैसा महसूस होना। ● मल त्याग के लिए उंगली का सहारा लेने की आवश्यकता महसूस होना।

### कब्ज के लिए सामान्य होम्योपैथिक दवाएं

**नक्स वोमिकाः** यह दवा उन वयस्कों के लिए उपयुक्त है जिन्हें बार-बार कब्ज की शिकायत होती है और मल त्याग के लिए असफल प्रयास करना पड़ता है। इस स्थिति में बार-बार मल त्याग करने की इच्छा होती है। यह दवा उन बवासीर (पाइल्स) के मामलों में भी उपयोगी है, जो कब्ज के कारण विकसित होती है।


डॉ. निधि जोशी
गांधीधाम, कच्छ, गुजरात

**एलुमिनाः** यह दवा उन लोगों के लिए आदर्श है जिन्हें मल त्याग की इच्छा बिल्कुल महसूस नहीं होती। प्रभावित व्यक्ति कई दिनों तक मल त्याग की इच्छा खो बैठता है और आंतों में मल का बड़ा संचय हो जाता है। आंतें सुस्त और निष्क्रिय हो जाती हैं, जिससे मल त्याग में काफी प्रयास करना पड़ता है।

**ब्रायोनिया एल्बाः** इस दवा का उपयोग तब किया जाता है जब मल बहुत कठोर, सूखा और बड़ा हो पेट को छूने पर दर्द महसूस हो सकता है। प्रभावित व्यक्ति को अत्यधिक प्यास लगती है और मुंह व होंठ सूखे महसूस होते हैं।

**ओपियम :** यह दवा उन स्थितियों में प्रयोग की जाती है जब मल छोटे-छोटे गोल कठोर गोले के रूप में निकलता है, जो भेड़ के मल की तरह दिखता है। यह दवा उन मामलों में भी सहायक है जहां एनीमा के अधिक प्रयोग से कब्ज हो जाता है।

**सिलिशियाः** मल गुदा द्वार तक पहुंचने के बाद वापस अंदर चला जाता है और मलाशय में लंबे समय तक जमा रहता है। इस स्थिति में गैस का निकलना भी अवरुद्ध हो जाता है, जिससे पेट बहुत सख्त, कड़ा और फूला हुआ महसूस होता है।

*(नोट : होम्योपैथिक उपचार काफी प्रभावी होते हैं और ये कब्ज के मूल कारणों और लक्षणों दोनों का उपचार करते हैं। किसी भी विशेष समस्या के लिए योग्य होम्योपैथिक चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें।)*





# शिवलिंगी : औषधीय गुणों से भरपूर

**शिवलिंगी एक महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक औषधीय पौधा है, जिसे भारत में प्राचीन काल से विभिन्न रोगों के उपचार के लिए उपयोग किया जाता रहा है। विशेष रूप से, इसे संतान प्राप्ति में सहायक औषधि के रूप में जाना जाता है। यह बेल के रूप में बढ़ता है और इसके बीज, पत्तियां एवं जड़ें औषधीय गुणों से भरपूर होती हैं।**

### शिवलिंगी की पहचान और विशेषताएं

**यह** एक बेल होती है, जो अन्य पौधों पर चढ़ती है। इसके फूल सफेद रंग के होते हैं, और बीज लाल तथा भूरे रंग के होते हैं। इसकी पत्तियों और जड़ों से एक विशिष्ट गंध आती है, जो इसे अन्य पौधों से अलग बनाती है।

### शिवलिंगी के प्रमुख रासायनिक घटक

**शिवलिंगी** में पाए जाने वाले प्रमुख तत्वों में एल्कलॉइड्स, ग्लाइकोसाइड्स, सैपोनिन, फ्लेवोनोइड्स, टेरपेनॉइड्स और आवश्यक तेल शामिल हैं। ये तत्व इसे एक शक्तिशाली औषधि बनाते हैं।

### सावधानियां व दुष्प्रभाव

**गर्भवती** महिलाएं शिवलिंगी का सेवन डॉक्टर की सलाह के बिना न करें। अधिक मात्रा में सेवन करने से पेट दर्द, डायरिया और उल्टी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यदि किसी को एलर्जी हो, तो इसका सेवन तुरंत बंद कर दें। शिवलिंगी एक अत्यंत गुणकारी आयुर्वेदिक औषधि है, जिसका उपयोग विशेष रूप से प्रजनन स्वास्थ्य, पाचन, मधुमेह, त्वचा रोग और गठिया जैसी समस्याओं के उपचार में किया जाता है। हालांकि, इसके उपयोग से पहले किसी योग्य आयुर्वेद विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य लें ताकि इसका अधिकतम लाभ मिल सके। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति में शिवलिंगी एक अमूल्य औषधि है, जो पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान दोनों की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

## शिवलिंगी के औषधीय उपयोग

### संतान प्राप्ति में सहायक

आयुर्वेद में शिवलिंगी को महिला प्रजनन स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से उपयोग किया जाता है। इसके बीजों का सेवन बांझपन और गर्भधारण में कठिनाई को दूर करने में सहायक होता है। इसे पुत्रंजीवक बीज के साथ मिलाकर लेने से गर्भधारण की संभावना बढ़ती है।

**सेवन विधिः** 1 ग्राम शिवलिंगी और पुत्रंजीवक बीज का पाउडर शहद या गर्म दूध के साथ प्रतिदिन सेवन करें। इसे मासिक धर्म चक्र के पहले दिन से लेकर 15 दिन तक लेना फायदेमंद माना जाता है।

### मासिक धर्म को नियमित करने में सहायक

अनियमित मासिक धर्म और हार्मोनल असंतुलन को ठीक करने के लिए शिवलिंगी बीज का उपयोग किया जाता है। यह पीसीओडी और अमेनोरिया जैसी समस्याओं में मदद करता है।

**सेवन विधिः** शिवलिंगी बीजों को पीसकर गुनगुने पानी या शहद के साथ रोजाना सेवन करें।

### पाचन में लाभकारी

शिवलिंगी के बीज और जड़ें पाचन तंत्र को सुधारने में मदद करते हैं। यह अपच, गैस, कब्ज और पेट दर्द में लाभकारी होती है।

**सेवन विधि :** शिवलिंगी पाउडर को नींबू पानी या अदरक रस के साथ लेने से पाचन क्रिया बेहतर होती है।

### मधुमेह में सहायक

शिवलिंगी मधुमेह रोगियों के लिए लाभकारी मानी जाती है क्योंकि यह ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करती है।

**सेवन विधि :** रोज सुबह खाली पेट शिवलिंगी के बीजों का चूर्ण गर्म पानी के साथ लें।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक

शिवलिंगी में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट तत्व शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और संक्रमण से बचाव में मदद करते हैं।

**सेवन विधिः** शिवलिंगी के बीजों को शहद के साथ सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है।

### त्वचा रोगों में लाभकारी

शिवलिंगी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो त्वचा के संक्रमण और एक्जिमा जैसी समस्याओं में मदद करते हैं।

**उपयोग विधिः** शिवलिंगी के पत्तों का रस त्वचा पर लगाने से दाद-खाज और खुजली में राहत मिलती है।


डॉ. रंजना कपूर
जोगिंद्रनगर, मंडी

### गठिया और सूजन में राहत

शिवलिंगी की जड़ में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो जोड़ों के दर्द, गठिया और सूजन में लाभकारी होते हैं।

**सेवन विधि :** शिवलिंगी की जड़ का काढ़ा बनाकर सेवन करें। पत्तों का पेस्ट प्रभावित स्थान पर लगाने से भी राहत मिलती है।

प्रस्तुति : अभिषेक, जोगिंद्रनगर

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्र हिमाचल से कर रहा सौतेला व्यवहार : केवल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विधानसभा उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि केंद्र सरकार जीसटी मुआवजा सेस प्रदान करने को लेकर हिमाचल के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी मुआवजा से पहले 16 हजार करोड़ रुपए आता था जो जून 2022 में बंद हो गया एवं यह जीएसटी कंपनसेशन सेस ही पूर्व सरकार को 5 साल हर साल 3200 करोड़ रुपए के हिसाब से मिलता रहा है जिससे वह सरकार चली। पहले वेट एंड एक्साइज से इकट्ठा 4 हजार करोड़ रुपए मिलता था लेकिन जीसटी के बाद बंद हो गया एवं बद्दी से ही पहले 2500 करोड़ रुपए हिमाचल सरकार को मिलता था जो अब केवल 250 करोड़ मिलता है अर्थात 2250 करोड़ कम आता है। फार्मा हब की वजह से हिमाचल एक प्रोड्यूसर स्टेट है लेकिन कंज्यूमर स्टेट जहां माल बिकता है वो है उत्तर प्रदेश में हिमाचल का माल बिकेगा तो जीएसटी उस स्टेट को मिलेगा ना कि हिमाचल को। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आम लोगों की सरकार है। वर्तमान प्रदेश सरकार सुशासन सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत बदलाव कर रही है। उन्होंने कहा कि बदलाव के साथ चुनौतियां भी आ रही हैं लेकिन हर चुनौती का डटकर सामना किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में शीघ्र ही राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल भी स्थापित किया जाएगा।

### टमक की थाप पर बीड़ होली मेला शुरू

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ की बीड़ पंचायत में पांच दिवसीय



माता किरपा सुंदरी मेले का शुभारंभ हो गया। विधायक किशोरी लाल ने टमक बजाकर मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक किशोरी लाल ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति की अनमोल धरोहर है। इन मेलों की वजह से हमें अपनी संस्कृति का एक दूसरे के साथ आदान प्रदान करने का भी मौका मिलता है। इस मौके पर बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा तथा बीड़ पंचायत प्रधान सुरेश ठाकुर विजय सोनी सहित कई लोगों ने भाग लिया।

### घोड़ब के टीका भद्रेहड़ में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** विकास खंड नगरोटा बगवां की पंचायत घोड़ब के टीका भद्रेहड़ में सर्व धर्म मंदिर महादेव में 18वें भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में आसपास के गांवों के सैकड़ों लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के प्रधान नेक चंद, उपप्रधान मुल्तान सिंह, अजय सिंह खजांची, मुख्तयार सिंह मंदिर पुजारी, कप्तान रविंदर सिंह, सूबेदार जनक सिंह, कप्तान गुरवचन सिंह, रविंदर सिंह, जगरूप सिंह, सूबेदार मेजर करण सिंह आदि शामिल रहे।

### भलाड़ में वार्षिक भंडारे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, कोटला।** गुरु रविदास महाराज के 648वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर भलाड़ कमेटी द्वारा वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें इलाके के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और 11 बजे निशान साहिब की रस्म अदा की और उसके बाद कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बाबा बख्शीश दयाल वाले और पवन सिंह ने लोगों को गुरु रविदास की शिक्षाओं को अपने जीवन में ग्रहण करने का आग्रह किया।

### मटौर में साप्ताहिक सत्संग का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा मटौर निवासी बीपी शर्मा के घर में साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भक्तजनों को संबोधन करते हुए आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी हरिशानंद ने कहा कि जब भी हम भगवान के समक्ष जाते हैं, तो हम इन भौतिक वस्तुओं की मांग करते हैं और भगवान हमारी मांग के अनुसार वं वस्तुएं हमें प्रदान भी कर देते हैं, परंतु एक गुरु भक्त भगवान से केवल अपने गुरु के चरणों की वास्तविक भक्ति की मांग करता है। क्योंकि प्रभु भक्त जानता है, यह संसार के भोग पदार्थ एक मानव की परछाई की तरह है। जैसे परछाई को पकड़ना मुश्किल ही नहीं, असंभव है ठीक इसी प्रकार से यह भौतिक पदार्थ हमें कभी भी वास्तविक सुख की अनुभूति नहीं करवा सकते। वास्तविक सुख तो केवल मात्र गुरु की सेवा और ध्यान से ही मिलता है।

### रे में 16 वन मित्रों को नियुक्ति पत्र किए जारी

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** वन परिक्षेत्र रे के तहत पड़ते चार खंडों के लिए 16 वन मित्रों की नियुक्ति हुई है। उन्हें विभाग द्वारा नियुक्ति पत्र दे दिए गए हैं। जानकारी देते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि उक्त परिक्षेत्र के नियुक्त सभी 16 वन मित्रों को नियुक्ति पत्र दे दिए गए हैं। इनको जल्द विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उसके उपरांत उक्त बन मित्र अपनी-अपनी बीट में ड्यूटी संभालेंगे।

### ज्वालामुखी में हिंदू रक्षा मंच ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी में हिंदू रक्षा मंच हिमाचल प्रदेश की प्रांत कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक का रविवार को समापन हुआ, जिसमें प्रदेश भर के 18 संगठनात्मक जिलों के 95 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता हिंदू रक्षा मंच हिमाचल के प्रांत संयोजक खुशहाल सिंह गुलेरिया ने दीप प्रज्वलित करके की।बैठक में हिमाचल प्रदेश में हिंदू समाज से जुड़े हुए विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस मौके पर हिंदू रक्षा मंच हिमाचल के प्रांत सयोंजक खुशहाल सिंह प्रदेश की क़ानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए वताया की प्रदेश में बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था हिंदू रक्षा मंच के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने हिंदू रक्षा मंच हिमाचल प्रदेश के माध्यम से प्रदेश सरकार से मांग की है कि कानून-व्यवस्था को ठीक करने के लिए प्रभावी कदम उठाएं, ताकि प्रदेश में रहने वाले आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। प्रदेश में बढ़ती हुई अवैध गतिविधियों और चिट्टे जैसे नशों के ऊपर भी कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। धर्मांतरण और लव जिहाद की बढ़ती हुई घटनाएं भी यहां रहने वाले बहुसंख्यक समाज के लिए चिंता का विषय है।

### बरगद के पेड़ को नुकसान पहुंचाने वाले पर हो कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पर्यावरण प्रेमी मिलखी राम शर्मा ने रविवार को मीडिया के माध्यम से हाल ही में सिदपुरघाड़ में राष्ट्रीय पेड़ के साथ की गई छेड़छाड़ पर कार्रवाई की मांग करते हुए दो दिन का समय दिया है। उन्होंने बताया कि सिदपुरघाड़ में राष्ट्रीय पेड़ बरगद के साथ विकास के नाम पर छेड़छाड़ की गई है, वह अति निंदनीय है। उन्होंने उक्त मामले पर कार्रवाई के लिए वन मंडल अधिकारी नूरपुर को दो दिन का समय दिया है। अगर दो दिन के भीतर उक्त मामले में शामिल लोगों के खिलाफ एफआरआई दर्ज नहीं करवाई गई, तो मजबूरन उन्हें उच्च न्यायलय की शरण लेनी पड़ेगी।

# पूर्व छात्र संस्थान की अमूल्य धरोहर : पठानिया

## धर्मशाला कॉलेज में ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन ने किया 'ग्रेवेस लिगेसी अवॉर्ड्स-2025' का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



विधान सभा उप मुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने रविवार को राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'ग्रेवेस लिगेसी अवॉर्ड्स-2025' समारोह की अध्यक्षता की। इस आयोजन में विभिन्न बैचों के पूर्व छात्रों ने भाग लिया और अपने शैक्षणिक जीवन की यादें ताजा कीं। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि यह समारोह सिर्फ सम्मान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महाविद्यालय के पूर्व छात्रों को जोड़ने, पुरानी यादों को ताजा करने और वर्तमान छात्रों को प्रेरित करने का एक सुनहरा अवसर है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के सहयोग से राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में जिम बनाने के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। उप मुख्य सचेतक ने कहा कि ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन (ओएसए) का मुख्य उद्देश्य पूर्व छात्रों के बीच एक मजबूत नेटवर्क स्थापित करना है, जो न केवल आपस में संपर्क बनाए रखने में सहायक होता है, बल्कि कॉलेज की प्रतिष्ठा को भी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह संगठन पूर्व विद्यार्थियों को एक साझा मंच प्रदान करता है, जहां वे अपने अनुभव साझा कर सकते हैं, नए अवसरों पर चर्चा कर सकते हैं और संस्थान के विकास में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य छात्र संगठनों की तरह, ओएसए का भी मूल उद्देश्य समान विचारधारा वाले व्यक्तियों को एकजुट करना है, ताकि वे अपने संस्थान से जुड़े रह सकें और नए तथा पुराने छात्रों के बीच एक सार्थक संवाद स्थापित कर सकें।

**कार्यक्रम में पुरानी यादों को ताजा करने व छात्रों को प्रेरित करने का मिला सुनहरा अवसर**

ओएसए ने भविष्य में भी ऐसे कार्य, मों के आयोजन की प्रतिबद्धता जताई, जिससे पूर्व और वर्तमान छात्र एक साथ मिलकर महाविद्यालय की गरिमा को और ऊंचाइयों तक ले जा सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय के उन छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र, महाविद्यालय के शिक्षक और वर्तमान विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### चंबी में पुल का निर्माण कार्य जल्द होगा आरंभ

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** चंबी खंड मठ में बनने वाले पुल का निर्माण कार्य शीघ्र ही आरंभ कर दिया जाएगा। यह बात उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शनिवार को उपमंडल शाहपुर की ग्राम पंचायत ठारू के भटेच्छ ग्राउंड में यूथ स्पोर्ट्स क्लब भटेच्छ द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि ठारू बनू ललेटा धनोटु को जोड़ने वाली 11 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क के लिए चंबी मट्ट में एक पुल का निर्माण किया जाना है और ये पुल निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो जाएगा। पठानिया ने कहा कि विगत विधानसभा चुनावों से पूर्व उन्होंने क्षेत्रवासियों की पूरजोर मांग पर ये वायदा किया था कि कांग्रेस सरकार बनते ही प्राथमिकता के आधार पर इस सड़क का निर्माण करवाया जाएगा तो उन्होंने अपने इस वायदे को पूरा कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि गत 8 मार्च को माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा उक्त सड़क का शिलान्यास भी किया जा चुका है और अब शीघ्र ही इस सड़क व पुल का निर्माण कार्य आरंभ हो जाएगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ठारू से प्रधान सपना देवी, प्रधानाचार्य समशेर भारती,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता देव दत्त शर्मा, कांग्रेसी नेता विनय ठाकुर, संजय शर्मा, भटेच्छ से परस राम शर्मा, रणजीत सिंह, हरनारायण सिंह, खुशहाल सिंह, संसार सिंह, विपन शर्मा, विजय ठाकुर, सुखजीवन सिंह व अन्य मौजूद थे।

## हैप्पी बर्थडे



जोगिंद्रनगर के अथर्व सिंह राणा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



बड़ूही (ऊना) के माधव को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### स्पेशल ओलंपिक्स विंटर गेम्स में आकृति ने झटका एक और पदक

**अनंत ज्ञान, योल।** कांगड़ा की रहने वाली आकृति ने इटली के तूरिन में हो रही स्पेशल ओलंपिक्स



विंटर गेम्स में क्रॉस कंट्री स्कीइंग 100 मीटर रेस में एक और कांस्य पदक हासिल किया है। इस प्रकार आकृति ने दो कांस्य पदक झटककर न केवल भारत, बल्कि कांगड़ा का नाम भी रोशन किया है। इस उपलक्ष्य में सूर्य उदय ट्रस्ट के संस्थापक अनुराधा एवं सचिन ने कहा कि दिव्यांगता किसी चीज की बाधा नहीं, बल्कि एक अवसर है आसमां की ऊंचाइयों को छू जाने की। आकृति के घर में खुशियों का माहौल है और सब उसका ग्रैंड वेलकम करने की तैयारियों में लगे हुए हैं।

# स्पार्टन बनी हाइट प्रीमियर लीग की विजेता

## हाइट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन शाहपुर में करवाई क्रिकेट प्रतियोगिता

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

हाइट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन शाहपुर के छात्रों द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज की प्रमुख 16 टीमों ने भाग लिया जिसमें से मुख्यतः स्पार्टन, सिविल स्ट्राइकर, पॉलिटेक्निक, वेटरनरी, थडरबोल्ट, लॉ इलेवन, कम्प्यूट साइंस विभाग, हाइट स्टाफ इलेवन आदि टीमें थीं। सभी टीमों ने खेल में बेहतरीन प्रदर्शन किया और एक दूसरे को कड़ा मुकाबला दिया। प्रतियोगिता में सभी पड़ावों को पार करते हुए अंत में हाइट ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन की स्पार्टन तथा सिविल स्ट्राइकर टीम फाइनल में पहुंची, जिसमें स्पार्टन की टीम ने एक तरफा मुकाबले में सिविल स्ट्राइकर की टीम को फाइनल में



32 रन से हराया। टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर स्पार्टन टीम के अनमोल को मोस्ट वैल्यूवल प्लेयर और ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले मुर्तज़ा को मैन ऑफ दा टूर्नामेंट के खिताब से नवाजा गया। स्पार्टन टीम इससे पहले सीजन 1 और सीजन 2 में विजय रह चुकी है और सीजन 3 सिविल टीम जीती थी। फाइनल मुकाबले में हाइट ग्रुप के डीन अकादमिक डॉ नरेश कुमार तथा सुरेश सेठी मुख्यातिथि के रूप में सम्मिलित हुए और सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की तथा उन्हें बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में पनप रहा आतंक का माहौल: विपिन परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** से जारी बयान में हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री, कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रभारी व विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश में आतंक का माहौल पनप रहा है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से ध्वस्त हो चुकी है। सुक्खू सरकार कानून-व्यवस्था को संभालने में पूरी तरहसे नाकाम रहे हुए है। प्रदेश में गोली कांड, रेप हत्याएं होना आम घटनाएं बनती जा रही है। लोग खौफजदा है। सरकार आराम फरमा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का नाकामियों के कारण बिलासपुर में गोलीकांड जैसी घटना सामने आई है। यह पहली बार नहीं है जब बिलासपुर में इस तरीके से दिन दहाड़े रहने गोलियां चलाई गई हो। इसके पहले भी इसी तरीके की घटना हुई जिसमें पुलिस द्वारा कोई



सख्त कार्रवाई नहीं की गई। यदि पुलिस द्वारा समय रहते सख्त कार्रवाई की गई होती तो दोनों बार की गोलीबारी की घटनाएं सामने नहीं आती और प्रदेश में इस तरह की अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगती। इस मामले में सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करे और दोषी समस्त अपराधियों पर कानून के तहत कार्रवाई हो। इस घटना के पीछे के कारण और इसके साजिश की पूरी कहानी सामने आनी चाहिए।

### तीन वन काटुओं को किया अरेस्ट

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** वन परिक्षेत्र भदरोया के अंतर्गत थाना डमटाल में वनरक्षक सुल्तान सिंह द्वारा रिपोर्ट दर्ज करवाई कि कुछ लोग गांव सीरत में अवैध तौर पर खैर का कटान कर रहे हैं, जिस पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर तीन लोगों को अवैध तौर से खैर के पेड़ों पर कुल्हाड़ी करते हुए पाया, जिस पर उन्होंने तुरंत थाना डमटाल को सूचित किया जिसके तहत थाना डमटाल द्वारा कार्रवाई करते हुए तीन नौजवानों को मौके पर खैर के तीन पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाते हुए गिरफ्तार किया। तीनों पर थाना डमटाल में 173 बीएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस द्वारा जहां से इन लोगों ने खैर काटे थे, उसकी निशानी की गई तथा आगामी कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है।

# 7.25 ग्राम चिट्टे सहित महिला तस्कर काबू

## पुलिस ने आरोपी के घर में दबिश देकर 800 रुपए नकदी भी बरामद की

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

उपमंडल इंदौरा के अंतर्गत नशा तस्करी में कुख्यात एक महिला को पुलिस ने फिर से हेरोइन व नकदी सहित गिरफ्तार किया है। इस बार पुलिस ने उसके रिहायशी मकान में दबिश के दौरान तलाशी ली व 7.25 ग्राम हेरोइन तथा 800 रुपए नकदी बरामद की।

एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाते हुए पुलिस ने भदरोआ में रजनी पत्नी अक्षय कुमार निवासी भदरोया के रिहायशी मकान में छापामारी करके उसकी बहन सोनिया पत्नी नरेंद्र निवासी भदरोया के कब्जे से 07.25 ग्राम चिट्टा व 800 रुपए बरामद करने में सफलता हासिल की है।

### आरोपी पर पहले से दर्ज हैं 8 मामले

**एसपी** अशोक रत्न द्वारा जारी प्रेम नोट में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियोग



में गिरफ्तार सोनिया एक शातिर व अभ्यस्त नशा तस्कर है, जिस पर 17 मार्च, 2019 को पुलिस थाना डमटाल में 4.73 ग्राम हेरोइन, 14 अक्तूबर, 2019 को 9.09 ग्राम हेरोइन, 13 सितंबर 2020 को 7.79 ग्राम हेरोइन के मामले दर्ज हैं। वहीं 5 फरवरी, 2020 को पुलिस थाना डिविजन नं. 1 पठानकोट में, 24 सितंबर, 2021 को पुलिस थाना डिविजन नं. 2 पठानकोट में नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त पुलिस थाना डिविजन नं. 2 पठानकोट में ही 20 जुलाई, 2022 को 12 ग्राम हेरोइन, 10 सितंबर 2023 को फिर इसी थाना में फिर नशीले पदार्थों की तस्करी का एक और मामला दर्ज है तो वहीं इससे पहले पुलिस थाना नूरपुर में 12 मई 2018 को भी नशीले पदार्थों की तस्करी के एक मामले सहित 8 मामले पहले ही दर्ज हैं।

# सहकारी सभा ग्योरा ने अर्जित किया 22 लाख का शुद्ध लाभ

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

दी ग्योरा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित का साधारण अधिवेशन आज सभा प्रधान श्री कर्ण सिंह सेन जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सहकारी सभा की वर्तमान गतिविधियों पर चर्चा की गई। सभा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजिंदर सिंह ने उपस्थित सदस्यों बताया कि वर्ष 2023-2024 में सभा द्वारा 46 करोड़ का कारोबार किया गया व 22,56,051 रुपए का लाभ अर्जित किया गया और सभा का सरमाया 18 करोड़ हो गया है अधिवेशन में 11 प्रतिशत की दर से लाभ वितरण की स्वीकृति दी गई व सभी एजेंडो को चर्चा के उपरान्त ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। उपस्थित सदस्यों ने लोगों को घर द्वार बैंकिंग की सुविधाएं देने, किसानो को समय पर खाद व सदस्यों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रथम पुरुस्कार मिलने पर खुशी जाहिर की। सभा प्रधान कर्ण सिंह सेन द्वारा सभी सदस्यों से आग्रह किया कि जिन सदस्यों के बच्चों की उम्र 18 वर्ष हो चुकी है उनकी सभा सदस्यता लेने के लिए सहायता करे। सहकारी सभा की सदस्यता सभी 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के लिए खुली है। साथ ही, सभी दोषी ऋण सदस्यों को अपने बकाया ऋण व ब्याज का भुगतान 31 मार्च 2025 तक करने की अपील की ताकि सभा को दोषी ऋणीयों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई न करनी पड़े। अधिवेशन में सहकारी सभा को अधिक प्रभावी बनाने और किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने के लिए सुझाव भी प्रस्तुत किए गए। (अनंत ज्ञान)

# लड़की को धमकाने पर फर्जी पत्रकार पर केस दर्ज

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत थाना इंदौरा के तहत पड़ते एक क्षेत्र में सैलून में काम करने वाली लड़की को उसी सैलून में काम करने वाले एक लड़के द्वारा फर्जी पत्रकार बनकर परेशान किया जा रहा था। पीड़िता के अनुसार उक्त लड़का अपने आप को एक पत्रकार बताकर इलाके में घूमता है। वह काफी दिनों से उसका पीछा करता था तथा उसे जान से मार देने की धमकी भी देता था। वह उसे लगातार परेशान करता था। इससे तंग आकर पीड़िता ने थाना इंदौरा में शिकायत दर्ज करवाकर फर्जी पत्रकार के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की अपील की है।

थाना इंदौरा के डीएसपी संजीव यादव के दिशा-निर्देशानुसार उपरोक्त आरोपों पर बीएनएस की धारा 78 तथा 351(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली गई है। जल्दी ही उसे हिरासत में लेकर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# आयोग ने कामगार संघ के हक में दिया फैसला: रविंदर

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर हिमाचल के राज्य महासचिव रविंदर सिंह रवि ने प्रेस बयान में कहा है कि पिछली सरकार ने 5 लाख निर्माण श्रमिकों की योजनाओं पर कैंची चला दी थी। सरकार को कई प्रतिवेदन दिए गए, तो पिछली भाजपा सरकार ने रविंदर सिंह को बोर्ड से ही हटा दिया। सरकार के आदेश को चुनौती दी गई। उच्च न्यायालय में ने रविंद्र सिंह को दोबारा बोर्ड में बतौर डायरेक्टर नियुक्त कर दिया, लेकिन न्यायालय का फैसला भी कुछ अधिकारियों को हजम नहीं हुआ तो अवमानना का केस करना पड़ा तब नियुक्ति हुई। जिसके लिए श्रम एवं रोजगार विभाग का एक अधिकारी और बोर्ड का सचिव दोषी था। उसके बाद निर्माण मजदूरों को उनके कानूनी अधिकार दिलाने के लिए बोर्ड में लंबी लड़ाई लड़ी गई लेकिन कोई असर नहीं हुआ। अंत में कामगार संघ ने राज्य मानवाधिकार आयोग में याचिका दायर कर दी। जिस पर मानवाधिकार आयोग ने सभी तथ्यों की रोशनी में कामगार संघ के द्वारा लगाए गए सारे आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए और बोर्ड को मजदूरों के क्लेम पास करने के आदेश पारित किए गए हैं।

# विधायक संजय रत्न ने लॉरेट फार्मेसी संस्थान में एचपीटीयू युवा महोत्सव का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

कथोग स्थित लॉरेट फार्मेसी संस्थान में तीन दिवसीय एचपीटीयू युवा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। युवा महोत्सव का शुभारंभ मुख्यातिथि स्थानीय विधायक संजय रत्न, एचपीटीयू डीन एकेडेमिक्स एवं चेयरमैन ऑफ प्रोग्राम डॉ. जय देव, संसथान के प्रबंध निर्देशक डॉ. रण सिंह, उपमंडलीय न्यायाधीश जवालाजी डॉ. संजीव कुमार, स्पेशल गेस्ट रित्तू रत्न सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ोली पंचायत प्रधान रीता ने किया। महोत्सव के आयोजक सचिव डॉ. एमएस आशावत निर्देशक एवं प्राचार्य ने मुख्यातिथियों का स्वागत किया और अपने विचारों से अभिवादन



किया। डीन एकेडेमिक्स एवं चेयरमैन ऑफ प्रोग्राम डॉ. जय देव ने बताया कि तकनिकी यूनिवर्सिटी हर साल युवा महोत्सव का आयोजन करती है, जोकि इस बार लॉरेट फार्मेसी संस्थान कथोग में आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव में लगभग पच्चीस इंजीनियरिंग और फार्मेसी महाविद्यालय के 800 छात्र-छात्राएं विभिन्न नृत्य गतिविधियों में भाग ले रहे हैं, जिसमें ग्रुप लोक नृत्य, एकल नृत्य, ग्रुप डांस फ्री स्टाइल, स्किट ड्रामा, ग्रुप डांस पेट्रियोटिक थीम जैसी प्रतियोग्ताएं होगीं। महोत्सव के समन्वयक डॉ.विनय पंडित ने प्रोग्राम की रूपरेखा से अवगत करवाया। सह समन्वयक प्रोफेसर डॉ. सीपीएस वर्मा तथा डॉ. अमर दीप ने धन्यवाद प्रस्ताव से प्रतिभागियों का अभिनंदन किया।

**मुबारक** तिब्बती धर्मगुरु ने मार्क कार्नी को कनाडा का प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई

# कनाडा में एक जीवंत लोकतंत्र : दलाईलामा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा ने मार्क कार्नी को कनाडा की लिबरल पार्टी के नेता के रूप में चुने जाने और उसके बाद देश के प्रधानमंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति के लिए बधाई दी है। अपने संदेश में दलाईलामा ने कनाडा से अपने जुड़ाव पर जोर देते हुए लिखा एक मानद कनाडाई नागरिक होने के नाते, मुझे विशेष रूप से गर्व है कि कनाडा में एक जीवंत लोकतंत्र है।

पिछले कुछ वर्षों में कनाडा की अपनी यात्राओं के दौरान मैं कनाडा के लोगों द्वारा दिखाए गए मित्रता और स्नेह की गर्मजोशी से बहुत प्रभावित हुआ हूं। दलाई लामा ने तिब्बती लोगों के लिए कनाडा के ऐतिहासिक समर्थन को भी स्वीकार किया। तिब्बती लोगों को आपकी निरंतर सहायता के लिए कनाडा की सरकार और लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया, एक भावना जिसे उन्होंने कार्नी के पूर्ववर्तियों को भी व्यक्त किया



था। कनाडा में तिब्बतियों का एक बड़ा समूह रहता है, 2021 की कनाडाई जनगणना के अनुसार देश में 9,350 तिब्बती रहते हैं। अधिकांश लोग ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र में रहते हैं, विशेष रूप से टोरंटो के पार्कडेल पड़ोस में, जिसे अक्सर 'छोटा तिब्बत' कहा जाता है, जिसमें कई तिब्बती व्यवसाय व सांस्कृतिक संस्थान हैं। हाल के वर्षों में दक्षिण एटोबिकोक में भी तिब्बती आबादी में वृद्धि देखी गई है। कनाडा में तिब्बती शरणार्थियों का समर्थन करने का इतिहास रहा है। 1966 में, शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त ने शरणार्थी पुनर्वास कार्यक्रम स्थापित करने के लिए कनाडा से संपर्क किया। दलाई लामा ने कनाडा के प्रधान मंत्री लेस्टर बी. पियर्सन से तिब्बतियों के पुनर्वास की वकालत की। भारत में तैनात कनाडाई उच्चायुक्त जेम्स जॉर्ज ने इस मुद्दे को उठाया और उनके पुनर्वास के लिए सक्रिय रूप से अभियान चलाया। दिसंबर 1968 में, प्रधानमंत्री पियरे इलियट ट्रूडो ने इस मुद्दे के बारे में दलाई लामा को पत्र लिखा। 1970 तक कनाडा ने एक पायलट प्रोजेक्ट के हिस्से के रूप में 240 तिब्बती शरणार्थियों को फिर से बसाने की प्रतिबद्धता जताई थी। 1970 और 1971 के बीच, इन शरणार्थियों को भारत से कनाडा में स्थानांतरित कर दिया गया था।

### दिव्य ज्योति जागृति संस्थान ने किया मासिक सत्संग

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** बोड के राणा फार्म में मासिक सत्संग एवं भंडारे का आयोजन 16 मार्च को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा किया गया। सत्संग का मंच संचार साध्वी ज्योत्सना भारती द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि कैसे आज का युवा नशे की लत में आपने जीवन को नष्ट कर रहा है। नशा समाज के लिए एक ऐसा दीमक है जो समय से पहले ही जीवन को नष्ट कर रहा है। युवा पीढ़ी इसका शिकार होकर अपने भविष्य को नष्ट कर रहा है और अपना जीवन निरर्थक गवा रहा है! उन्होंने बताया कि इस मानव जीवन को सार्थक बनाने का एकमात्र उपाय है इसे परमात्मा की सच्ची भक्ति से संरक्षित व भरपूर कर दिया जाए।

विश्व एक विशाल व्यायामशाला है, जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं। –स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# ट्रंप की पाबंदियां

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर चर्चा में हैं। कारण, पाकिस्तान और रूस समेत 43 देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने का विचार है। अगर यह बात वाकई सच होती है, तो यह एक बड़ा और विवादास्पद कदम हो सकता है। यह कदम न केवल कूटनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भी गहरे प्रभाव डाल सकता है। ऐसे फैसले को तानाशाही के रूप में देखा जा सकता है, क्योंकि यह आमतौर पर एक शासक के निरंकुश सत्ता के प्रयोग से जुड़ा होता है, जो अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों में दखल देता है और उनके अधिकारों को सीमित करने की कोशिश करता है। किसी भी देश की ओर से अन्य देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने का निर्णय सामान्य रूप से सुरक्षा, कूटनीति या अन्य राजनीतिक कारणों से लिया जाता है। अमेरिका ने कुछ देशों के नागरिकों पर यात्रा प्रतिबंध पहले भी लगाए हैं, जैसे 2017 में ट्रंप प्रशासन ने सात मुस्लिम-बहुल देशों पर यात्रा प्रतिबंध लागू किया था, जिसे बाद में कई विवादों और कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। यह यात्रा प्रतिबंध अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी नीति के तहत था, लेकिन इसे आलोचकों के तानाशाही और नस्लवाद के आरोपों का सामना करना पड़ा। अगर डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान, रूस और अन्य 43 देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने का विचार कर रहे हैं। यह प्रतिबंध उन देशों से अमेरिका की सुरक्षा, आतंकवाद या अन्य चुनौतियों से निपटने के लिए हो सकता है।

हालांकि, इस कदम के पीछे के उद्देश्य पर आधारित ही यह तय होगा कि इसे किस रूप में लिया जाए। तानाशाही का तात्पर्य एक ऐसे शासन से है, जहां एक व्यक्ति या एक समूह बिना किसी कानूनी या संवैधानिक प्रतिबंध के सत्ता का प्रयोग करता है। ऐसे शासन में विपक्षी आवाजों को दबा दिया जाता है और निर्णय आमतौर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाहर हो सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने यह कदम, अगर किसी को भी भरोसे में न लेकर अकेले ही उठाया तो इसे तानाशाही का प्रतीक माना जा सकता है। हालांकि, अमेरिकी लोकतांत्रिक व्यवस्था में राष्ट्रपति को कुछ सीमित अधिकार होते हैं, जिनके तहत वे राष्ट्रीय सुरक्षा के उद्देश्य से कुछ कदम उठा सकते हैं, लेकिन ये कदम बिना किसी सशक्त और पारदर्शी प्रक्रिया के नहीं लिए जा सकते। अगर यात्रा प्रतिबंध केवल ट्रंप की व्यक्तिगत इच्छा और उनके प्रशासन के दृष्टिकोण पर आधारित होते हैं, तो यह आलोचना का कारण बन सकता है। यदि ट्रंप पाकिस्तान, रूस और अन्य देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने का विचार कर रहे हैं, तो यह निश्चित रूप से उनके साथ दुश्मनी का संकेत हो सकता है। इन देशों के नागरिकों पर प्रतिबंध लगाना न केवल उस देश के लिए अपमानजनक होगा, बल्कि यह उस देश के नेतृत्व के लिए भी एक चेतावनी का संदेश हो सकता है। ऐसे निर्णयों से अन्य देशों के साथ कूटनीतिक संबंधों में गंभीर दरारें पड़ सकती हैं।

विशेषकर, पाकिस्तान और रूस जैसे देशों के साथ अमेरिका का ऐतिहासिक संदर्भ जटिल रहा है। पाकिस्तान, जो एक प्रमुख अमेरिकी सहयोगी रहा है और रूस, जो एक प्रमुख वैश्विक शक्ति है, दोनों के साथ अमेरिका के रिश्तों में हमेशा उतार-चढ़ाव आया है। अगर यात्रा प्रतिबंध लगाए जाते हैं, तो यह इन देशों के साथ रिश्तों को और भी कठिन बना सकता है और इससे एक नई शीत युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ऐसे कदमों को लेकर संदेह और आलोचना व्यक्त कर सकता है। संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ और अन्य वैश्विक संस्थाएं इस तरह के कदमों की आलोचना कर सकती हैं, क्योंकि यात्रा प्रतिबंध अक्सर मानवाधिकारों और स्वतंत्रता के उल्लंघन के रूप में देखे जाते हैं। ऐसे फैसले वैश्विक कूटनीति में मुश्किलें पैदा कर सकते हैं, क्योंकि यह देशों के बीच सहयोग और आपसी समझौते को बाधित करता है। विशेषकर, यदि ट्रंप का यह कदम सिर्फ राजनीतिक कारणों या व्यक्तिगत विचारों से प्रेरित है, तो यह अन्य देशों को एक संदेश भेजेगा कि अमेरिका अपने शत्रुओं को दंडित करने के लिए एकतरफा कदम उठा सकता है।

यात्रा प्रतिबंधों का उद्देश्य और उनका प्रभाव दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। अगर ट्रंप का उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना है और अमेरिका को किसी विशिष्ट खतरे से बचाना है, तो यह कदम तात्कालिक सुरक्षा उपाय के रूप में समझा जा सकता है, लेकिन अगर यह कदम केवल राजनीतिक या व्यक्तिगत कारणों से लिया जाता है, तो यह न केवल तानाशाही जैसा प्रतीत हो सकता है, बल्कि इससे अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसके अलावा, यात्रा प्रतिबंधों का लंबी अवधि में कोई स्थायी समाधान नहीं हो सकता। यह केवल उस समय की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एक तात्कालिक उपाय हो सकता है, लेकिन इससे वास्तविक समस्याओं का समाधान नहीं होगा। बहरहाल ,डोनाल्ड ट्रंप का 43 देशों पर यात्रा प्रतिबंध लगाने का विचार एक गंभीर निर्णय हो सकता है, जो वैश्विक राजनीति में बड़े बदलाव की ओर इशारा करता है। अगर यह कदम तानाशाही की मानसिकता से लिया जाता है, तो यह अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को कमजोर कर सकता है। हालांकि, यह निर्णय अंततः इस पर निर्भर करेगा कि वह इस निर्णय को किस आधार पर और किस उद्देश्य से लागू करते हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि ट्रंप बेशक इन देशों पर प्रतिबंध लगा दें लेकिन वह पूर्णकालिक के बजाए आंशिक होने चाहिए । ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# अंतरिक्ष में जाने वाली प्रथम भारतीय महिला

**कल्पना** चावला एक भारतीय अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और अंतरिक्ष शटल मिशन विशेषज्ञ थी। वे कोलंबिया अंतरिक्ष यान आपदा में मारे गए सात यात्री दल सदस्यों में से एक थीं। कल्पना चावला का जन्म हरियाणा के करनाल कस्बे में हुआ था। कल्पना चावला अंतरिक्ष में जाने वाली प्रथम भारतीय महिला थीं। कल्पना के पिता का नाम बनारसी लाल चावला और माता का नाम संज्योती था। कल्पना चावला ने 1976 में करनाल के टैगोर स्कूल से स्नातक, 1982 में चंडीगढ़ से एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग तथा 1984 में टेक्सास विश्वविद्यालय से एरोस्पेस इंजीनियरिंग में एमए किया। उन्होंने 1988 में कोलोरेडो विश्वविद्यालय से डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री प्राप्त की। इसी वर्ष कल्पना ने नासा के एम्स रिसर्च सेंटर में काम करना शुरू किया। 1994 में उनका चयन बतौर अंतरिक्ष-यात्री किया गया। उन्होंने फ्रांसीसी व्यक्ति जीन पियर से शादी की थी। कल्पना चावला को मरणोपरांत:निम्न पुरस्कार मिले- कांग्रेशनल अंतरिक्ष पदक के सम्मान,नासा अंतरिक्ष उड़ान पदक,नासा विशिष्ट सेवा पदक प्रतिरक्षा विशिष्ट सेवा पदक। ■



कल्पना चावला
जन्म : 17 मार्च, 1962
मृत्यु : 1 फरवरी, 2003



कविता

## सब संभव है

*कनुप्रिया ( नूरपुर )*

*जीवन की अलभ्य अभिलाषा से वंचित हों तो विरक्ति संभव है।*
*विकल, निष्ठुर मानव हृदय का आवेग में बह जाना, फिर पछताना संभव है।*
*विस्मृति के बीजों से यादों का झाड़, फिर उग आना संभव है।*
*रात के अंधकार से, विचारों का अंधकार अति शय होना संभव है।*
*मंदिर मंडप में खड़े स्तंभों सा,*
*कुछ संबंधों में कभी न मिलना संभव है।*
*प्रभात की किरणों का उसी मंदिर-शिखर पर हंसना संभव है।*
*आमोद प्रमोद में भी नैनो से निर्झर नीर निकालना।*
*एकांत कानन में सुदूर पुलिन से लहरों की ध्वनि का सुनना संभव है।*
*बसंत की मंजरियों से पराग बरसे,*
*किसलय पल्लव का अक्सर हास-उपहास संभव है।*
*अपनी दिनचर्या में धवल यश की गरिमा में,*
*मानसिक स्वतंत्रता की धारा का वेग पूर्ण बह जाना संभव है।*
*अनुग्रह से कृतज्ञ हो जाना,*
*कृतज्ञता से परतंत्र हो जाना संभव है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल में आफत में वन्य प्राणियों की जान

धरती पर जब से मानव जाति अवतरित हुई है तब से पारिस्थितिकी तंत्र में छेड़छाड़ हो रही है जो अनवरत जारी है। लोग जैसे-जैसे धरती पर विभिन्न जगहों पर बसते गए वैसे-वैसे उन्होंने अपनी जरूरत के अनुसार जंगलों से लकड़ी काटना शुरू किया। पहले घर बनाने के लिए पहाड़ों को काटा और फिर फसल बिजाई के लिए जंगलों को काटा। साथ में मांसाहार की चाह में जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए जाल बिछाना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे यह चाह व्यावसायिक होती गई। जानवरों के अंग और खालें बेचना शुरू हुई। पैसे के चक्कर में आज दुनिया में नौबत यहां तक पहुंच गई है कि वन्यजीवों की आबादी अप्रत्याशित रूप से घटने लगी है। सरकारें बेशक इस कृत्य को रोकने की भरपूर कोशिश कर रही हैं, कुछ मामलों में सफलता भी मिल रही है, लेकिन सभी प्रजातियां शिकारियों की गोली से सुरक्षित नहीं हैं। दुनिया के मात्र 2.4 प्रतिशत भू-भाग पर कब्जा करने के बावजूद भारत में दर्ज सभी प्रजातियों का 7 से 8 प्रतिशत हिस्सा है, जिसमें पौधों की 45000 प्रजातियां और जानवरों की 91 हजार प्रजातियां शामिल हैं। केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मुताबिक, भारत में कुल मिलाकर 10 जैव भौगोलिक क्षेत्र हैं। यहां पर अब तक दर्ज स्तनधारी प्रजातियों में से 8.58 प्रतिशत का घर है। पक्षियों के लिए यह आंकड़ा 13.66 प्रतिशत, सरीसृपों के लिए 7.91 प्रतिशत, उभयचरों के लिए 4.66 प्रतिशत, मछलियों के लिए 11.72 प्रतिशत और पौधों के लिए 11.80 प्रतिशत है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के पालमपुर उपमंडल के जिया के ऊपरी इलाके दियाल में शिकारियों ने हाल ही में पांच दुर्लभ वन्य जीव हिमालय आईबैक्स थार की हत्या कर दी।

वन विभाग ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर मांस, बंदूकें और तेजधार बरामद किए। इससे पहले शिमला जिले के रामपुर बुशहर उपमंडल के तकलेच क्षेत्र में दुर्लभ जंगली जानवर घोरल का अवैध शिकार किया गया। इस सिलसिले में तीन युवक गिरफ्तार किए गए, जिनके कब्जे से वाहन सहित दो बंदूकें भी बरामद हुईं। ये मामले इस बात की तस्दीक हैं कि हिमाचल में अवैध शिकार आजकल जोरों पर है। वन्य जीव अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर शरण ले रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में हाल के वर्षों में वन्य प्राणियों के शिकार की घटनाएं काफी बढ़ी हैं, जिससे वन्य जीवों की प्रजातियों के अस्तित्व के लिए खतरे की स्थिति पैदा हो गई है। विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश के वन्यजीवों जैसे तेंदुआ, काले भालू, धौलधार के भालू, हिमालयन मोनाल और अन्य पक्षियों के शिकार की घटनाएं सामने आई हैं। 2019-2020 के बीच, राज्य में वन्य जीवों के शिकार की लगभग 100 से अधिक घटनाएं दर्ज की गईं थीं। इनमें तेंदुआ, जंगली सूअर और अन्य छोटे-मोटे जानवर शामिल हैं। साथ ही, अवैध शिकार से जुड़ी अन्य गतिविधियां जैसे कि उनके अंगों की तस्करी भी चिंताजनक है। कोरोनाकाल के दौरान वन्य जीवों के शिकार की घटनाओं में और भी इजाफा हुआ। हिमाचल के कुछ क्षेत्रों में अवैध शिकार करने के लिए शिकारी वन क्षेत्रों में घुसकर इन जानवरों को मार डालते हैं और उनके अंगों को बेचने के लिए वन्यजीव तस्करों से संपर्क करते हैं। वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए कई कदम उठाने की आवश्यकता है। शिकार और तस्करी पर कड़ी सजा और जुर्माना लगाने से शिकारियों पर अंकुश लग सकता है।



वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत वन्यजीवों के शिकार को गैरकानूनी घोषित किया गया है और इस पर कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। वन्य प्राणी न केवल जैव विविधता के लिए आवश्यक हैं, बल्कि इनका संरक्षण पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए भी जरूरी है। वन्यजीवों के लिए संरक्षित क्षेत्र और अभयारण्यों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि इन प्राणियों को प्राकृतिक आवास में सुरक्षा मिल सके। वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों का अतिक्रमण रोकने के लिए सरकार को कठोर कदम उठाने चाहिए। हिमाचल जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में अधिक निगरानी तंत्र की आवश्यकता है ताकि शिकारियों की गतिविधियों पर काबू पाया जा सके। वन्य प्राणियों का शिकार करने से न केवल उनकी संख्या में कमी आती है, बल्कि इससे पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है।

वन्य जीवों का शिकार होने से जैव विविधता पर बुरा असर पड़ता है। कई प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच जाती हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन होना वाकई बड़ी समस्या है। उदाहरण के लिए, मांसाहारी जानवरों के शिकार से शाकाहारी प्राणियों की संख्या में वृद्धि हो सकती है, जो प्राकृतिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है। वन्य प्राणियों के संरक्षण से पर्यटन क्षेत्र में विकास होता है, लेकिन शिकार और तस्करी से इस क्षेत्र को भी नुकसान हो सकता है। भारत में वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए कई कानून हैं। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत, वन्य प्राणियों का शिकार, तस्करी और उनका संरक्षण सुनिश्चित किया जाता है। इस अधिनियम में शिकारियों को कड़ी सजा और जुर्माना देने का प्रावधान है। प्राकृतिक संसाधन संरक्षण नीति के तहत वन्यजीवों के शिकार और उनकी तस्करी पर निगरानी रखने के लिए विशेष सुरक्षा बलों का गठन किया गया है। राष्ट्रीय पार्क और अभयारण्यों में शिकार पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसमें तस्करी के खिलाफ कार्रवाई के लिए विशेष प्रयास किए जाते हैं। खाल तस्करी से लेकर जादू टोने तक वन्य प्राणियों के मांस का भी इस्तेमाल होता है। वन्य प्राणियों का शिकार केवल उनके अंगों के लिए नहीं, बल्कि उनकी खाल, मांस और हड्डियों का इस्तेमाल भी अवैध व्यापार में होता है। खासकर, खाल तस्करी और जादू-टोने के नाम पर इन प्राणियों के मांस का उपयोग किया जाता है। कुछ समाजों में इनका मांस या अंग विशेष प्रकार के तंत्र-मंत्र में इस्तेमाल किए जाते हैं, जो एक गंभीर सामाजिक और पारिस्थितिकीय समस्या का रूप ले चुका है। अंतरराष्ट्रीय तस्करी वन्य प्राणियों के शिकार और उनके अंगों की अवैध व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इन अंगों को विदेशों में भेजा जाता है, जहां इन्हें विभिन्न चिकित्सा, तंत्र-मंत्र, और फैशन उद्योगों में बेचा जाता है। चीनी चिकित्सा पद्धतियों में कुछ वन्य प्राणियों के अंगों का उपयोग भी किया जाता है।

### यथार्थ



लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

इससे यह समस्या और भी विकट हो गई है, क्योंकि अब यह केवल एक स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि एक वैश्विक मुद्दा बन चुका है। ऐसे में अवैध शिकार पर रोक लगाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि शिकारियों का नेटवर्क बहुत मजबूत होता है और उन्हें पकड़ना मुश्किल हो सकता है। हालांकि, यदि सरकार और समाज मिलकर काम करें, तो अवैध शिकार को कम किया जा सकता है। इसके लिए आवश्यक है अधिक पुलिस और वन्य सुरक्षा बलों की तैनाती और कम सजा की बजाय कड़ी सजा का प्रावधान।

ग्रामीण क्षेत्रों में शिकारियों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी जरूरी है। अन्य देशों के साथ मिलकर वन्य प्राणियों के अवैध शिकार और तस्करी पर काबू पाया जा सकता है। वन्य प्राणियों का संरक्षण केवल एक सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है। शिकारियों के खिलाफ कड़े कानून, सार्वजनिक जागरूकता और उचित निगरानी तंत्र से इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है। साथ ही, शिकार और तस्करी की वैश्विक समस्या को हल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। हिमाचल प्रदेश का राज्य पक्षी पहले हिमालयन मोनाल था, जो अपनी खूबसूरती और रंग-बिरंगे पंखों के लिए प्रसिद्ध है। मोनाल, जो भारत का राष्ट्रीय पक्षी मोर का करीबी रिश्तेदार है, हिमालय की ऊंची पहाड़ियों में पाया जाता है। यह पक्षी पर्यावरण और जैव विविधता का अहम हिस्सा था, लेकिन अत्यधिक शिकार, आवासीय क्षेत्र का संकुचन और पर्यावरणीय बदलावों के कारण यह पक्षी विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गया। देखते ही देखते हिमाचल प्रदेश में मोनाल की संख्या में भारी कमी आई और यह पक्षी अब पहले जैसा आम नहीं रहा। हिमाचल प्रदेश में मोनाल के विलुप्त होने के कारण राज्य सरकार को राज्य पक्षी के रूप में नया विकल्प चुनने की आवश्यकता महसूस हुई। 2020 में हिमाचल सरकार ने जाजुराणा, जिसे रॉक थ्रश कहा जाता है, को राज्य पक्षी घोषित किया। यह हिमाचल प्रदेश के विभिन्न इलाकों में पाया जाता है। जाजुराणा अपने आकर्षक रंगों और मधुर आवाज के लिए प्रसिद्ध है, अब हिमाचल की पहचान बन चुका है।

जाजुराणा के राज्य पक्षी के रूप में चयन के पीछे कई कारण थे। जाजुराणा के चयन में स्थानीय पारिस्थितिकी की बहुत बड़ी भूमिका रही। जाजुराणा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में पाया जाता है, विशेष रूप से उच्च पहाड़ी क्षेत्रों में। यह पक्षी पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है और कई जैविक प्रक्रियाओं का हिस्सा है। जैसे मोनाल, जाजुराणा भी एक महत्वपूर्ण प्रजाति है, जो इन क्षेत्रों की पारिस्थितिकी में अहम भूमिका निभाता है। जाजुराणा भी एक संवेदनशील प्रजाति है और इसकी भी सुरक्षा की आवश्यकता है। इसे राज्य पक्षी के रूप में घोषित करके संरक्षण की दिशा में ध्यान आकर्षित किया गया है। इस कदम से स्थानीय समुदायों और पर्यावरणीय संगठनों को संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का मौका मिला है। जाजुराणा हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर और पारंपरिक पहचान का हिस्सा बन चुका है। इस पक्षी को स्थानीय लोगों के बीच एक धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इसे राज्य पक्षी के रूप में घोषित करके इस सांस्कृतिक जुड़ाव को और मजबूत किया गया। इसका खूबसूरत रंग और रूप हिमाचल प्रदेश के अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य को दर्शाता है। यह पक्षी अपने आकर्षक रंगों और मधुर आवाज से न केवल पर्यटकों को आकर्षित करता है, बल्कि स्थानीय जैव विविधता का भी प्रतिनिधित्व करता है।

शिकार का पर्यावरण पर भी प्रभाव पड़ता है लोगों और जानवरों को इससे बेहद खतरा है, क्योंकि इससे वन्य जीव आबादी प्रभावित होती है और उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है। लोग अवैध शिकार किया गया मांस खाते हैं और मर सकते हैं। 75 प्रतिशत तक नई बीमारियां पशुओं का मांस खाने से होती हैं। इस प्रकार की बीमारी पशुओं और मनुष्य के बीच फैल सकती है जिसे जूनोटिक कहा जाता है। ये रोग केवल तभी फैल सकते हैं जब कोई व्यक्ति रोगाणुओं के संपर्क में आता है यही कारण है कि ये इतनी खतरनाक होते हैं। रोगाणु वह चीज है जो आपको बीमार कर सकती है। अधिकांश जूनोटिक रोग वायरस के कारण होते हैं। इबोला, मंकी पॉक्स, बर्ड फ्लू, कोरोना वायरस जूनोटिक रोगों के उदाहरण हैं। यह बात सत्य है की शिकार का प्राकृतिक दुनिया पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बहुत प्रभाव पड़ता है। कई बार लोगों को तब तक पता ही नहीं चलता कि अवैध शिकार से पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ रहा है, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। आइए हम सब वन्य जीवन के संरक्षण का संकल्प लें। जीने का अधिकार सबको है इसलिए उन्हें भी जीने दें।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# वक्त बदला, हालात बदले, वक्त के साथ बच्चों के संस्कार बदले

मां-बाप की डांट-फटकार और औलाद खौफनाक कदम को तैयार, क्या यही हैं संस्कार? कहते हैं कि मां-बाप जीवन के सबसे बड़े गुरु होते हैं, क्योंकि वे न केवल बच्चे को जन्म देते हैं, बल्कि खुद विपरीत परिस्थितियों को सहन कर बच्चों का लालन-पालन करके आगे बढ़ने की राह दिखाते हैं, लेकिन हाल ही में हिमाचल प्रदेश की छोटी काशी मंडी में पिता की डांट से नाराज छात्रा द्वारा ब्यास नदी में छलांग लगाने व ऊना जिला में पिता से बहसबाजी करके नाबालिग बेटी द्वारा फोन पटक कर आत्महत्या की धमकी देते हुए, पांच मंजिला इमारत की छत पर चढ़ने की घटनाओं ने देवस्थली के हर मां-बाप को भयभीत कर दिया है। गनीमत यह रही कि ऊना में तो मौके पर मौजूद कुछ युवकों ने मुस्तैदी दिखाते हुए उस नाबालिग बेटी को सुरक्षित नीचे उतार लिया, लेकिन मंडी में ऐसा नहीं हो सका और यहां बेटी ने गुस्से में आकर पुल से छलांग लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

इन दोनों खौफनाक घटनाओं से कई प्रकार के प्रश्न पैदा होते हैं। क्या मां-बाप को बच्चों को गलत काम के लिए डांटने का अधिकार है या नहीं? क्या मां-बाप की रोक-टोक बच्चों की आजादी पर बंदिशें लगाती है? यदि कानूनी दृष्टिकोण से देखा जाए तो शारीरिक या मानसिक रूप से बच्चों के साथ हिंसा करना उनके संरक्षण, सुरक्षा और न्याय के खिलाफ होता है, लेकिन यह भी सत्य है कि ज्यादातर मां-बाप अपने बच्चों को गलत काम करने पर तथा उनमें सुधार लाने के प्रयोजन से ही डांट लगाते हैं।



लेखक : प्रवीण राणा आलमपुरी
आलमपुर साई, कांगड़ा (हि. प्र.)

बेशक बच्चे अपने बौद्धिक स्तर के हिसाब से सही रहते हों भी, लेकिन उनकी बुद्धि इतनी विकसित नहीं होती कि वह जो कर रहे हैं वह सब सही है। बच्चों को समझाने के लिए माता-पिता सदैव तत्पर रहते हैं, क्योंकि वे यही चाहते हैं कि उनके बच्चे का सर्वांगीण विकास हो सके। मां-बाप बच्चों को जीवन के सफर में गुरु की तरह मूल्यवान ज्ञान और सीख भी प्रदान करते हैं ताकि बच्चे उनकी सही मार्गदर्शन का अनुसरण करके रसातल से शिखर तक पहुंच सके, लेकिन वर्तमान परिवेश में इसे विडंबना कहें या वक्त की रफ्तार या मानसिकता में बदलाव, आजकल के बच्चों में सहनशीलता का निरंतर पतन हो रहा है। मां-बाप की सही सलाह भी उन्हें बुरी लगती है। अधिकतर बच्चे अपने मां-बाप को अपना दुश्मन समझ बैठे हैं।



एक समय ऐसा भी था जब बच्चे मां-बाप की इजाजत के बिना कुछ भी नहीं करते थे। परिवार में अनुशासन को सर्वोपरि माना जाता था, जहां बच्चे अपने मां-बाप के निर्देशों का पालन करने में विश्वास रखते थे, जिससे परिवार में अनुशासन और व्यवस्था बनी रहती थी। मां बाप का बच्चों पर पूरा नियंत्रण रहता था तथा बच्चे उनके निर्देशों का पालन करने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे, लेकिन वर्तमान समय में बच्चे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर जीने में अधिक स्वतंत्र महसूस करते हैं। उन्हें मां-बाप की रोक-टोक कतई पसंद नहीं है। पहले की अपेक्षा बच्चों की जीवन शैली बिलकुल बदल चुकी है। सोशल मीडिया के दौर में बच्चों की पूरी जीवन शैली प्रभावित हो रही है जिसमें उनका रहन-सहन, खान-पान, वेशभूषा और बोलचाल सभी समग्र रूप से शामिल है। मनमर्जी करना, चिड़चिड़ेपन या क्रोध की दीर्घकालिक स्थिति में रहना, तनाव में रहकर अपने अंदर नकारात्मक ऊर्जा संचारित करना, नैतिक मूल्यों के पतन का मुख्य कारण है। अधिकतर समय मोबाइल पर चिपके रहना, पढ़ाई में कम दिलचस्पी व महंगे-महंगे शौक रखना आम बात हो गई है।

यहां तक कि बच्चों का पूजा पाठ में भी कोई दिलचस्पी नहीं होती है, जबकि रोज पूजा करने से बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा अर्जित होती है। मन में एकाग्रता और शांति बढ़ने लगती है। मस्तिष्क में बहने वाली ऊर्जा संतुलित हो जाती है और बच्चों का पढ़ाई में मन लगने लगता है। याददाश्त बढ़ जाती है, याद किया हुआ लंबे समय तक याद रहता है। प्रभु कृपा बरसने लगती है। आधुनिकता के दौर में बच्चों में अनुशासन के गुणों का समावेश करना मां-बाप के लिए जटिल काम है। प्राचीन समय में संयुक्त परिवार की परंपरा थी जिसमें बच्चे को अनुशासन सिखाने का काम परिवार के सभी लोग मिलकर करते थे, लेकिन जैसे-जैसे हमारी जरूरतें बदली, संयुक्त परिवार की तस्वीर भी तीव्रता से बदलने लगी।

ज्यादातर लोग संयुक्त से एकल परिवार में रहने लगे। ऐसे माहौल में एकल परिवार में माता-पिता पर अपने बच्चों को सही संस्कार और अनुशासन सिखाने की जिम्मेदारी बढ़ गई। अतः मौजूदा हालात में बच्चे को बचपन से ही सभ्य व अनुशासित सरीखे गुणों से संचित करने की जिम्मेदारी मां-बाप की है, जिसके लिए हर संभव प्रयास करने की आवश्यकता है। बच्चों को भी याद रखना चाहिए कि मां-बाप का कहा मानने से व उनकी सेवा करने से इस जहां में इज्जत, दौलत और जन्नत सब कुछ नसीब होती है। इस वक्त मां-बाप की बातें बुरी लगती हैं, लेकिन जब मां-बाप का साया सिर से उठ जाता है तो याद आती है कि हमारे मां-बाप हमें सही बोलते थे, काश हमने उनकी बातों का अनुसरण किया होता, लेकिन समय बीत जाने के बाद पछताने से कोई फायदा नहीं होता।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# राष्ट्रीय संपत्ति की क्षति का जिम्मेदार आखिर कौन ?

देश शिक्षित हो रहा है, देश विकसित हो रहा है। आज हम देखें तो पंचायत स्तर से लेकर राष्ट्रीय राजधानी तक असंख्य संस्थान खुल रहे हैं। गांव में स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक भवन, पंचायत घर, आंगनबाड़ी और बालबाड़ी के अतिरिक्त लोगों की जरूरतों के अनुसार और भी कई तरह के भवन आधुनिक तकनीकी के अनुसार बनाए जा रहे हैं।

तहसील और उपमंडल स्तरों पर लघु-सचिवालय भवन, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन, अस्पताल और कॉलेज भवन आदि का निर्माण हुआ है। शहरों की बात करें तो विशाल इमारतें अस्तित्व में आ रही हैं, जिनमें कोई न कोई इंजीनियरिंग कॉलेज, बहुतकनीकी संस्थान, मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय, शौपिंग कांप्लेक्स या कोई बड़ा सरकारी कार्यालय चल रहा होता है। इन इमारतों को देखकर गर्व महसूस होता है कि अपना देश प्रगति के पथ पर सरपट दौड़ रहा है। शिक्षा का स्तर भी दिनोंदिन बेहतरीन होता जा रहा है। देश की भावी पीढ़ी इन्ही इमारतों में चल रहे कॉलेजों में शिक्षण और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। अध्यापक, डॉक्टर, इंजीनियर, सैनिक, कलाकार और दूसरे महत्वपूर्ण सामाजिक औहदों को अपनी-अपनी योग्यताओं के अनुसार प्राप्त कर रहे हैं। आम आदमी को भी शिक्षा और रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। इन्ही सरकारी भवनों के अंदर हमें अपनी जरूरत के हिसाब से उठने-बैठने, आराम करने, जलपान, भोजन और शौच आदि की सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। खासकर बात मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों की करें तो यहां हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन अपना इलाज करवाने आते हैं। कई मरीजों और उनके तीमारदारों को महीनों यहां रुकना पड़ता है।





लेखक : धर्म चंद धीमान
बल्हाड़ा, मंडी (हि. प्र.)

इन भवनों का निर्माण आधुनिक तकनीक से किया गया होता है, इन में न सर्दी और न ही गर्मी का आभास होता है। भवनों के अंदर हर मौसम में लोग सहज महसूस करते हैं। पेयजल व्यवस्था की बात करें तो ठंडा, गर्म या फिर सामान्य तापमान का जल हर पल यहां उपलब्ध रहता है। भोजन व्यवस्था के लिए सुव्यवस्थित और सुनियोजित ढंग से कैंटीनों का प्रबंध किया गया होता है और सबसे ज्यादा जरूरत जो हर व्यक्ति की रहती है वह है शौचालयों की उपलब्धता और इन भवनों के अंदर ये शौचालय आने वाले लोगों की संख्या और जरूरत के अनुसार पर्याप्त मात्रा में निर्मित होते हैं। सिर्फ खाने को छोड़कर अन्य किसी भी सुविधा की बात करें, तो हर सुविधा हमें निशुल्क उपलब्ध रहती है और अब तो अधिकांश अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में खाने की सुविधा भी लंगर के रूप में उपलब्ध रहती है जो किसी न किसी संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही है। अब इतना सब हमें लगभग निशुल्क उपलब्ध हो रहा है। अब जब कभी किसी भी ऐसे भवन में जाना होता है तो वहां की सुविधाओं को देखकर मन बाग-बाग हो जाता है, लेकिन साथ ही जब शौचालयों में स्थापित टॉयलेट सीटों की दुर्दशा देखते हैं, शौचालयों, स्नानघरों में टूटे हुए नलों को देखते हैं। प्रसाधन के लिए दीवारों पर लगाए हुए टूटे शीशों को देखते हैं, दीवारों पर थूकने के निशानों को देखते हैं, दरवाजों के टूटे हुए हैंडलों को देखते हैं, बैठने के लिए लगाए गए कुर्सियों और बेंचों की टूटी-फूटी हालत देखते हैं, कैंटीनों के पास कूड़ादानों के इधर-उधर फेंके गए गंद को देखते हैं और साथ ही जहां कहीं भी बैठे, कुछ खाया पिया तो खाने के बाद खाली फेंके गए रैपर आदि को देखते हैं तो मन में एक प्रश्न आता है कि यह संपत्ति आखिर किसकी है? किस के लिए है ? स्वभाविक है जो उत्तर मिलने वाला है वो यह है कि यह राष्ट्रीय संपत्ति है जो सरकार द्वारा बनाई गई है।

सरकार का कर्तव्य है कि अपनी प्रजा के जीवन को बेहतर बनाने के लिए हर सुविधा उपलब्ध करवाए, लेकिन फिर प्रश्न आता है कि प्रजा का भी कोई कर्तव्य नहीं है क्या? इस राष्ट्रीय संपत्ति का जिम्मेदार आखिर है कौन? हर व्यक्ति के अधिकार के साथ ही उसका कर्तव्य भी जुड़ा है, अगर हम सुविधा का भोग कर रहे हैं तो उसका रखरखाव भी हमारा नैतिक कर्तव्य है। किसी दूसरे व्यक्ति के ऊपर उन सुविधाओं के रखरखाव की जिम्मेदारी छोड़ना कहां तक उचित है? अगर हम ज्यादा भी कुछ नहीं कर सकते तो कम से कम जिनती अव्यवस्था हमारे द्वारा किसी सुविधा को उपयोग करने से हुई है उसे तो हम व्यवस्थित कर दें। नलों का प्रयोग उतनी समझदारी से करें जितनी हम अपने घरों में करते है। इनका रखरखाव की जिम्मेदारी शत-प्रतिशत हमारी ही है। अन्यथा हम किसी भी सुविधा के काबिल ही नहीं हैं जो कि यही सिद्ध करता है कि हम केवल अपने मतलब तक ही सिमित हैं और अपने राष्ट्र धर्म से पूरी तरह अनभिज्ञ है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### कठोगण गांव में बंजर पड़ी भूमि पर लगाए जाएंगे पौधे

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** टिक्कर पंचायत के कठोगण गांव में बागवानी अधिकारी के साथ शिवा प्रोजेक्ट के तहत बंजर पड़ी भूमि में फलदार पौधे लगाने हेतु पंचायत उपप्रधान अच्छर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। वन विकास समिति के प्रधान सार्जेंट पवन कुमार ने बताया कि सब इंस्पैक्टर जगदीश चंद के प्रयास से शिवा प्रोजेक्ट अधिकारी गांव में भूमि और पानी के स्रोत की जानकारी हेतु गांव में पहुंचे और ग्रामीणों के साथ बैठक की गई। सभी ग्रामीणों ने फलदार पौधे लगाने के लिए सहमति जताई। प्रोजेक्ट के तहत बंजर पड़ी भूमि पर अमरूद, मौसमी, संतरा, लीची और जापानी फल जैसी किस्म के पौधे लगाए जाएंगे। जिससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी। पौधारोपण हेतु दो क्लस्टर बनाए जाएंगे और कठोगण मुहाल में टिक्कर और सदोह के जिन लोगों की जमीन है, सभी इससे लाभान्वित होंगे। इस बैठक पर बागवानी अधिकारी चमन लाल, वन विकास समिति कठोगण के प्रधान पवन कुमार, मंढोल किसान सभा टिक्कर प्रधान रूपलाल, किसान सभा सचिव धर्मपाल, मशरूम समूह प्रधान बालमराम,सब इंस्पेक्टर जगदीश चंद और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### दुकानदारों ने बंद किया बीबीएमबी का स्नानघाट

**अनंत ज्ञान, महादेव।** बीएसएल (बीबीएमबी) परियोजना सुंदरनगर की नहर से सटे नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते गांव बग्गी में एक बड़े भाग में चलाई जा रही दुकानदारी जो नहर मार्ग से जुड़ी हुई है की आड़ लगने से नहर में बना स्नान घाट रोकी गई हालत में देखा जा सकता है जबकि परियोजना के माध्यम से योजनबद्ध तरीके से पात्र लोगों के लिए दूकानें बनाए जाने की मांग पड़ी है लंबित। स्नान घाट को रोके जाने से स्थानीय लोग एवं राहगीर-सैलानी आदि बीबीएमबी द्वारा बनाए गए इस स्नान घाट का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं जिससे एक अव्यवस्था के चरम पर होने का पता चलता है। परियोजना स्थल सुरक्षा की दृष्टि के मुताबिक नजर आना जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग इसलिए भी है क्योंकि परियोजना को चाहिए कि वह योजनाबद्ध तरीके से सीमित स्थान पर दूकानें बनाए और पात्र लोगों को आबंटित करे ताकि अव्यवस्थित ढंग से चलाई जा रही दूकानदारी एक स्नानघाट के लिए ही आफत लेकर न आए बल्कि सुरक्षा के क्षेत्र के लिए भी कोई खतरा पैदा न करे इसके लिए बीबीएमबी को अपनी जिम्मेदारी ठीक यानि उचित ढंग से समझने की भी जरूरत है। लोगों ने बीबीएमबी प्रशासन तथा मंडी की सांसद कंगना रनौत से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही बीएसएल परियोजना (बी बीएमबी) क्षेत्र को सही मायने में सुरक्षित करने हेतु एक बड़े भाग में किए गए अवैध कब्जों को हटाने के साथ ही उर्जा मंत्रालय के माप दंडों के मुताबिक जनहित में केंद्राधीन उक्त परियोजना में सरकारी रोजगार के द्वार खोलने सहित स्वरोजगार चलाने के लिए कारगर कदम उठाए।

### तटीय वनस्पति और जीव संरक्षण का देंगे संदेश



**अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर में सुरक्षा ड्यूटी में तैनात सीआईएसएफ अपने ही सुरक्षा बल द्वारा की जा रही तटीय साइक्लोथान जिसको देश के गृहमंत्री अमित शाह ने इसी 7 मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था से खुश होकर हौसला अफजाई कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक साइकिल रैली लगभग 25 दिनों तक चलेगी और तटीय क्षेत्र में 6553 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करते हुए कन्याकुमारी स्थित प्रतिष्ठित विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर संपन्न होगी। सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेंगे और तटीय वनस्पति एवं जीव संरक्षण का संदेश देंगे ।

### सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** होली उत्सव के बाद श्री रामकृष्ण आश्रम लदरूहीं जोगिंद्रनगर के महंत 1008 स्वामी राम मोहनदास रामायणी के शिष्य अविचल दास महाराज द्वारा पुराने मेला मैदान पर नगर परिषद जोगिंद्रनगर के सफाई कर्मचारियों को तिलक करने के पश्चात शाल व अन्य सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अविचल दास महाराज ने कहा कि सफाई कर्मचारी समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि वे स्वच्छता बनाए रखने और बीमारियों को फैलने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हमारे जीवन को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में योगदान करते हैं मगर दुख की बात है कि अक्सर समाज उनकी मेहनत को नजरअंदाज किया जाता है। अविचल दास महाराज ने सफाई कर्मचारियों से भरोसा दिलाया कि श्री रामकृष्ण आश्रम लदरूहीं हमेशा उनके सुख दुख के समय उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर शहर के केई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

### मंडोगलू विद्यालय में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**सुनील शर्मा, गोहर।** बौद्ध दर्शन संस्कृत विद्यालय मंडोगलू में 16 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में महिलाओं की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक भूमिका को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यातिथि के रूप में हर्षा चौहान, पूर्व जिला परिषद सदस्य, ने कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका को लेकर अपने विचार साझा किए और कहा कि महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिलने से ही समाज में सच्चा परिवर्तन संभव है। सम्मानित अतिथि के रूप में ममता चौधरी, हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग की प्रधानाचार्या, और एथलीट मिस रोमाकुमारी, जिन्होंने एशिया स्वाथ चैंपियनशिप में रजत पदक जीता, भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। मिस रोमाकुमारी ने खेल जीवन की यात्रा और संघर्षों के बारे में बताया और युवा पीढ़ी को प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमन कुमार ने महिलाओं के योगदान को सराहा।(अनंत ज्ञान)

### भागवत कथा में सृष्टि रचना का किया वर्णन



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** श्री सनातन धर्म मंदिर में रविवार को श्रीमद् देवी भागवत कथा का नौ दिवसीय भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रारंभ हुआ। यह आयोजन 16 मार्च से 24 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन भक्तों को देवी भागवत कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा के पहले दिन सुबह 11:00 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के समापन के पश्चात मंदिर परिसर में विधिपूर्वक गणेश पूजन, देवी पूजन एवं श्रीमद् देवी भागवत ग्रंथ की पूजा संपन्न हुई। इसके बाद देवी भागवत कथा का प्रथम दिवस का प्रवचन प्रारंभ हुआ। कथा वाचक प्रभु दयाल शास्त्री ने भक्तों को श्रीमद् देवी भागवत के दिव्य रहस्यों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भगवान वेदव्यास जी द्वारा रचित यह ग्रंथ वेदों, उपनिषदों और पुराणों का सार है, जिसमें देवी भगवती के अनंत स्वरूप, सृष्टि की रचना, पालन और संहार का गूढ़ रहस्य बताया गया है। कथा आयोजन समिति ने जोगिंद्रनगर वासियों एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस दिव्य आयोजन में सम्मिलित हों ।

### सुक्खू ने दिया हर वर्ग को दुख : विनोद

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग विधानसभा में आज भाजपा मंडल ने भारतीय जनता पार्टी मंडल मिलन दिवस व नवगठित मंडल पदाधिकारियों से बैठक की। इस बैठक में भाजपा मंडल करसोग व बगशाड़ के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सबसे पहले भाजपा विधायक करसोग दीप राज ने सभी पदाधिकारियों में ऊर्जा भरी। उन्होंने कहा कि भाजपा का आधार निस्वार्थ कार्यकर्ता है। हमारे कार्यकर्ता की कोई विशेष अभिलाषाएं नहीं होती, बस उसे अपना राष्ट्र सुरक्षित हाथों में चाहिए होता है। हमारे निष्ठावान कार्यकर्ताओं को बस अपना राष्ट्र सम्पन्न होना चाहिए। इसलिए हम रहें ना रहें पर संगठन हमेशा रहता है और हमारा सारा वजूद कार्यकर्ताओं से ही है और यही एक कारण है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री देश के प्रधानमंत्री बनें। इसके बाद नाचन विधानसभा के विधायक ने नव भाजपा मंडल करसोग व बगशाड़ के पदाधिकारियों का स्वागत किया और कहा कि आज हिमाचल प्रदेश का हर वर्ग सुक्खू सरकार से दुःखी है, अगर अभी चुनाव हो जाएं तो आठ और साठ का अंतर हो जाएगा। बस सभी पदाधिकारियों को अपने आम कार्यकर्ता को संगठित करना है और अपने परिवार को बढ़ाना है। कांग्रेस का इस प्रदेश से जाना तय है और जयराम का फिर से मुख्यमंत्री बनना तय है। इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा लाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष भीखमराम शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता देवी राम वाजपेई, मंडल करसोग अध्यक्ष नेत्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष मुनी लाल ठाकुर, कामेश्वर शर्मा, राज शर्मा तथा टिककम सिंह ठाकुर, महामंत्री निर्मल ठाकुर व बबीता ठाकुर, मीडिया प्रभारी रमेश ठाकुर मौजूद थे।

# दुविधा और संकट के दौर से गुजर रहा हिमाचल : जयराम

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**





कांग्रेस सरकार के सवा दो साल के कार्यकाल में समूचा हिमाचल प्रदेश दुविधा और संकट के दौर से गुजर रहा है। यह बात सराज भाजपा के बालीचौकी मंडल द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष एवं स्थानीय विधायक जयराम ठाकुर ने कही।

उन्होंने कहा कि दुविधा इसलिए कि अब आगे क्या होगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज स्थिति यह है कि जंहा पिछली सरकार द्वारा कार्य छोड़ा गया था वहीं विराम लगा है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश मे 1865 संस्थान बंद किए गए और 10 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ने कहा कि उन्होंने पूर्व में कई मुख्यमंत्रियों के साथ कार्य किया है लेकिन वर्तमान मुख्यमंत्री लगातार झूठ बोल कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तो विधानसभा में भी पूरे का पूरा झूठ बोल रहे हैं जो चिंता का विषय है। जयराम ठाकुर ने कहा कि हर वर्ष 1 लाख रोजगार देने का दावा करने वाली वर्तमान सरकार ने अपने सवा दो साल के कार्यकाल में डेढ़ लाख खाली पदों को भरने के बजाये पूरी तरह से समाप्त कर दिया,जिस कारण बेरोजगार युवा हताश और निराश हो चुका है।

जयराम ने कहा कि हिमाचल में आज तक के इतिहास मे ऐसा मौका कभी नहीं आया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन तक भी 6 मास से बंद है और कई कर्मचारियों को 3-4 महीनों से मानदेय तक नहीं मिल पा रहा है। जयराम ने कहा कि सरकार ने विधायक निधि जारी करने की चिट्ठी तो निकाल दी लेकिन ट्रेजरी में 10 हजार से उपर की निकासी पर बैन लगा दिया है जिस कारण विधायक निधि भी मात्र कागजों में सिमट कर रह गई है। इस अवसर पर बंजार विधानसभा के विधायक सुरेंद्र शौरी ने भी कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन किया। (अनंत ज्ञान)

### जयराम ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई

**बालीचौकी** भाजपा मंडल के परिचय सम्मेलन में जय राम ठाकुर ने जहां नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी, वहीं उन्होंने सराज में भाजपा के 90 के दशक के बाद से अब तक के सफर को भी याद किया और कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया। इस दौरान जयराम ठाकुर ने तत्कालीन चच्योट भाजपा के दिवंगत नेताओं धर्म सिंह, लोतम राम एवं लाभ सिंह को भी याद किया। परिचय सम्मेलन में बालीचौकी भाजपा के नव नियुक्त पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्ष मुकेश मैडी के अलावा कई पूर्व मंडल अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।

### प्रतिभा सिंह 19 से 22 तक मंडी के दौरे पर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश भरने व विपक्ष के किसी भी दुष्प्रचार के लिए मुंह तोड़ जवाब देने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगी।

पहले चरण में प्रतिभा सिंह 19 मार्च से 22 मार्च तक मंडी जिला के दौरे पर रहेंगी। उन्होंने कहा है कि किसी भी संगठन में कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होती है ।

इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह 19 मार्च को सुबह 11 बजे शिमला से मंडी के लिए रवाना होंगी। सुंदरनगर में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात रात्रि विश्राम मंडी में रहेगा। 20 मार्च को प्रतिभा सिंह सुबह 11 बजे मंडी में मंडी सदर, द्रंग, जोगिंदरनगर, सराज व बल्ह विधानसभा क्षेत्र के पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगी। इसी दिन मंडी ही रहेगा रात्रि विश्राम 21 मार्च को प्रतिभा सिंह सुंदरनगर में सुबह 11 बजे सुंदरनगर, नाचन, सरकाघाट, धर्मपुर व करसोग विधानसभा क्षेत्र के पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगी। रात्रि विश्राम सुंदरनगर रहेगा। 22 मार्च को प्रतिभा सिंह नाचन में ड्रीम्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के वर्षिक पारितोषिक में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। इसके उपरांत शिमला लौट आएंगी।

### 30 को बड़ा देव कमरुनाग सुकेत देवता मेला के लिए करेंगे प्रस्थान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



**23 को देव श्री मूल माहूनाग सुंदरनगर के लिए होंगे रवाना**

सुकेत की पावन धरा पर आस्था का महाकुंभ राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला-2025 का आगाज 2 अप्रैल से होने जा रहा है। इस पांच दिवसीय मेले में शिरकत करने के लिए 23 मार्च को देव श्री मूल मांहूनाग बखारी करसोग अपने लाव लश्कर सहित कोठी से सुकेत नगरी सुंदरनगर के लिए रवाना होने जा रहे हैं। जानकारी देते रमेश कुमार वर्मा प्रधान श्री मूल माहूनाग बखारी कोठी करसोग ने बताया कि राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला के लिए देव श्री मूल मांहूनाग बखारी 10 दिन पूर्व अपने भंडार से निकल रहे हैं। देवता इस वर्ष बणैष, अरजोट, हिमरी, झुंगी, घीड़ी, जयदेवी होते हुए सुंदरनगर शहर के प्रवेश द्वार चांडी पहुंचेंगे।

इस दौरान देवता अपने भक्तों के घर हर वर्ष की भांति आतिथ्य भी स्वीकार करेंगे। वहीं सुकेत सर्व देवता कमेटी के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक सोनी ने बताया है कि परंपरा अनुसार सुकेत सर्व देवता कमेटी तथा सुंदरनगर प्रशासन चांबी में देवता का देवता मेला के आगमन पर विधिवत स्वागत करेंगे। अभिषेक सोनी ने बताया कि करसोग क्षेत्र से ही देव श्री बड़ायोगी महाराज 29 मार्च को राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला-2025 में शिरकत करने के लिए अपनी मडुयनी स्थित कोठी से रवाना हो रहे हैं।

देव श्री कमरुनाग कमेटी सुकेत मझोठी रोहांडा के सचिव दुनी चंद ठाकुर ने कहा कि बड़ा देव श्री कमरुनाग पहले नवरात्रि 30 मार्च को राज्य स्तरीय सुकेत देवता मेला-2025 में शिरकत करने के लिए सुंदरनगर रवाना होंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान देव कमरुनाग लोगों के घर में आथित्य भी स्वीकार करेंगे। देव कमरुनाग अपनी रोहांडा के मझोठी स्थित कोठी से लाव लश्कर सहित सुंदरनगर के लिए प्रस्थान करेंगे। उनका स्वागत चांबी में हर वर्ष की भांति किया जाएगा।

## गलू में फोरलेन संघर्ष समिति ने अहम मुद्दों पर की चर्चा

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

गलू मेला मैदान में आज फोरलेन संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जोगिंदर नगर और द्रंग विधानसभा की 40 पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, महिला मंडल, युवक मंडल और विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

बैठक में समिति के सदस्य हाल ही में हिमाचल प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य और पूर्व लोकसभा सांसद प्रतिभा सिंह से हुई चर्चा का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान फोरलेन परियोजना को लेकर उठाए गए मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। सभा में निर्णय लिया गया कि जल्द ही मुख्यमंत्री हिमाचल से मुलाकात कर फोरलेन परियोजना से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। राज्य परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी दिल्ली में संपर्क साधने की योजना बनाई गई है, ताकि महत्वपूर्ण सड़क परियोजना को शीघ्रता से पूरा किया जा सके।

बैठक को सत्येंद्र शर्मा, बलबीर सिंह, राजमल जी, महिला मंडल प्रधान मंजू देवी, सुनीता अवस्थी, करम सिंह, कृष्ण ठाकुर, जितेंद्र ठाकुर आदि ने संबोधित किया।

## सामान्य वर्ग आयोग का शीघ्र हो गठन : जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



श्री राजपूत सभा सुंदरनगर ब्लॉक की विशेष बैठक का आयोजन सुंदरनगर में प्रदेश राजपूत महासभा के महासचिव केएस जम्वाल की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में जिला मंडी राजपूत सभा के अध्यक्ष प्रधान डॉ. अमर सिंह गुलेरिया और लुणापानी नेरचौक राजपूत सभा के प्रधान रविंद्र सिंह गुलेरिया तथा सामान्य वर्ग संयुक्त मंच जिला मंडी के संयोजक डीके चंदेल ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया।

बैठक में सर्वसम्मति से राज्य व केंद्र सरकार द्वारा जाति विशेष की तुष्टिकरण के नाम पर राजपूत व सामान्य वर्ग के जरूरतमंद युवाओं तथा विभिन्न अकैडमिक तथा प्रोफेशनल कोर्सिज कर रहे बच्चों की अनदेखी करने का कड़ा संज्ञान लिया । बैठक केएस जम्वाल व डॉ. अमर सिंह गुलरिया ने सामान्य वर्ग आयोग का शीघ्र गठन करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर महासभा का विस्तृत मांग पत्र भी सौंपा गया जिसे मुख्यमंत्री महोदय ने सहानुभूति पूर्वक विचार करके आगे की कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

बैठक में सुंदरनगर ब्लॉक इकाई का पुनर्गठन किया गया, इसमें सर्वसम्मति से अदालत सिंह ठाकुर को प्रधान, नरोत्तम रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शास्त्री नरोत्तम चंद को महासचिव व सुरेश राणा को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चुना गया। युवा व महिला मोर्चा तथा शेष कार्यकारिणी के गठन के चुने हुए पदाधिकारीयों को अधिकृत किया गया।

### शराब ठेकों की नीलामी 18 मार्च से शुरू होगी

**मंडी/शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 18 मार्च से 2100 शराब ठेकों की नीलामी शुरू होगी। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कर एवं आबकारी विभाग ने नीलामी के लिए जिलावार शेड्यूल जारी कर दिया है।

आगामी वित्त वर्ष में शराब ठेकों की नीलामी से 2,850 करोड़ राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। 18 से 21 मार्च तक चार दिन तक तीन-तीन जिलों में टेंडर खुलेंगे। एक अप्रैल से नए कारोबारियों को शराब ठेके मिलेंगे। पड़ोसी राज्यों का मुकाबला करने के लिए सरकार ने अंग्रेजी शराब का कोटा ओपन रखने का फैसला लिया है।

### सुकेती के किनारे हो रही डंपिंग : कौंडल

**मंडी।** नगर निगम मंडी के वार्ड नंबर 14 बैहना के गुटकर में हजारों टन मिट्टी सुकेती खड्ड के किनारे फेंकी जा रही है, जबकि प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

पूर्व प्रशासनिक अधिकारी बीआर कौंडल ने आरोप लगाया कि गैर कानूनी तरीके से सड़क के किनारे जेसीबी से पहाड़ों की कटाई पर सरकार ने रोक लगा रखी है लेकिन पूरे क्षेत्र में पहाड़ काटे जा रहे हैं। जंगलों में पेड़ काटे जा रहे हैं। कौंडल ने कहा कि इस संबंध में मामला ग्रीन ट्रिब्यूनल के पास भेजा जाएगा। उपायुक्त मंडी से मांग की है कि इसकी जांच करवाई जाए।

## सुंदरनगर बस अड्डे में पशुओं का आतंक

**भीम बसेड़ू, महादेव**



सुंदरनगर बस अड्डे में पिछले कई वर्षों से आतंक मचाए हुए है बेसहारा पशुओं के लिए संबंधित विभाग और न ही नगर परिषद सुंदरनगर गंभीर दिखाई दे रहे हैं। बेसहारा पशुओं के लिए नियंत्रण नीति न बनने से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बेतहाशा बढ़ी पशुओं की संख्या के चलते ये बेलगाम मंडराते देखे जा सकते हैं।

बेसहारा पशुओं के झुंड जगह-जगह मंडराकर फसलों का नुकसान कर किसान वर्ग को हमेशा चिंता में डाले हुए है तो वहीं सार्वजनिक स्थानों में आ धमकने से किसी बड़े जानलेवा हमले से कम नहीं है क्योंकि इन पशुओं ने पूर्व में भी बिगड़ी हालत में विभिन्न क्षेत्रों में जुड़े लोगों को एक बड़ी तादाद में गंभीर घायल किया है।

इतना कुछ होने के बावजूद भी संबंधित विभाग तथा प्रशासन दर-दर भटक रहे इन उपेक्षित पशुओं को नियंत्रित करने में अभी तक कोई विशेष कार्रवाई अमल में नहीं ला सका है जिससे कृषि क्षेत्र हो या सड़क-बस अड्डा लगभग हर जगह ये बेजुबान मंडराते नजर आ जाएंगे जो जान के लिए आफत बने हुए हैं। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि मेलों का दौर चल रहा है और ऐसे में कहीं पर भी पशुओं की आवारगी किसी खतरे से खाली नहीं है जबकि सरकार और जिला प्रशासन को चाहिए कि बेसहारा पशुओं को नियंत्रित करने के लिए बड़े पैमाने पर शीघ्रता बरते न कि इस समस्या को और बढ़ने दे। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही बेसहारा पशु जैसी ज्वलंत समस्या को हल करने के लिए कारगर कदम उठाए।

## महंत राम भारद्वाज दूसरी बार बने विश्वकर्मी विकास सभा के प्रधान

**आदर्श, नेरचौक**



विश्वकर्मी विकास सभा बल्ह ईकाई की बैठक विश्राम गृह बग्गी में प्रधान मंहत राम भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस दौरान पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर विश्वकर्मी विकास सभा के संस्थापक सदस्य हंसराज भारद्वाज और मोहनलाल कौंडल की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी की चुनाव प्रक्रिया आरंभ की गई जिसमें सर्वसमिति से महंत राम भारद्वाज को दूसरी बार प्रधान, मुंशी राम को वरिष्ठ प्रधान, ठाकुरदास को महासचिव, मानसिंह भारती को संगठन सचिव तथा देवकीनंदन को कोषाध्यक्ष बनाया गया तथा कार्यकारणी विस्तार को लेकर नव नियुक्त कार्यकारिणी को अधिकृत किया गया।

## चौतड़ा में एसडीएम-11 ने आयुष विभाग को 22 रन से हराया

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

लघु शिवरात्रि मेले के उपलक्ष्य में चौतड़ा मैदान में आयोजित गेंद-बल्ला प्रतियोगिता में एसडीएम-11 दल ने दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आयुष विभाग को 22 रन से हराया। इससे पहले पहले मुकाबले में एसडीएम-11 ने बार महासंघ को 61 रन से हराकर प्रतियोगिता में अपनी मजबूत स्थिति बना ली है। एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना और उन्हें खेलों की ओर प्रोत्साहित करना है। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं। प्रतियोगिता के मुकाबले रोमांचक होने की उम्मीद है।



## कांग्रेस सेवादल पार्टी की रीढ़ : प्रकाश चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



गांधी भवन मंडी में जिला कांग्रेस सेवा दल की साधारण सभा की बैठक जिलाध्यक्ष प्रेम लाल चौहान (गुड्डू) की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने भाग लिया। बैठक में कांग्रेस सेवा दल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पूर्व मंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रकाश चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सेवा दल कांग्रेस पार्टी की रीढ़ की हड्डी है तथा काग्रेस पार्टी को मजबूत करने की भूमिका निभाई जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस सेवा दल की जो भी समस्या हो सरकार के समक्ष रखा जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष प्रेम लाल चौहान ने सभी ब्लाक अध्यक्ष 15 दिन के अंदर अपने ब्लाकों की कार्यकारिणी का गठन करें।

उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार बेहतर कार्य कर रही है तथा सरकार ने 6 गारंटीयां पूरी कर दी है तथा मुख्यमंत्री सुक्खू ने 6000 अनाथ बच्चों को सुख आश्रय योजना के अंतर्गत भरण-पोषण किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त कांग्रेस सेवा दल ने सरकार से यह मांग रखी कि कांग्रेस सेवा दल की भी सरकार में भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

इस बैठक में धर्म सिंह राणा, पदमा गुलेरिया, बलदेव कौंडल, लालमन, रोशन लाल, दिला राम शास्त्री, परस राम, कृष्ण लाल रविंद्र पालसरा, चमन लाल ठाकुर, राम सिंह ठाकुर, भगत राम ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### टुल्लू पंप लगाने पर जारी होगा नोटिस

**जोगिंद्रनगर ( मंडी )।** गर्मियों में पेयजल आपूर्ति को लेकर जल शक्ति विभाग जोगिंद्रनगर के तीन डिविजनों के 300 अधिकारियों और कर्मचारियों ने कमर कस ली है। सब डिविजन जोगिंद्रनगर, चौंतड़ा और लडभड़ोल क्षेत्र में पानी की स्टोरेज पर जलशक्ति विभाग ने कार्य शुरू कर दिए हैं। जल भंडारण टैंकों में क्लोरीन डालने और प्राकृतिक स्रोतों को साफ करने की तैयारी शुरू कर दी है।

तीनों डिविजन के तीन सहायक अभियंता, दस से अधिक कनिष्ठ अभियंता और दर्जनों कर्मचारियों को पेयजल के संरक्षण का जिम्मा सौंपा है।

**सफलता** एफपीओ ने नालड़-लौंगनी गोसदन में बड़े स्तर पर खाद बनाने का काम किया शुरू

# समौड़ और खनोड़ में तैयार की केंचुआ खाद

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर किसान उत्पादक संघ-एफ़पीओ ने जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने व रसायनिक खादों का कम से कम इस्तेमाल करने के उद्देश्य से वर्मी कम्पोस्ट-केंचुआ खाद किसानों बागवानों के लिए तैयार की है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. कुलदीप गुलेरिया जो एफपीओ के योजना सचिव हैं ने दो से अढ़ाई महीने में ये केंचुआ खाद तैयार करने की आसान और कम लागत की विधि से स्योह के खनोड्डु और समौड़ में एफपीओ से जुड़ी महिलाओं को इसकी ट्रेंनिग दी है और अब केंचुआ खाद तैयार हो गई है।



एफपीओ के अध्यक्ष सत्तपाल सिंह चौहान व सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जैविक खेती व बागवानी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ये उत्पाद तैयार किया है।

डॉ. कुलदीप गुलेरिया द्वारा जिस तकनीक से केंचुआ खाद तैयार करवाई है वो बहुत ही सरल व सस्ती है जिसमें प्लास्टिक के तिरपालों पर गाय या भैंस के गोबर को परतदार तरीके से रखा जाता है और उसमें केंचुए, ट्राईकोडर्मा जीवाणु (फंगस) और नीमकेक डाले जाते हैं। एफपीओ ने बिक्री के लिए 21 मार्च को राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक भूपेंद्र मंडावी द्वारा भराड़ी ऑफिस से लांच की जाएगी। अब एफपीओ ने नाल्ड-लौंगनी के गोसदन की संचालन समिति से तालमेल करके पिछले कल वहां पर भी बड़े स्तर पर केंचुआ खाद तैयार करने का निर्णय लिया है।

### नॉल्ड में महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

**डॉ.** कुलदीप गुलेरिया और समौड़ केंचुआ खाद उत्पादन सेंटर के प्रभारी खेमराज सकलानी ने बाबा टिल्लू की अध्यक्षता में नॉल्ड में महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया, जिसमें निर्णय लिया गया कि एफपीओ से संजय कुमार गोसदन से गोबर क्रय किया करेंगे और वहीं पर उसकी वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार करेंगे और एफपीओ इसकी पैकिंग करके आगे जरुरत के अनुसार मॉर्केटिंग किया करेगा। गुलेरिया ने बताया कि धर्मपुर में ही शिवा परियोजना में लगे बागवानी कलस्टरों में इसकी बहुत ज्यादा मांग है।

## कांग्रेस सरकार में कानून व्यवस्था की उड़ रही धज्जियां : अजय राणा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कहा हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था इस समय पूरी तरह चरमरा गई है। सरकार के शीर्ष लोग एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं। उनके सरकार व संगठन के कई उलझने व झगड़े पिछले कुछ समय से बनी हुई हैं। जिस कारण वे गुथमगुत्था हैं। ऐसे में कानून व्यवस्था फटेहाल है और लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं। बिलासपुर में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए हमले की भाजपा कड़ी निंदा करती है।

उन्होंने कहा यही हाल हिमाचल प्रदेश में घुस रहे खालिस्तान समर्थकों ने कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा कर रख दी हैं। विगत दिनों में महिला, बेटियों के साथ छेड़खानी, खालिस्तान के झंडों से युक्त बाइकें, पेट्रोल पंपों पर मारपीट, दुकान-ढाबों में सरेआम छुरे- खुखरियां व तलवारें लहराई जा रही हैं।

सरकारी अमला-थैला (पुलिस व नौकर शाही) ने होलीलॉज, ओक ओवर और मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री जिनकी लड़ाई चौराहे पर है में ज्यादा रूची ली है और अपने काम कानून व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रही है। प्रदेश में सारी कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। सुक्खू सरकार, सरकार चलाने का नैतिक आधार खो चुकी है।

## न्यूज ब्रीफ

### चिंतपूर्णी में चढ़ा तीस लाख रुपए का चढ़ावा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। पिछले दो दिनों में मंदिर में चढ़ावा 29.87 लाख के पार पहुंच गया है। 15 मार्च को मंदिर में 15,61,089 रुपए का चढ़ावा आया, जबकि 16 मार्च को यह आंकड़ा 14,26,165 रुपए तक पहुंच गया। इस तरह, दो दिनों में मंदिर में कुल चढ़ावा 29,87,254 रुपए हो गया है। यह आंकड़ा श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और उनकी भक्ति को दर्शाता है। दो दिनों में लगभग 50,000 के करीब श्रद्धालु माता के दरबार में नतमस्तक हुए हैं। यह श्रद्धालुओं की गहरी भक्ति और मंदिर की महत्ता को दर्शाता है।

### नंगल जरियालां में कन्या पूजन के बाद लगा भंडारा



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र की पंचायत नंगल जरियाला मोहल्ला चौकी के सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ मंदिर में सालाना 30वें भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य सेवादार मलकियत सिंह आर्य ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय लोंगो के सहयोग से मंदिर में सुबह पूजा-अर्चना के बाद झंडे की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने शबद कीर्तन भी किया तथा कन्या पूजन के बाद भंडारे का शुभारंम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि भंडारे का हर साल आयोजन किया जाता है तथा सैंकड़ो लोग के सिद्ध श्री बाबा बालक नाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस मौके पर अशोक कुमार, होशियार सिंह, बलवंत सिंह, विनोद कुमार, रमन कुमार, विमल कुमार, अजय कुमार, मुलखराज, मुकेश कुमार, जसवंत सिंह, अव्वु कुमार, हरविंद्र, सीता राम,गोलू आदि उपस्थित रहे।

### पंजोआ लड़ोली में भाईचारे को दिया बढ़ावा

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब के पंचायत पंजोआ लाड़ोली में मोदगिल परिवार द्वारा ठाकुर महाराज के भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य ठाकुर महाराज की पूजा-अर्चना करना और समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर मोदगिल परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे और भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन हर साल किया जाता है और इस बार इसमें विशेष रूप से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखी गई। इस भंडारे का आयोजन पूरी श्रद्धा और प्रेम से किया गया था, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग एकजुट होकर हिस्सा लिया। आयोजन के दौरान धार्मिक गीत-संगीत भी प्रस्तुत किए गए और श्रद्धालुओं ने ठाकुर महाराज की भव्य पूजा-अर्चना की। इस मौके पर परिवार के सदस्यों ने सभी को आशीर्वाद दिया और इस तरह के आयोजनों के महत्व को बताया, जो समाज में एकता और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। आयोजन की सफलता पर मोदगिल परिवार के विवेक शर्मा, जतिंदर शर्मा, पुनीत शर्मा, अमित शर्मा, वरुण शर्मा, अरुण शर्मा, अनमोल शर्मा, विकास शर्मा, दीपक शर्मा, हिमांशु शर्मा, अमित शर्मा व समस्त सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया और आगामी आयोजनों में भी इसी तरह के सहयोग की आशा जताई।

### महिला मंडल की सदस्यों ने की जलस्रोतों की सफाई

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** महिला मंडल भुगड़ियान की सदस्यों ने रविवार के रोज परंपरागत जलस्रोत की साफ सफाई की। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष सरिता शर्मा, उप प्रधान सुषमा शर्मा, ममता, कंचन, रेशमा, पवना, रमना, सुनीता, बिंदु, मीना और मंजू ने श्रमदान किया।

### लता मंगेशकर कला केंद्र में सजी कवि गोष्ठी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश जिला ऊना द्वारा होली मिलन कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर लता मंगेशकर कला केंद्र समूरकलां के सम्मेलन कक्ष में कवि गोष्ठी का आयोजन करवाया गया, जिसमें जिले के लगभग 31 साहित्यकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला भाषा अधिकारी निक्कू राम ने विभिन्न विभागीय गतिविधियों के बारे में बताया एवं आगामी वार्षिक योजना प्रस्तुत की । इस दौरान सर्वप्रथम जिला ऊना के वरिष्ठ साहित्यकार श्री प्रकाश चंद्र मेहरम के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तदोपरांत मां सरस्वती की वंदना करते हुए द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला के वरिष्ठ साहित्यकार कुंदन लाल द्वारा की गई। डॉक्टर राजकुमार एवं जाहिद अबरोल सदस्य हिमाचल भाषा कला संस्कृति अकादमी मुख्य रूप से उपस्थित रहे । मंच संचालन का कार्य ओम प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया। डॉ योगेश चंद्र सूद, डॉक्टर सत्येंद्र कुमार, रचना रानी, अशोक कालिया, कुलदीप शर्मा, रामपाल शर्मा घायल, देवकला शर्मा, दीपक शर्मा, डॉ बालकृष्ण सोनी, सुधा पराशर, राजेंद्र कुमार कौशल, अनिल कुमार जसवाल, दिनेश कुमार शर्मा, राजकुमार ठाकुर, रामकिशन भट्टी, मनोहर भट्टी, अलका चावला, सपना जसवाल, पुष्पा देवी, राम प्रकाश रेशव वर्मा, किशोरी लाल बैंस, ओम देवी सैनी, चरणजीत सिंह चन्नी, भूपराम शास्त्री, संतोष शर्मा इत्यादि ने अपनी-अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।

### श्रीमद् भागवत कथा के उपलक्ष्य में निकाली कलश यात्रा



**अनंत ज्ञान, अंब।** कलरूही में 17 से 23 मार्च तक पंचायत घर के नजदीक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक गोपाल स्वरूप शास्त्री बिलासपुर वाले इस कथा का गुणगान करेंगे। प्रतिदिन प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी, कथा दिन में 11 से 2 बजे तक व रात्रि 8 बजे से संकीर्तन का आयोजन होगा और 23 मार्च को प्रातः 7 बजे से हवन किया जाएगा। इसी दिन दोपहर 1 बजे भंडारे का आयोजन भी होगा। आयोजनकर्ता अजय कुमार शर्मा व अनुराधा शर्मा, आदित्य शर्मा ने क्षेत्रवासियों से इस आयोजन में शामिल होने बारे आह्वान किया है।

# सड़कें होने लगीं चकाचक

## सीमेंट ट्रीटेड बेस तकनीक से बनने लगा सोहारी-भिंडला मार्ग



**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

लोक निर्माण विभाग जोल में पहली बार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भलौण आईटीआई से वाया सोहारी से भिंडला सड़क सीटीबी (सीमेंट ट्रीटेड बेस) तकनीक से बनाई जा रही है। करीब 11 किलोमीटर लंबी सड़क के पुनर्निर्माण का कार्य युद्धस्तर पर चला हुआ है।

ग्रामीण सड़क विकास अधिकरण का दावा है कि यह तकनीक पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र की हजारों की आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण में सीटीबी तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। इसके निर्माण में तारकोल का प्रयोग नहीं होता है, साथ ही पुरानी सड़क की मिट्टी समेत अन्य चीजों का दोबारा इस्तेमाल किया जाता है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में

**11 किलोमीटर सड़क के लिए लगभग 13 करोड़ की राशि हुई स्वीकृत**

11 किलोमीटर सड़क के लिए लगभग 13 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। इससे सड़कों की गुणवत्ता बेहतर होगी। वहीं, पर्यावरण को बचाने में भी सीटीबी तकनीक कारगर है।

लोक निर्माण विभाग जोल के एसडीओ भानु ओहरी ने बताया कि भलौण आईटीआई से वाया सोहारी से भिंडला सड़क का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस सड़क के पुनर्निर्माण के लिए लगभग 13 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है।

दूसरी सड़क नेशनल हाईवे चुरूडू से धुसाड़ा का टारिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस तकनीक से बनने वाली सड़क कम से कम 5 साल तक नहीं टूटेगी। वहीं, नेशनल हाईवे के कनिष्ठ अभियंता रशपाल की देखरेख में चुरूडू से धुसाड़ा नेशनल हाईवे को चकाचक करने का कार्य युद्धस्तर पर चला हुआ है।

## कार्रवाई : 8 गाड़ियां और बाइक बरामद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** चिंतपूर्णी पुलिस ने एक बड़े धोखाधड़ी के मामले को सुलझा लिया है, जिसमें आठ गाड़ियां और बाइक बरामद की गई हैं। यह गाड़ियां और बाइक पंजाब व अन्य राज्यों से बरामद की गई हैं। इस मामले को इतने कम समय में सुलझाने के लिए स्थानीय पुलिस प्रभारी जयराम शर्मा और एएसआई महेंद्र सोनी प्रशंसा के पात्र हैं। चिंतपूर्णी पुलिस ने 1 मार्च को सुरेंद्र कुमार व अन्य की शिकायत पर रत्नेश्वर सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया था। रत्नेश्वर सिंह ने गाड़ियां किस्त और प्रति माह 10 हजार देने का वादा कर किराये पर ली थी, लेकिन उसने न तो किस्त भरी और न ही गाड़ियां वापस कीं।

इसके बाद पुलिस ने पंजाब व अन्य राज्यों में रेड कर लगभग 15 दिनों के समय में आठ गाड़ियां और बाइक बरामद कर लीं। एसएचओ चिंतपूर्णी जयराम शर्मा नेबताया कि आठ गाड़ियां और बाइक बरामद कर ली गई है। कुछ और भी लोग शिकायत लेकर थाना पहुंचे हैं। पहले के मामले की सभी गाड़ियां और बाइक पुलिस ने बरामद कर ली है। अब ये गाड़ियां और बाइक कोर्ट से रिलीज होंगी तब जाकर मालिकों को वापस मिलेंगी।

# सिंघा में आरजे सेंट्स स्टीविया प्रसंस्करण संयंत्र का उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, पालमपुर/ऊना**

सीएसआईआर की महानिदेशक एवं सचिव डीएसआईआर (केंद्र सरकार) डॉ. एन. कलैसेल्वी ने ऊना जिले के सिंघा में आरजे सेंट्स स्टीविया प्रसंस्करण संयंत्र का उद्घाटन किया, जिसे सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर के तकनीकी सहयोग से विकसित किया गया है।

यह अपनी तरह की अनूठी ग्रीन प्रसंस्करण इकाई है, जो सूखे स्टीविया पत्तों को स्टेविओल ग्लाइकोसाइड पाउडर में प्रसंस्कृत करने की क्षमता रखती है। स्टीविया एक कम कैलोरी वाला प्राकृतिक स्वीटनर है, जो सुक्रोज से लगभग 300 गुना मीठा होता है और जिसे डायबिटीज़ के रोगी भी सेवन कर सकते हैं।

इससे पहले, डॉ. कलैसेल्वी ने स्टीविया के खेतों का दौरा किया, जहां संस्थान द्वारा विकसित हिम स्टीविया किस्म को 200 एकड़ से अधिक के क्षेत्र में लगाया गया है। उन्होंने नवीनतम खेत प्रबंधन तकनीकों का अवलोकन किया, जिसमें ड्रोन का उपयोग शामिल रहा। उन्होंने खुशी व्यक्त कि संस्थान ने आरजे सेंट्स को उत्तम पौध सामग्री से लेकर ग्रीन प्रसंस्करण तकनीक तक समग्र समर्थन प्रदान किया।

# चिट्टा निगल रहा युवाओं की जिंदगी, पर बने कठोर कानून : विनोद शर्मा

**अनंत ज्ञान, ऊना**



चिट्टे से प्रदेश के युवाओं की हो रही मौतों से आहत अंतराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद शर्मा ने नशे पर कठोर कानून बनाने की मांग रखी है। हिमाचल में नशे के बढ़ते मामलों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए कड़े कानून बनाना जरूरी है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिख विधानसभा में नशे के ऊपर प्रस्ताव लाने की बात रखी।

उन्होंने कहा कि विधानसभा में सभी दलों द्वारा इस पर पूर्ण सहमति देते नशे के खिलाफ कड़े फैसले और कानून बनाने वाले प्रस्ताव को पारित किया जाए क्योंकि युवा इस नशे की दलदल में धंसते जा रहे हैं। चिट्टे के मामले प्रदेश में रोज पकड़े जा रहे है, परंतु अभी लंबी जंग नशे के खिलाफ चलाने की जरूरत है । युवाओं को उनके माता-पिता लाखों रुपए का कर्ज लेकर पढ़ाने में अपना सभी कुछ न्योछावर कर रहे है परंतु नशे के बढ़ते प्रचलन से प्रभावित होकर युवा नशे की दलदल में धंसते जा रहे हैं।

समय आ गया है की अब सभी राजनीतिक दल, एनजीओ, समाजसेवी संस्थाओं को मिलकर इस नशे पर धावा बोलना होगा। अब नहीं तो कभी नहीं। उन्होंने बताया की प्रदेश में हर विभाग की जिम्मेदारी तय करनी होगी। स्कूलों, कॉलेजों आदि में बच्चों को इस नशे के ऊपर जागरूक किया जाना चाहिए। नशे के ऊपर सिर्फ पुलिस की कार्रवाई ही पर्याप्त नहीं है। उन्होंने सरकार को सुझाव भेजा है कि हिमाचल प्रदेश के साथ लगने वाली सीमाओं से आने वाले सभी वाहनों की चैकिंग करना अनिवार्य हो। सिर्फ खानापूर्ति न की जाए।

# लोनिवि बंगाणा में टेंडरों की हो रही बंदरबांट : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा के दोनों मंडल की परिचय बैठक में काफी गहमागहमी रही। पूर्व विधायक ने वर्तमान विधायक पर कई आरोप जड़े। रविवार को संपन्न हुई, जिसमें हमीरपुर लोकसभा के सह प्रभारी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ और राजकुमार ने की। बैठक के दौरान भाजपा नेता और पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान भाजपा नेता हमीरपुर लोकसभा के सह प्रभारी सुमित शर्मा ने मुख्यातिथि शिरकत करके संगठन के महत्व को समझाया और पार्टी कार्यकर्ताओं को इसे और अधिक मजबूत करने के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि मंडल संगठन पार्टी की रीढ़ है और इसे जमीनी स्तर पर मजबूत बनाकर ही आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है। कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक भुट्टो ने सुक्खू सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा सुक्खू सरकार ने दस



बंगाणा में भाजपा की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता और नेता।

गारंटियां दी थीं, लेकिन उनमें से एक भी पूरी नहीं हुई।

उन्होंने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि कुटलैहड़ का हर सरकारी कार्यालय अब भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। खासतौर पर लोक निर्माण विभाग बंगाणा में टेंडरों की बंदरबांट हो रही है। चहेतों को मनमाने तरीके से ठेके दिए जा रहे हैं और विकास कार्यों में पारदर्शिता का पूरी तरह अभाव है। भुट्टो ने कुटलैहड़ के कांग्रेस विधायक विवेक शर्मा पर भी तीखा हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विवेक शर्मा झूठ बोलकर विधायक बने हैं और जनता को गुमराह किया है। भुट्टो ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने हाल ही में हुए उपचुनाव में आचार संहिता का खुला उल्लंघन किया। उन्होंने दावा किया कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में हर महिला मंडल को आचार संहिता के दौरान मोटी रकम दी गई। उन्होंने इस मामले को विधानसभा सत्र में भी उठाया और सरकार से इस पर जांच कराने की मांग की। भुट्टो ने कहा अगर सरकार को जरा भी शर्म है, तो इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाए।

इस दौरान मंडलाध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, राजकुमार वर्मा, जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, सूरम सिंह, राजेंद्र ठाकुर, सतीश धीमान, सुषमा ठाकुर, अभय सिंह राणा, रिशु ठाकु र, जोगेंद्र देव आर्य के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकारणी सदस्य मौजूद रहे।

## खुरालगढ़ साहिब में नेत्र चिकित्सा शिविर 23 को

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** बाथड़ी से सटे श्री गुरु रविदास ऐतिहासिक चरण छो गंगा सचखंड अमृत कुंड श्री खुरालगढ़ साहिब में स्वर्गीय संत जगविंदर लांबा की याद में आंखों का मुफ्त मेडिकल चेकअप कैंप आयोजित किया जा रहा है। खुरालगढ़ साहिब के चेयरमैन अध्यक्ष नजर राम व अध्यक्ष संत सुरिंदर दास ने बताया कि स्व. संत जगविंदर लांबा की याद में शंकरा आई हॉस्पिटल लुधियाना के सहयोग से 23 मार्च को आंखों का मुफ्त चेकअप कैंप लगाया जा रहा है। इसमें शंकरा आई हॉस्पिटल लुधियाना के नेत्र रोग विशेषज्ञ मरीजों की जांच करेंगे। यह कैंप सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक होगा।

उन्होंने बताया कि इस दौरान लंगर की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी और चयनित मरीजों का ऑपरेशन अगले दिन शंकरा आई हॉस्पिटल लुधियाना में किया जाएगा। मरीजों के परिवहन एवं वापसी का खर्चा प्रबंधन समिति द्वारा किया जाएगा और ऑपरेशन के उपरांत चश्मे भी मुफ्त दिए जाएंगे।

## जिला स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट टीम के ट्रायल का आयोजन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्थानीय इंदिरा स्टेडियम ऊना में जिला स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट ट्रायल का आयोजन किया गया। इस ट्रायल में लगभग 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल के बाद 38 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 2 अप्रैल से होने वाले क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेंगे।

कैंप में सेलेक्ट खिलाड़ियों में दिव्यांश, नामिष कालिया, नितिन धीमान, अक्षित राणा, ईशान मोदगिल, अरीय संधू, सुमित संधू, कार्तिक, धीरज, प्रिंस, अर्जुन, कार्तिक,समीर सिंह चौहान, करण सैनी, तेजस शर्मा, अर्पित शर्मा, आर्यवीर ठाकुर, निर्भय राणावत, भविष्य, सक्षम धीमान, वैभव शर्मा, अरुण राणा, सारांश, अभिनव, आरव जसवाल, तेजस सोहल, आयुष दुबे, दिव्यांश रायजादा, हर्षित शर्मा, अनिरुद्ध शर्मा, आदित्य सहोड, निशांत शर्मा, सक्षन ठाकुर, अभिषेक विशिष्ट, अतिक्ष, अथर्व शर्मा, आदित्य शर्मा को शामिल किया गया है। खिलाड़ियों का कैंप 20 तारीख को आरंभ होगा।

# भंजाल स्कूल को सोलर लाइट्स देने के लिए जताया विधायक का आभार

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के लिए अटल टिंकरिंग लैब, रोबोटिक्स लेब व सोलर लाइट प्रदान करने के लिए पाठशाला के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया का आभार व्यक्त किया है, साथ ही उन्होंने भंजाल पंचायत के उपप्रधान राजेश ठाकुर का स्कूल को सोलर लाइट देने के लिए आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन समिति के माध्यम से उन्होंने पंचायत को सोलर स्ट्रीट लाइट स्कूल के लिए प्रदान करने का आग्रह किया था और पंचायत ने स्कूल को दो सोलर लाइट्स प्रदान की हैं। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया कि विधायक राकेश कालिया ने स्कूल के लिए अटल टिंकरिंग व रोबोटिक्स लैब भी मंजूर की गई है। उन्होंने इसके लिए स्थानीय विधायक राकेश

**भंजाल स्कूल प्रशासन ने स्थानीय पंचायत को भी कहा थैंक्स**

कालिया का आभार व्यक्त किया है, साथ ही उन्होंने बताया कि भंजाल स्कूल के लिए विधायक निधि से शौचालयों के लिए भी बजट का प्रावधान किया है, इसके लिए भी स्कूल प्रशासन ने विधायक राकेश कालिया का आभार व्यक्त किया है।

इसके अतिरिक्त स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया कि भंजाल स्कूल में छात्रों की संख्या बड़े इसके लिए स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा प्रयास शुरू कर दिए हैं और इसके बारे में लोगों को जागरूक करने का अभियान भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस पुनीत कार्य में स्थानीय स्कूल प्रबंधन समिति, पंचायत व आम लोगों का भी काफी सहयोग मिल रहा है ।

# प्रदेश में गन कल्चर से आमजन में पसरा डर : सुमित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रदेश भाजपा सचिव एवं संसदीय क्षेत्र सह प्रभारी सुमीत शर्मा ने मंडल कार्यकर्ताओं को कहा कि कांग्रेस की आपसी खींचतान में जहां अभी तक प्रदेश की जनता पिस रही है वहीं अब तो जन प्रतिनिधि, पूर्व विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों का जीवन भी खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा इस खींचातानी के कारण प्रदेश की कानून व्यवस्था, व्यवस्था परिवर्तन के राज में ध्वस्त होती जा रही है।

खनन माफिया, भू-माफिया, वन माफिया, ट्रांसफर माफिया सहित अब तो रंगदारी और गन कल्चर भी प्रदेश में पांव पसारता हुआ प्रतीत हो रहा है और आए दिन मर्डर, किडनैपिंग और महिला अत्याचार बेधड़क बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस के विधायक, कांग्रेस के मंत्री इत्यादि सभी की आपसी खींचतानी से ग्रस्त हैं। इस कारण जनता के स्वाभाविक होने वाले काम प्रशासनिक अधिकारियों की नीरसता के कारण नहीं हो रहे, वहीं लचर कानून व्यवस्था के चलते आज



प्रदेशवासी डर के साए में जीने को मजबूर हैं और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए ऐसे हमलों से चिंताग्रस्त व परेशान है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार का आर्थिक कुप्रबंधन भी ऐसे लूटमार और हमलों के लिए जिम्मेदार है। वर्तमान सरकार प्रति वर्ष एक लाख रोजगार की बात करके सत्ता में आई थी, लेकिन गलत नीतियों के कारण रोजगार देने में असफल हो रही सरकार के कारण आज की युवा पीढ़ी नशाखोरी और ऐसे कुकृत्य में शामिल हो रही है, जिससे देवभूमि प्रदेशक्रो राष्ट्रीय स्तर पर शर्मसार होना पड़ रहा है। कांग्रेस के नेताओं द्वारा की गई झूठी घोषणाओं के चलते आज प्रदेश का ऋण एक लाख करोड़ से ऊपर चला गया है।

सुमित ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व सिर्फ अपने दोस्तों के ऊपर बहुत मेहरबानियां कर रहा है जिनका आर्थिक बोझ प्रदेश के युवाओं पर हो रहा है। सुमित ने कहा प्रदेश सरकार के 3 साल पूरे होने जा रहे हैं और उनकी नाकामियों का जिक्र घर-घर ज कर करेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो, मंडलाध्यक्ष राजिंदर मलागढ़, राजकुमार वर्मा, जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य मौजूद रहे।

# महिला मोर्चा सचिव बनी नेहा ठाकुर धर्म-संस्कृति के कार्यों को देंगी बढ़ावा

**अनंत ज्ञान, अंब**

राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच ने हाल ही में उपमंडल अंब के पंजोआ लाड़ोली पंचायत की नेहा ठाकुर को महिला मोर्चा के जिला सचिव के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति के साथ, मंच ने महिला सशक्तिकरण और धर्म की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। नेहा ठाकुर की महिला मोर्चा जिला सचिव के रूप में नियुक्त की गई और नवनियुक्त पदाधिकारी को मंच के उद्देश्य और कार्यों में योगदान देने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति को लेकर मंच ने उम्मीद जताई है कि यह कदम समाज में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगा और धार्मिक कार्यों में भी महिलाओं की भूमिका को और प्रभावी बनाएगा।



नियुक्ति पर राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि महिलाओं को धर्म के प्रति जागरूक करना और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना इस संस्था की प्राथमिकता है। नई जिला सचिव को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वह स्थानीय स्तर पर धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के कार्यों को बढ़ावा दें और महिलाओं के बीच जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करें। इस नियुक्ति के साथ मंच की योजना है कि वह आगामी दिनों में महिलाओं के लिए विशेष धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करें ताकि महिलाएं समाज में एक सकारात्मक बदलाव ला सकें।

वहीं, नेहा ठाकुर ने राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच की ओर से मिले नवीन दायित्व पर राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के सभी वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है व उन्होंने कहा है कि मुझे जो जिम्मेदारी मंच द्वारा सौंपी गई है, उसको मैं पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाउंगी।

**आयोजन** कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खूब समां बांधा

# विधायक ने नवाजे हिमोत्कर्ष कॉलेज के मेधावी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लाला जगत नारायण हिमोत्कर्ष राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रमन जसवाल ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विधायक विवेक शर्मा ने मेधावी बच्चों को पुरस्कारों से सम्मानित किया। मंच संचालन प्रो. डॉ. देविंदर कुमार और प्रो. कनिका शर्मा ने किया। प्राचार्य डॉ. रमन जसवाल ने महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 प्रस्तुत की और महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों एवं गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि



विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में वार्षिक पारितोषिक वितरण के कार्यक्रम आयोजित करने से बच्चों के मन में जीवन में लक्ष्य हासिल करने की सीख मिलती है।

उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खूब समां बांधा। इस कार्यक्रम में शैक्षणिक पुरस्कारों में बीए से रंजना देवी प्रथम, प्रकृति ठाकुर द्वितीय और पूजा तृतीय स्थान पर रहीं, बीकॉम से कविता प्रथम कृतिका द्वितीय और अंजलि तृतीय स्थान पर रहीं।

बीसीए से विशाखा सैनी प्रथम, सिमरन द्वितीय और खुशबू तृतीय स्थान पर रहीं, बीबीए से अंशू मनकोटिया प्रथम, मोनिका देवी द्वितीय और दीक्षा तृतीय स्थान पर रहीं। सर्वश्रेष्ठ एथलीट का पुरस्कार सोनिया कुमारी बीसीए छठे सेमेस्टर को दिया गया। इस मौके पर समाज सेविका मृदु शर्मा, हिमोत्कर्ष परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, डॉ. एसके बंसल, पीटीए प्रधान करनैल सिंह, राम आसरा शर्मा, देशराज गौतम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# समाज कल्याण विभाग ने दी सामाजिक सुरक्षा पेंशन, लाभार्थियों के चेहरे खिले

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

समाज कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत लाभार्थियों के खातों में पेंशन की राशि स्थानांतरित कर दी गई है। इससे हजारों वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को राहत मिली है। पेंशन की राशि खाते में आते ही लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। तहसील कल्याण अधिकारी विवेक ने बताया कि सरकार समाज के कमजोर तबके को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और समय-समय पर इस योजना के तहत सहायता राशि जारी की जाती है।

लाभार्थियों में सत्या देवी, बीना देवी, अनीता कुमारी, कांशी राम, मनीष चंद, भागो देवी, कमलेश कुमारी, बिमला देवी, सत्या देवी, ललित कुमार समेत कइयों ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि इस पेंशन से उनकी आजीविका में सहारा मिलता है, जो पिछले कई वर्षों से इस योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पेंशन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे दवा और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी हो जाती हैं। तहसील कल्याण अधिकारी विवेक ने बताया कि यदि किसी लाभार्थी को पेंशन न मिली हो, तो वे निकटतम समाज कल्याण कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। सरकार का उद्देश्य है कि सभी पात्र व्यक्तियों को समय पर लाभ मिले और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।

कुटलैहड़ के योजना से लाभान्वित लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू और उनकी सरकार का आभार व्यक्त किया है। जनता का कहना है कि इस योजना के कारण उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। कई बुजुर्गों और जरूरतमंदों ने कहा कि अब उन्हें अपने भविष्य की चिंता नहीं करनी पड़ रही, क्योंकि सुक्खू सरकार उनकी देखभाल कर रही है। सुक्खू सरकार का दावा है कि आने वाले समय में इस योजना को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें। सुक्खू सरकार का यह कदम गरीबों और जरूरतमंदों के जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### लाहिड़ी 25वें स्थान पर रहे, नीमन ने साल का दूसरा खिताब जीता

**सिंगापुर।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने रविवार को यहां एलआईवी गोल्फ सिंगापुर में तीसरे और अंतिम दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेलकर संयुक्त रूप से 25वां स्थान हासिल किया। पहले दो दिन 70 और 72 का स्कोर बनाने वाले लाहिड़ी ने अंतिम राउंड में दो बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाई। जोकिन नीमन (65) ने ब्रूक्स कोएप्का (66) पर पांच शॉट की बड़ी जीत हासिल करके खिताब जीता। बेन कैंपबेल तीसरे स्थान पर रहे। नीमन का सत्र की पहली कर प्रतियोगिताओं में यह दूसरी जीत है। उन्होंने फरवरी में एलआईवी गोल्फ एडिलेड भी जीता था।

### अवनि ने 65 का कार्ड खेला, संयुक्त 13वें स्थान पर रहीं



**कोफ्स हार्बर (ऑस्ट्रेलिया)।** भारतीय महिला गोल्फर अवनि प्रशांत ने ऑस्ट्रेलियाई वुमेन्स क्लासिक के अंतिम दौर में पांच अंडर 65 का शानदार कार्ड बनाया जिससे वह लेडीज यूरोपीय टूर में पदार्पण सत्र में शीर्ष 15 में शामिल रहीं। अवनि ने इससे पहले 72-70 के कार्ड खेले थे जिससे उनका कुल स्कोर तीन अंडर 207 का रहा। वह विजेता रहीं मैनन डि रोए से छह शॉट पीछे रहीं जिन्होंने अंतिम होल में बर्डी लगाकर कारा गेनर को पीछे छोड़ते हुए खिताब जीता। कट हासिल करने वाली एक अन्य भारतीय प्रणवी उर्स ने 72 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 65वें स्थान पर रहीं। दीक्षा डागर कट में जगह नहीं बना सकी थीं।

**विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल**

### भारत ने 33 पदक के साथ अभियान खत्म किया

**नई दिल्ली।** भारत ने अंतिम दिन चार स्पर्धाओं में 12 पदक जीतकर इटली के तूरिन में चल रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में अपना अभियान कुल 33 पदकों के साथ खत्म किया। भारत ने आठ स्वर्ण, 18 रजत और सात कांस्य पदक जीते। स्नोशूइंग में भारत ने पहले जीते गए छह पदक में चार और पदक जोड़े। वासु तिवारी, शालिनी चौहान और तान्या ने 25 मीटर स्नोशूइंग स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि जहांगीर ने इसी वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। अल्पाइन स्कीइंग वर्ग में भी भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें राधा देवी और निर्मला देवी ने इंटरमीडिएट स्लालोम (क्रमशः एफ01 और एफ04) में रजत पदक जीते जबकि अभिषेक कुमार ने नोविस स्लालोम (एम02) में एक और रजत पदक हासिल किया। आकृति ने क्रॉस कंट्री स्कीइंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर क्लासिकल टेक्नीक (एफ02 वर्ग) में कांस्य पदक जीता। फ्लोरबॉल स्पर्धा में भारतीय महिला टीम ने कांस्य पदक जीता। भारत ने स्नोशूइंग और अल्पाइन स्कीइंग में 10-10 पदक जीते जबकि स्नोबोर्डिंग में छह पदक हासिल किए। शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग और फ्लोरबॉल ने देश को क्रमशः चार, दो और एक पदक दिलाया।

### शामिया आरजू अपने पति हसन अली संग

**पाकिस्तान।** पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन अली की पत्नी शामिया आरजू खूबसूरती के मामले में मॉडल्स से कम नहीं है। शामिल बेशक लाइमलाइट से दूर रहती हैं, लेकिन उनके स्टाइल और लुक्स की लोग खूब तारीफें करते हैं।



# सचिन का 13 साल बाद भी नहीं टूट पाया शतकों के शतक का रिकॉर्ड

## एक साल तक दबाव झेलने के बाद सचिन ने बनाया था महारिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने आज ही के दिन 16 मार्च 2012 को इतिहास रचा था। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में शतकों का शतक बनाया था। वह ऐसा करने वाले पहले बैटर बने थे और आज तक इस रिकॉर्ड को कोई और बना भी नहीं सका है।

बांग्लादेश के खिलाफ शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में एशिया कप मैच में भारत की तरफ से ओपनर तेंदुलकर ने 147 गेंदों का सामना करते हुए 114 रन बनाए। उनकी पारी में 12 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। बता दें कि सचिन को संन्यास लिए हुए काफी समय हो गया हो, लेकिन वह दुनिया के एकलौते ऐसे बल्लेबाज हैं, जिनके नाम अंतरराष्ट्रय क्रिकेट में 100 शतक लगाने का रिकॉर्ड हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में 100 शतक लगाने का रिकॉर्ड सिर्फ सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज हैं।

सचिन तेंदुलकर ने भारत की तरफ से 1989 से 2013 तक के दौरान 664 मैच में 782 पारियों में 100 इंटरनेशनल शतक लगाए। विराट कोहली का नाम दूसरे स्थान पर हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने के मामले में दूसरे पायदान पर हैं। उन्होंने 547 मैचों में 82 शतक अब तक लगाए हैं, लेकिन वह सचिन से काफी पीछे हैं। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का नाम है, जिन्होंने 71 अंतरराष्ट्रय शतक लगाए हैं।

16 मार्च 2012 को एशिया कप मैच में बांग्लादेश के खिलाफ सचिन तेंदुलकर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 शतक पूरे करने का रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने इस मैच में 147 गेंदों पर 114 रन बनाए थे, जिससे भारत पांच विकेट खोकर 289 रन बनाने में कामयाब हुआ था। हालांकि, सचिन की उस पारी के बावजूद भारत को जीत नहीं मिली और बांग्लादेश की टीम ने 5 विकेट से जीत हासिल कर दी थी। आज 13 साल बीत चुके है, जब सचिन ने यह ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया था। बीसीसीआई ने एक्स पर सचिन की उस यादगार पारी को लेकर पोस्ट किया है।

### 369 दिन और 23 मैचों का किया इंतजार

**तेंदुलकर** का 100वां शतक करीब 369 दिनों और 23 मैचों के इंतजार के बाद आया था। उन्होंने अपने पहले और 100वें शतक के अंतर पर कहा था कि उन्हें पहले शतक लगाने के बाद कभी एहसास नहीं हुआ कि 99 और शतक लगेंगे। जब मैं 99 शतकों पर अटका हुआ था, तो कई लोगों ने मुझे सलाह देने की कोशिश की कि मुझे क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, लेकिन मुझे यह एहसास नहीं हुआ कि मेरे पीछे 99 शतक हैं। पहले और 100वें शतक के बीच यही अंतर था। बता दें कि सचिन ने 16 नवंबर 2013 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने अपने करियर में कुल 463 वनडे मैच खेलते हुए 18426 रन बनाए थे। 200 टेस्ट मैच में सचिन ने 15921 रन बनाए और एक टी20 इंटरनेशनल मैच में उन्होंने 10 रन बनाए।

# शेफाली-लैनिंग के शुरुआती विकेटों से मैच हमारे पक्ष में हो गया : एडवर्ड्स

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई इंडियंस की मुख्य कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के विकेट जल्दी चटकाने से उनकी टीम को महिला प्रीमियर लीग फाइनल जीतने में मदद मिली। लैनिंग 13 और शेफाली चार रन बनाकर उस समय आउट हुईं जब स्कोर बोर्ड पर 17 रन टंगे थे। जीत के लिये 150 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम नौ विकेट पर 141 रन ही बना सकी।




एडवर्ड्स ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,''हमें पता था कि 150 रन का लक्ष्य ज्यादा बड़ा नहीं होगा, लेकिन फाइनल में यह बुरा भी नहीं था। शेफाली अपना चिर परिचित प्रदर्शन नहीं कर सकी और मुझे पता था कि उसका विकेट लेने के बाद हमारे लिये मौका है।'' उन्होंने कहा,''लैनिंग और शेफाली की शुरुआती साझेदारी हमारे लिए पिछले कुछ साल में सिरदर्द रही थी और उन दोनों को जल्दी आउट करने से मदद मिली। यह टीम प्रयासों का नतीजा है।''

इंग्लैंड की पूर्व कप्तान एडवर्ड्स ने 44 गेंद में 66 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर की तारीफ करते हुए कहा,''वह शांतचित्त होकर खेल रही थी। वह काफी प्रतिस्पर्धी है और एक और खिताब जीतना चाहती थी जिसके लिए उसने पूरा प्रयास किया। वह युवा खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराती है और विदेशी तथा अनुभवी खिलाड़ियों के साथ बखूबी काम करती है।''

# घरेलू क्रिकेट की फॉर्म आईपीएल में भी जारी रखना चाहते हैं करुण नायर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू क्रिकेट में सभी प्रारूप में शानदार प्रदर्शन करने वाले अनुभवी बल्लेबाज करुण नायर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी अच्छी फार्म जारी रखकर अपनी टीम दिल्ली कैपिटल्स को पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाना चाहते हैं।

नायर घरेलू क्रिकेट में विदर्भ के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में खेली जाने वाली विजय हजारे ट्रॉफी में नौ मैच में 389.50 की औसत से 779 रन बनाए जिसमें पांच शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में भी अपनी यह फॉर्म जारी रखी और 57.33 की औसत से 860 रन बनाए, जिसमें चार शतक शामिल हैं। उन्होंने केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में नाबाद 132 रन बनाकर अपनी टीम को चैंपियन बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिल्ली कैपिटल्स ने आगामी आईपीएल से पहले उन्हें 50 लाख रुपए में खरीदा।



नायर ने यहां पत्रकारों से कहा, ''मैं दिल्ली कैपिटल्स की टीम में वापसी करके वास्तव में बहुत खुश हूं। मैं टीम से जुड़ने और खेलने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं प्रत्येक मैच को पिछले मैच की तरह महत्वपूर्ण मानकर चलूंगा। मैंने बहुत अधिक बदलाव नहीं किए और केवल प्रक्रिया पर भरोसा रखा तथा पूरे सत्र के दौरान ऐसा करना जारी रखा। इस सत्र के लिए यही मेरी रणनीति थी।''

उन्होंने कहा, ''मैं जितनी जल्दी हो सके अपनी प्रक्रिया, अपनी लय हासिल कर लूंगा और मैं जल्दी अच्छी शुरुआत करना चाहूंगा और जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा मैं बेहतर होने की कोशिश करूंगा।

# अल्काराज को हराकर ड्रेपर इंडियन वेल्स फाइनल में

**एजेंसी, इंडियन वेल्स**

जैक ड्रेपर ने दो बार के गत चैम्पियन कार्लोस अल्काराज को 6-1, 0-6, 6-4 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। 13वीं वरीयता प्राप्त ड्रेपर का सामना अब 12वीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने से होगा । रूने ने पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव को 7-6, 6-4 से मात दी जो टूर पर उनकी 150वीं जीत थी।

महिला वर्ग के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका का सामना 17 वर्ष की मिर्रा आंद्रीवा से होगा। ड्रेपर ने इस जीत के साथ एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अल्काराज के 16 मैचों के विजय अभियान पर रोक लगा दी।



# न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में पाकिस्तान को नौ विकेट से हराया

**एजेंसी, क्राइस्टचर्च**

न्यूजीलैंड ने पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान को नौ विकेट से हरा दिया। अपनी मेजबानी में हुई 50 ओवरों के प्रारूप की चैंपियंस ट्रॉफी में एक भी मैच नहीं जीत पाने के बाद पाकिस्तान की टीम में कई बदलाव किये गए हैं। सलमान आगा पहली बार कप्तानी कर रहे हैं और अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी में अब हर सीरीज अहम है।

पाकिस्तानी टीम न्यूजीलैंड के तेज आक्रमण का सामना नहीं कर सकी और 18.4 ओवर में 91 रन पर आउट हो गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान का पांचवां न्यूनतम स्कोर है। न्यूजीलैंड ने 10.1 ओवर में एक विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल कर लिया। टिम सीफर्ट ने 29 गेंद में 44 और फिन एलेन ने 17 गेंद में 29 रन बनाए। टिम रॉबिनसन 18 रन बनाकर नाबाद रहे।




मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम की जगह खेल रहे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस और हसन नवाज खाता भी नहीं खोल सके। पहले छह ओवर में पाकिस्तान का स्कोर चार विकेट पर 14 रन था। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन ने आठ रन देकर तीन और जैकब डफी ने 14 रन देकर चार विकेट लिए। दूसरा मैच मंगलवार को डुनेडिन में खेला जाएगा।

### डब्ल्यूपीएल फाइनल हारने के बाद दिल्ली के मुख्य कोच बोले-

# शायद मैच का दबाव नहीं झेल पाई टीम

**एजेंसी, मुंबई**

दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच जोनाथन बैटी ने महिला प्रीमियर लीग में लगातार तीसरा फाइनल हारने के बाद कहा कि शायद उनकी टीम दबाव का सामना नहीं कर सकी। दिल्ली कैपिटल्स फाइनल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 150 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ रन से चूक गई। इससे पहले दो सत्रों में उसे आरसीबी और मुंबई ने ही हराया था। कोच ने मैच के बाद कहा,''सभी बहुत आहत हैं। मुझे लगता है कि इस विकेट पर 150 रन का लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। बड़ा मैच, फाइनल खेलने का दबाव शायद खिलाड़ी झेल नहीं पाए, लेकिन मुंबई को जीत का श्रेय जाता है जिन्होंने इस स्कोर का भी बचाव कर लिया।'' उन्होंने कहा,''उन्होंने हमारे लिए काफी कठिन कर दिया और हम कभी दबाव बना नहीं पाए।''




उन्होंने कहा कि पिछले दो फाइनल हारने का उनकी टीम पर कोई मनोवैज्ञानिक दबाव नहीं था। उन्होंने कहा,''सभी लड़कियां काफी सकारात्मक थीं। मैं उन्हें दोष नहीं देता। ऐसी नकारात्मक बातें हो रही थी कि पिछले दो फाइनल हारने का कोई दबाव है, लेकिन ऐसा नहीं था। वे सभी काफी सकारात्मक और आत्मविश्वास से भरी थीं।'' उन्होंने कहा,''कोई मानसिक गतिरोध नहीं था। हमने इस विकेट पर उन्हें 149 रन पर रोक दिया जबकि 180 रन बन सकते थे। हम हार से आहत हैं और आत्ममंथन में समय लगेगा कि गलती कहां हुई। लगातार दो कड़े मुकाबले खेलें हैं और यह इतना करीबी मैच था कि बस आठ रन यानी दो चौकों के अंतर से हारे।''


# मैकलारेन के लैंडो नौरिस ने ऑस्ट्रेलियाई ग्रां प्री जीती

**एजेंसी, मेलबर्न**




मैकलारेन के लैंडो नौरिस ने वर्षाबाधित ऑस्ट्रेलियाई ग्रां प्री जीत ली जबकि रेडबुल के मैक्स वेरस्टाप्पेन मामूली अंतर से चूक गए। फेरारी के लिये पदार्पण करने वाले सात बार के चैम्पियन लुईस हैमिल्टन निराशाजनक दसवें स्थान पर रहे।

सत्र की पहली रेस 2010 के बाद पहली बार मेलबर्न में बारिश के बीच आयोजित की गई। वेरस्टाप्पेन पहला स्थान पाने से 0.865 सेकंड से चूक गए। मर्सीडीज के जॉर्ज रसेल तीसरे स्थान पर रहे। मैकलारेन ने ऑस्ट्रेलिया ग्रां प्री में 12वीं बार जीत दर्ज करके फेरारी का रिकॉर्ड भी तोड़ा। उसके दूसरे ड्राइव आंद्रिया किमि एंटोनेली पांचवें स्थान पर रहे।



**भावुकता** बीसीसीआई ने दौरों पर परिवार साथ रखने पर लगाई है पाबंदी

# कोहली बोले-मुश्किल दौर में खिलाड़ी के लिए परिवार अहम

**एजेंसी, बेंगलुरु**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम के दौरों पर खिलाड़ियों के परिवारों की मौजूदगी का समर्थन करते हुए कहा कि वह अपने होटल के कमरे में अकेले उदास रहने के बजाय मैदान पर मुश्किल और तनावपूर्ण दिनों से निपटने के लिए हमेशा अपने पास व्यक्तिगत समर्थन रखना पसंद करेंगे। भारत को ऑस्ट्रेलिया से टेस्ट सीरीज में मिली 1-3 की हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी निर्देश में 45 दिन से अधिक के दौरे पर खिलाड़ियों के परिवार के साथ समय बिताने की सीमा 14 दिन तक सीमित कर दी थी।

इसके अनुसार खिलाड़ियों की पत्नी, बच्चे या महिला मित्र छोटे दौरों पर अधिकतम एक हफ्ते तक उनके साथ रह सकते हैं। हाल में खत्म हुई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कोहली, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद शमी के परिवार दुबई में थे, लेकिन वे टीम होटल में नहीं रुके और परिवारों के ठहरने का खर्च खिलाड़ियों ने उठाया, बीसीसीआई ने नहीं। कोहली ने आरसीबी के 'इनोवेशन लैब' सम्मेलन के दौरान कहा, ''लोगों को परिवार की भूमिका समझाना बहुत मुश्किल है। हर बार जब आप किसी तनावपूर्ण स्थिति में होते तो अपने परिवार के पास वापस आना कितना महत्वपूर्ण होता है। मुझे नहीं लगता कि लोगों को इसकी अहमियत की समझ है।''



कोहली ने कहा कि परिवार के साथ होने से खिलाड़ी को मैदान पर मिली निराशा से जल्दी उबरने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, ''मैं अपने कमरे में जाकर अकेले बैठकर उदास नहीं रहना चाहता। मैं सामान्य होना चाहता हूं। तभी आप अपने खेल को एक जिम्मेदारी के रूप में ले सकते हैं।'' कोहली ने कहा, ''आप बाहर की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करते हैं और फिर आप अपने घर वापस आते हैं, आप परिवार के साथ होते हैं और आपके घर में माहौल बिलकुल सामान्य होता होती है और सामान्य पारिवारिक जीवन चलता रहता है।''

उन्होंने कहा, ''इसलिए मेरे लिए यह बहुत खुशी का दिन होता है। जब भी संभव होता है, मैं अपने परिवार के साथ बाहर जाने और समय बिताने का कोई अवसर नहीं छोड़ता।'' कोहली ने इस बात से निराश थे क्योंकि ऐसे मुद्दों से जिसका कोई संबंध भी नहीं था, वो लोग भी इन चर्चाओं में शामिल रहे हैं। इस 36 साल के खिलाड़ी ने कह, ''मुझे इससे बहुत निराशा हुई क्योंकि जिनका इस मामले में कोई लेना देना नहीं था, उन्हें भी चर्चा में शामिल किया गया जिन्होंने कहा, ''ओह, शायद खिलाड़ियों को परिवार से दूर रखा जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''और अगर आप किसी खिलाड़ी से पूछें कि क्या आप चाहते हैं कि आपका परिवार हर समय आपके आस-पास रहे? तो वे 'हां' ही कहेंगे।'' दुनिया के सबसे फिट क्रिकेटरों में से एक कोहली ने अपने परिवार के साथ मजबूत रिश्तों की बात बताते हुए कहा कि अपनी मां को अपने फिटनेस रूटीन के बारे में समझाना मुश्किल था। उन्होंने कहा, ''टीम के दृष्टिकोण से फिटनेस के लिए 'सपोर्ट सिस्टम' इतना कठिन नहीं था। लेकिन मेरी मां को यह समझाना इससे कहीं ज्यादा मुश्किल था कि मैं क्या कर रहा था। वह इस बात से बहुत निराश थीं कि मैं कोई परांठा नहीं खा रहा था और मैं मैदान पर दुबला दिख रहा था।''

कोहली ने कहा, ''और दूसरे देशों में खेलने वाले लोग मुझसे पूछ रहे थे कि मैं कैसे ट्रेनिंग कर रहा हूं और मैं अब इतना फिट कैसे हूं। और मेरी मां मुझे कह रही थी कि मैं दुबला दिख रहा हूं। मुझे उन्हें समझाना पड़ा कि सब कुछ ठीक है, मैं बीमार नहीं हूं, चिंता मत करो। यह ज्यादा मुश्किल था।''